CMYK

तापमान अधिकतम :33°C न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 73,847.15 निफ्टी 22,399.15
सोना 92,565 चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 241 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 12 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**सात दिन में ही बैकफुट पर आए ट्रम्प**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**धीमी ओवर गति के लिए संजू सैमसन पर लगा 24 लाख जुर्माना**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# दिल्ली-NCR में मौसम ने अचानक बदली करवट

## धूल भरी आंधी के बाद कई जगह हुई बारिश, लोगों को मिली गर्मी से राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में गुरुवार की शाम अचानक मौसम खुशनुमा हो गया है। धूल भरी आंधी चलने के बाद कई जगह बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

मौसम विभाग ने बुधवार को ही हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना जताई थी। साथ ही गरज के साथ बिजली चमकने के आसार जताए थे। दिल्ली में गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.9 डिग्री अधिक 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे अधिक तापमान आया नगर में दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके अलावा पालम, सफदरजंग, आया नगर में भी पारा 40 डिग्री के पार रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव आया है। ऐसे में तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट होगी।

### देश के 20 राज्यों में आंधी -बारिश जारी
### बिजली गिरने से यूपी में 6 और बिहार में 22 की मौत

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बाद देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों में मौसम बदला है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश में बुधवार शाम से ही रुक-रुक कर बारिश जारी है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश के 20 से ज्यादा राज्यों में गुरुवार को आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई थी। लखनऊ, कानपुर समेत यूपी के 25 जिलों में बारिश हुई है। यहां बिजली गिरने से छह की मौत हो गई है। मरने वालों में फतेहपुर के 2 बच्चे, फिरोजाबाद की एक महिला और सीतापुर का एक किसान शामिल है। वहीं, बिहार में बीते 24 घंटे में आकाशीय बिजली गिरने से 22 की मौत हुई हैं। गुरुवार को 32 जिलों में येलो अलर्ट था। आईएमडी के मुताबिक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में हीटवेव की संभावना है। हालांकि, पश्चिमी विक्षोभ के चलते राजस्थान के 16 जिलों में बारिश के आसार हैं। मप्र में भी लू के बीच बुधवार को ओले गिरे और हल्की बारिश हुई।

# भविष्य के युद्धों के लिए तैयार रहें सशस्त्र बल: राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि निरंतर बदलती परिस्थितियों और साइबर, अंतरिक्ष तथा सूचना युद्ध के पारंपरिक अभियानों का रूप लेने की संभावना के मद्देजनर सशस्त्र बलों को एकजुट होकर काम करते हुए भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन में रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के 80वें स्टाफ कोर्स के दीक्षांत समारोह में भारत और मित्र देशों के सशस्त्र बलों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीति को तीन प्रमुख मापदंडों राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक प्रमुख धुरी, वैश्विक परिदृश्य में फैलती तकनीकी सुनामी और नवाचार में तेजी द्वारा फिर से परिभाषित किया जा रहा है।

## भारत-पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा के मुद्दों पर की चर्चा

**श्रीनगर।** भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के चक्कन-दा-बाग में आयोजित फ्लैग मीटिंग में नियंत्रण रेखा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। सेना ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि फ्लैग मीटिंग डीजीएमओ की दोनों पक्षों के बीच समझ के अनुसार नियमित नियंत्रण रेखा और सीमा प्रबंधन प्रक्रिया है। गुरुवार की बैठक नियंत्रण रेखा पर नियमित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई। इससे पहले, 21 फरवरी को, भारत और पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग प्वाइंट पर ब्रिगेडियर स्तरीय फ्लैग मीटिंग में सीमा पर शांति के लिए संघर्ष विराम समझौते की पवित्रता बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की थी।

## दिल्ली में आयुष्मान कार्ड का वितरण हुआ शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना - आयुष्मान भारत के अंतर्गत गुरुवार को आयुष्मान कार्ड वितरण की शुरुआत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में चयनित लोगों को आयुष्मान योजना कार्ड दिए गए। इस कार्ड से दिल्ली के 36 लाख से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल सकेगा। योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को पांच लाख रुपये का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा मिलेगा।

## भारत ने सीमा चौकी से बांग्लादेश के ट्रकों का प्रवेश रोका

**ढाका/नई दिल्ली।** भारत ने पश्चिम बंगाल सीमा से सटे बेनापोल लैंड पोर्ट चेक पोस्ट के रास्ते माल के साथ आ रहे बांग्लादेश के चार ट्रकों को वापस भेज दिया है। यह कार्रवाई बांग्लादेश को दूसरे देश में माल भेजने के लिए दी गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा (भारतीय मार्ग से आवाजाही की छूट) रद्द किए जाने के एक दिन बाद की गई है। बांग्लादेश के टीवी समाचार चैनल बीडी न्यूज 24 की रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश के जेसोर जिले में बेनापोल पोर्ट के उप निदेशक रशीदुल साजिब नजीर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा मंगलवार को ट्रांसशिपमेंट सुविधा को रद्द करने के कारण पेट्रापोल कस्टम्स (भारतीय पक्ष) ने तीसरे देश के माल को अपने सीमा से ले जाने की मंजूरी देने से इन्कार कर दिया।

## डेटा संरक्षण अधिनियम की एक धारा निरस्त करें

**नई दिल्ली।** इंडिया समूह के नेताओं ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम की धारा 44 (3) को सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम और प्रेस की आजादी के विरुद्ध बताते हुए गुरुवार को इसे निरस्त करने की मांग की।

# दिल्ली पहुंचा तहव्वुर

## पाकिस्तान ने बनाई दूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के भारत पहुंचने के बाद पहली तस्वीर सामने आई है, जिसमें नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) के अधिकारी उसे पकड़े नजर आ रहे हैं। राणा को गुरुवार शाम करीब 6.30 बजे अमेरिकी गल्फस्ट्रीम जी-550 विमान से भारत लाया गया।

यह विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां से उसे सीधे एनआईए हेडक्वार्टर ले जाया गया। इससे पूर्व राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को तहव्वुर हुसैन राणा को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी उसके अमेरिका से सफल प्रत्यर्पण के बाद आईजीआईए, नई दिल्ली पहुंचने के तुरंत बाद की गई। राणा को दिल्ली के पालम एयरपोर्ट के गेट नंबर 4 से बाहर लाया गया, जहां से उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाया गया। स्पेशल एनआईए जज चंद्रजीत सिंह की अदालत में शुक्रवार (आज) सुबह 8 बजे के बाद उसकी पेशी तय की गई है। राणा की सुरक्षा में दिल्ली पुलिस के कमांडो तैनात किए गए हैं। कोर्ट में पेशी के बाद एनआईए उसकी कस्टडी की मांग करेगी। सुरक्षा कारणों से दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू मेट्रो स्टेशन का गेट नंबर 2 बंद कर दिया गया है और आसपास की आवाजाही पर रोक लगाई गई है। जेल सूत्रों के मुताबिक, राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई

- दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर एनआईए ने औपचारिक तौर पर गिरफ्तार किया, आज होगी स्पेशल एनआईए कोर्ट में पेशी

सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी एनआईए और खुफिया एजेंसी रॉ की एक ज्वाइंट टीम तहव्वुर राणा को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी। मुंबई हमले में आतंकियों ने ताजमहल होटल को भी निशाना बनाया था। यहां 31 लोग मारे गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही स्वैट कमांडोज को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद है। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। उसने अपनी याचिका में खुद को पार्किंसन बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर भारत डिपोर्ट किया गया, तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है। पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाते हुए कहा कि वह कनाडा का नागरिक है।



### तहव्वुर राणा मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र मान विशेष अभियोजक नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा के खिलाफ न्यायालय में सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र मान को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया है। तहव्वुर राणा को विशेष विमान से अमेरिका से भारत लाया गया। एनआईए पूछताछ और अभियोजन के लिए उसकी हिरासत की मांग करेगी। केंद्र द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि एनआईए मामले से संबंधित मुकदमे और अन्य मामलों के लिए नरेंद्र मान विशेष अभियोजक होंगे। वह इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीन साल की अवधि या उक्त मामले की सुनवाई पूरी होने तक, जो भी पहले हो, काम करेंगे।

# वक्फ कानून पर 16 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ 16 अप्रैल को याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

सीजेआई के अलावा जस्टिस संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन तीन जजों की उस बेंच का हिस्सा होंगे, जो वक्फ कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। केंद्र ने शीर्ष अदालत में कैविएट दायर की थी और मामले में कोई भी आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष सुनने की मांग की थी। कैविएट किसी पक्ष की ओर से उच्च न्यायालयों और शीर्ष अदालत में यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की जाती है कि उसे सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए। राजनेताओं और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलमा-ए-हिंद सहित 10 से अधिक याचिकाएं शीर्ष अदालत में नए कानून की वैधता को चुनौती देने के लिए दायर की गई थीं।तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने भी वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सम्भल से समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउररहमान बर्क ने भी हाल ही में इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी, 'आप' नेता अमानतुल्लाह खान, एसोसिएशन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, अरशद मदनी, समस्त केरल जमीयतुल उलेमा, अंजुम कादरी, तैयब खान सलमानी, मोहम्मद शफी, मोहम्मद फजलुर्रहीम और आरजेडी नेता मनोज कुमार झा, फैयाज अहमद ने भी इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत का रुख किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड , जमीयत उलमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और मोहम्मद जावेद इस मामले में अन्य प्रमुख याचिकाकर्ता हैं।

### सीजेआई खन्ना के अलावा जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की तीन जजों की बेंच याचिकाओं पर करेगी सुनवाई

## बंगाल: वक्फ कानून पर हिंसा में 22 गिरफ्तार

**कोलकाता।** वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 8 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 8 आरोपियों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी), आनंद राय ने बताया कि हिंसा को लेकर पुलिस ने अपने आप संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उन्होंने बुधवार को इलाके का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। दरअसल, प्रदर्शनकारियों ने 8 अप्रैल को वक्फ कानून के विरोध में कई वाहनों को आग लगा दी थी। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल थी। झड़प में प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

# अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता सकारात्मक दिशा में

**मुंबई।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ पर 90 दिनों की रोक की घोषणा के बाद गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता अच्छी गति से आगे बढ़ रही है और भारत टैरिफ से जुड़े मुद्दों को कुशलता से संभाल रहा है।

श्री गोयल ने कहा कि भारत शुरू से ही इस मुद्दे को बहुत प्रभावी तरीके से संभाल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प ने फरवरी में यह निर्णय लिया था कि दोनों देश एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे, जिससे व्यापार सरल बनेगा और द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब डॉलर तक पहुंच सकेगा, जो वर्तमान से ढाई गुना अधिक है।

- भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता अच्छी गति से आगे बढ़ रही: पीयूष

# सम्भल: जामा मस्जिद को लिखा जुमा

## मस्जिद कमेटी नाराज, बोली- गलत परंपरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सम्भल की ऐतिहासिक जामा मस्जिद को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता जा रहा है। इस बार मसला नाम को लेकर है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने मस्जिद के बाहर लगाए जाने वाले नए बोर्ड पर जुमा मस्जिद लिखवाया है।

दस्तावेज़ों और पुराने समझौतों में यह जामा मस्जिद के नाम से दर्ज है। यही नहीं, 1927 में मस्जिद कमेटी और एएसआई के बीच हुए समझौते में भी इसी नाम का उल्लेख किया गया था। जामा मस्जिद कमेटी के उप सचिव मशहूद अली फारूखी ने स्पष्ट कहा है कि जब ऐतिहासिक रिकॉर्ड और एग्रीमेंट में जामा मस्जिद लिखा है, तो एएसआई को मनमाने ढंग से जुमा नाम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जल्द ही एएसआई से बात की जाएगी। 1920 से एएसआई द्वारा संरक्षित इस इमारत का बोर्ड पहले मस्जिद परिसर के भीतर लगा था, लेकिन अब इसे बाहर लगाया जाना है। यह बोर्ड तैयार हो चुका है, जिस पर जुमा मस्जिद लिखा -**शेष पृष्ठ दो पर**




- दस्तावेज़ों और पुराने समझौतों में यह जामा मस्जिद के नाम से दर्ज

# एनडीए का सहयोगी विधायक भी हुआ वक्फ कानून के खिलाफ

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून को लेकर सत्ता पक्ष इसकी लगातार तारीफ कर रहा है, तो विपक्ष इसके खिलाफ लगातार मुखर है। कई सांसद इस अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख कर चुके हैं।

इस लिस्ट में मणिपुर विधानसभा में नेशनल पीपुल्स पार्टी इंडिया (एनपीपी) के नेता और क्षेत्रगाओ सीट से विधायक शेख नूरुल हसन ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। खास बात यह है कि हसन की पार्टी एनपीपी एनडीए का हिस्सा है और बीजेपी की सहयोगी भी है। याचिकाकर्ता ने याचिका के जरिए इस संशोधन पर चिंता जताई है, जिसमें इस्लाम का पालन करने वाले एसटी को अपनी संपत्ति वक्फ को देने से वंचित कर दिया गया है।

- मणिपुर विस में एनपीपी के विधायक शेख नूरुल हसन पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

# पैक्ड फूड पर वॉर्निंग लेबल जरूरी

## सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप: केंद्र तीन माह के अंदर लेबलिंग का नियम बनाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कोर्ट ने कहा: कितना शुगर, हानिकारक फैट स्पष्ट लिखें**

**केंद्र सरकार ने कहा एक्सपर्ट कमेटी सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह तीन महीने के भीतर पैक्ड फूड पर चेतावनी वाली लेबलिंग को लेकर नए नियम बनाए। कोर्ट ने ये आदेश एक पीआईएल पर सुनवाई के दौरान दिया। इसमें मांग की गई थी कि हर पैक्ड खाने की चीज पर फ्रंट पर साफ चेतावनी दी जाए। इससे लोग यह जान सकें कि उस चीज में कितना शुगर, नमक या हानिकारक फैट है।

केंद्र सरकार ने कहा कि एक्सपर्ट कमेटी सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी। केंद्र सरकार की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि 14 हजार से ज्यादा सुझाव और रिपोर्ट्स इस मुद्दे पर आ चुकी हैं। इसके लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाई गई है जो इन सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यह



समिति जल्दी से जल्दी रिपोर्ट तैयार करे ताकि उसी आधार पर एफएसएसएआई लेबलिंग नियमों में संशोधन किया जा सके। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च यानी आईसीएमआर के तहत हैदराबाद बेस्ड एनआईएन ने भारतीयों के लिए डाइटरी गाइडलाइन जारी की है। एनआईएन ने कहा कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सख्त मानदंड हैं, लेकिन लेबल पर दी गई जानकारी भ्रामक हो सकती है। कुछ उदाहरण देते हुए एनआईएन ने कहा कि किसी फूड प्रोडक्ट को नेचुरल कहा जा सकता है, यदि इसमें एडेड कलर्स, फ्लेवर्स और आर्टिफिशियल सब्सटेंसेस नहीं मिलाए गए हैं और यह मिनिमल प्रोसेसिंग से गुजरता है। नेचुरल शब्द का अक्सर इस्तेमाल किया जाता है, भले ही पैक्ड फूड में केवल एक या दो नेचुरल चीजें शामिल हों।



# तीन दिवसीय 'कल्पवृक्ष-2025' समारोह का शुभारम्भ

## छात्र-छात्राओं ने खेल के मैदान पर रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर के नगीना रोड स्थित वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में आज 16वां तीन दिवसीय 'कल्पवृक्ष-2025' समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद बिजनौर श्रीमति इन्द्रा सिंह, डॉ. बीरबल सिंह, वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस की चेयरपर्सन श्रीमति सुद. ेश सिंह व मेनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया।

'कल्पवृक्ष-2025' समारोह के अवसर पर चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद बिजनौर श्रीमति इन्द्रा सिंह को वी.के.आई.टी ग्रुप ऑफ कॉलेज की चेयरपर्सन श्रीमति सुदेश सिंह, डॉ. बीरबल सिंह को मेनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक सिंह, ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमति सुदेश सिंह को मिस. सलोनी सोती, मेनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक सिंह को योगेश कुमार ने बैच लगाकर एवं फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

'कल्पवृक्ष-2025' समारोह की शुरूआत चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद बिजनौर श्रीमति इन्द्रा सिंह, वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेज की चेयरपर्सन श्रीमति सुदेश सिंह, डॉ. बीरबल सिंह एंव मेनेजिंग डायरेक्टर श्री अभिषेक सिंह ने सयुक्त रूप से मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर के किया। कॉलेज के छात्र अशुल वर्मा, अमित कुमार, आशु कमार, रमाकांत एवं विशाल कुमार द्वारा लायी गयी। मशाल से ग्रुप के मेनेजिंग डॉयरेक्टर अभिषेक सिंह ने 'कल्पवृक्ष-2025' समारोह की अखण्ड ज्योति प्रज्वलित की। 'कल्पवृक्ष-2025' समारोह में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने खेल के मैदान पर रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

क्रिकेट प्रतियोगिता के कोंडिनेटर मौ. जुबैर ने बताया कि उद्घाटन मैच वी.के.आई.टी. कलैण्डर और एम.डी.के. कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें एम.डी.के. ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 53 रन बनाए। वी.के.आई. टी. कलैण्डर ने मात्र 7.5 ओवर में 57 रन बनाकर जीत अपने नाम की। क्रिकेट प्रतियोगिता के बचे हुए मैच कल खेले जाएंगे। बॉलीबाल प्रतियोगिता के कोंडिनेटर नरदेव सिंह ने बताया कि पहला मैच वीकेआईटी क्लब और आरवीआईटी क्लब के बीच खेला गया। जिसमें वीकेआईटी क्लब की टीम ने 25/17 से जीत हासिल की।

क्वीज़ प्रतियोगिता के कोंडिनेटर रोहित कुमार ने बताया कि क्वीज प्रतियोगिता में जितेंद्र कुमार (बी.टेक. प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं रोहित कुमार (बी.टेक ने द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता कोंडिनेटर मिस पूजा चौधरी ने बताया कि फायरलैस कुकिंग प्रतियोगिता में दिव्याशीं (बी.टेक. प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान एवं रोजी (बी.एस.सी.) की छात्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कब्बडी प्रतियोगिता के कोंडिनेटर नागेन्द्र सिंह ने बताया कि पहला मैच नसीरी और चंदक के मध्य खेला गया जिसमें चंदक की टीम ने 32/30 से नसीरी को हराया। चैस प्रतियोगिता में सुन्दरम गजराल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कैरम प्रतियोगिता में मौहम्मद साहिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में 8 ग्रुप बनाए गए थे, जिसमे से हर ग्रुप में 3 मेंबर थे। सभी ग्रुप ने अपने-अपने हुनर को दिखाते हुए रंगोली बनाई। इन्हीं 8 ग्रुप में से सिर्फ 3 ग्रुप को निर्णायक समिति के द्वारा ग्रुप एच. को प्रथम स्थान, ग्रुप ए को द्वितीय स्थान व ग्रुप बी. को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

वी.के.आई.टी. ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के मेनेजिंग डायरेक्टर श्री अभिषेक सिंह ने कॉलेज प्रांगण में आने के लिये सभी टीमों एवं छात्र/छात्राओं का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्र एवं छात्राओं का अर्न्तमुखी व चहुंमुखी विकास होता है। इसलिए इस प्रकार के आयोजन अति आवश्यक हैं, जिससे छात्र एवं छात्राओं का स्र्वांगीण विकास हो सके। वी.के.आई.टी. ग्रुप ऑफ कॉलेजेज छात्र एवं छात्राओं के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहता है। वी.के.आई.टी. ग्रुप ऑफ कॉलेजेस इस प्रकार के आयोजन भविष्य में कराता रहेगा। उन्होंने छात्र एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

'कल्पवृक्ष-2025' समारोह को सफल बनाने में डीन राजीव कुमार, मौ. ज़ाहिद, नागेन्द्र सिंह, नरदेव सिंह, संदीप सिंह, अमित चौधरी, बिरेन्द्र, अनुजा, संसार सिंह, मौ. बिलाल, गाज़ी अब्बास, राविन्द्र सिंह, मयंक कौशिक, मुनेश कुमार, पूजा चौधरी, आयूशि, मानसी चौधरी, तबस्सुम, सलोनी, ज्योति, मिनाक्षी, रोहित कुमार, मौ. जुबैर, मौ. विशाल, असमा परवीन, पूजा ठाकुर, नितन कुमार, दीपक काकरान, गौरव कुमार, इन्तेज़ार अहमद, शैन्की, हरवेन्द्र, अरविंद कुमार, धर्मवीर सिंह, मिथुन शर्मा, अंश वर्मा, दीपक कुमार आदि समस्त स्टाफ का भी सहयोग रहा।

## बालाजी जन्मोत्सव पर मंदिर में होंगे अनेक कार्यक्रम

**बिजनौर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बालाजी जन्मोत्सव के कार्यक्रमों का आयोजन श्रीश्री 108 अजय दास महाराज के मार्गदर्शन व प्रेरणा से श्री बालाजी मंदिर प्रांगण में बड़ी धूमधाम के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन 11 अप्रैल से प्रारंभ होकर 13 अप्रैल तक चलेगा। प्रथम दिन श्री रामचरित्र मानस का पाठ होगा। दूसरे दिन पूरे शहर में श्री बालाजी रथयात्रा निकाली जाएगी और शाम को महाआरती के पश्चात 151 किलो के लड्डू व छप्पन भोग लगाए जाएंगे। अंतिम दिन संकट मोचन यज्ञ व भंडारा होगा और शाम को महाआरती के पश्चात छप्पन भोग का वितरण होगा। प्रांजल शर्मा व उज्जवल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बालाजी महाराज स्वर्ण श्रंगार व रथयात्रा में हनुमान जी के अष्टधातु के विग्रह के दर्शन रहेगा। कार्यक्रम की सभी तैयारी बड़ी धूमधाम से चल रही हैं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिलेंडर सिर पर रखकर किया प्रदर्शन



**नजीबाबाद।** युवा कांग्रेस कमेटी के विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड. के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता कृष्ण टॉकीज चौराहे पर एकत्रित हुए। जहां युवा कांग्रेसियों ने रसोई गैस, पेट्रोल व डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

युवा कांग्रेसियों ने सड़क पर सिलेंडर रख आम जन की आवाज को बुलंद करने का काम किया। केंद्र सरकार आम जन पर अनावश्यक महंगाई का बोझ डाल रही है। युवा कांग्रेसियों ने यह आम जनता का शोषण बताया। युवा कांग्रेसियों ने कहा कि बहुत हुई महंगाई की मार, अब नहीं चाहिए मोदी सरकार। विरोध प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड., जिला महासचिव शारिब अंसारी, पूर्व नगर अध्यक्ष एम अकरम खां एड., वसीम अख्तर, फैज एड., विश्व मोहन, नईमुल अख्तर, मौहम्मद आसिफ, आशु, सब्बू, राशिद, सलीम, रिहान, नदीम, अमजद, फराज आदि रहे।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं आपरेशन कायाकल्प की बैठक आयोजित

## बच्चों के अपार पहचान पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाएं : डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कल शाम चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं आप. रेशन कायाकल्प की बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चों के अपार पहचान पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाएं और कोई भी छात्र/छात्रा अपार आईडी से आच्छादित होने से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की स्कूल चलो अभियान को पूर्ण गुणवत्ता के साथ संचालित करें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बच्चों की रेलिया निकाल कर अभिभावकों को प्रेरित किया जाए ताकि कोई भी बच्चा स्कूल में नामांकन से महरूम ना रह सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि राइट टू एजुकेशन के अंतर्गत पूर्ण मानक का ध्यान रखा जाए और मानवीय आधार पर पात्र बच्चों का चयन कर उन्हें इस सुविधा से आच्छादित किया जाए। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुलदार अथवा अन्य जंगली जानवरों से छात्राओं को सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता पैदा करें। वॉल पेंटिंग तथा अन्य प्रचार सामग्री का विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में वितरण कराएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत जिन स्कूलों में निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण नहीं हो पाए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों का निरीक्षण कर जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी विद्यालयों में बिजली, पानी, फर्नीचर एवं चारद. ीवारी आदि का कार्य शत प्रतिशत रूप से पूर्ण गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा कराना तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच तकनीकी अधिकारी से कराना भी सुनिश्चित करें एवं जर्जर विद्यालयों की सूची भी उपलब्ध कराएं।

उन्होंने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह स्वयं विद्यालय में एकेडमिक भ्रमण करते हुए यह सुनिश्चित करें कि छात्र/छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध हो और शिक्षा का स्तर प्राइवेट स्कूलों से भी अच्छा हो, जिससे सभी बच्चों को निपुण भारत के लक्ष्य से जल्द से जल्द आच्छादित किया जा सके। उन्होंने स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के साथ-साथ शत प्रतिशत रूप से बच्चों की उपस्थिति भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीएम श्री के अन्तर्गत विद्यालयों के कार्यों, खेल समाग्री, जर्जर जीर्णशीर्ण विद्यालय के पुनर्निमाण एवं नीलामी ध्वस्तीकरण समीक्षा, आपरेशन कायाकल्प पैरामीटर, ब्लाक वाइज डीबीटी पेंडेंसी, मेडिकल एसेसमेंट कैम्प, लोकेटेड आंगनवाडी केन्द्रों/ नंनबाल वाटिका व बीआरसी पर स्थापित आईसीटी लैब संचालन के कार्यों सहित अन्य विंदुओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी योगेन्द्र सिंह, जिला समन्वयक लियाकत अली सहित समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## एक नजर

### सभासद गुलफाम फरीदी का इंतकाल



**हल्दौर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 13 से सभासद व नगर के मौहल्ला खेड़ा निवासी मौहम्मद गुलफाम फरीदी ( करीब 50 वर्ष) पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मौहल्लेवासियों के अनुसार वह लीवर की बीमारी से ग्रस्त थे। उनका उपचार मेरठ में काफी दिनों से चल रहा था। अचानक तबियत खराब होने पर परिजन उनको उपचार हेतु बिजनौर ले गये थे, लेकिन गुरुवार की सुबह बिजनौर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। घटना से उनके परिजनों में को. हराम मच गया। सूचना मिलते ही नगर में शोक व्याप्त हो गया। मौहम्मद गुलफाम फरीदी बहुत ही व्यवहार कुशल, मृदुभाषी और, मिलनसार व्यक्ति थे। वह नगर पालिका परिषद हल्दौर के दूसरी बार सभासद चुने गए थे। नगरवासियों व उनके शुभचिंतकों ने उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

### निष्ठा ने जीता स्वर्ण पदक



**कोतवाली देहात।** गुजरात के अंबाजी शहर में चल रही आदिशक्ति वूमेन नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट में सब जूनियर आयु वर्ग का स्वर्ण पदक ग्राम शादीपुर निवासी विवेक गुप्ता की पुत्री निष्ठा गुप्ता ने जीता। निष्ठा ने स्वर्ण पदक जीतकर पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। गुजरात के अंबाजी शहर में 8 से 10 अप्रैल तक आयोजित आदिशक्ति वूमेन नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट में निष्ठा ने फाइनल मैच में महाराष्ट्र की खिलाड़ी को हराया। निष्ठा ने 134 अंक अर्जित किए जबकि निष्ठा की प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी महाराष्ट्र की प्रीतिका प्रदीप ने 130 अंक बनाए। निष्ठा ने चार अंकों से मुकाबला जीत लिया। निष्ठा को स्वर्ण पदक तथा डेढ़ लाख रुपए की धनराशि प्रदान की गई। टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश की वरेन्या राणा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। निष्ठा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच योगेंद्र सिंह राणा को दिया। निष्ठा ने ग्राम हकीकतपुर प्रयाग स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय से कक्षा 8 की परीक्षा उत्तीर्ण की है। निष्ठा के स्वर्ण पदक जीतने पर गांव में हर्ष का माहौल है।

### मुकेश शर्मा को 'भारत शिक्षा गौरव पुरस्कार'



**स्योहारा।** लक्ष्य कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी स्योहारा के अस्सिटेंट प्रोफेसर मुकेश कुमार को फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'भारत शिक्षा गौरव पुरस्कार' का सम्मान एवं पुरस्कृत केटीके आउटस्टैंडिंग अचीवर और एजुकेशन फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इस पुरस्कार समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों को एक साथ लाया गया। जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान विद्यार्थियों एवं समाज को दिया है। लक्ष्य कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के चेयरमैन डॉ. अमित चौहान ने इस पुरस्कृत अवार्ड पर मुकेश कुमार को दूरदर्शी नेतृत्व और अकादमिक उत्कृष्टता की सराहना की तथा बहुत-बहुत बधाई दी। इस अवसर पर मुकेश कुमार ने कहा कि यह सम्मान न केवल मेरे प्रयासों की मान्यता है। बल्कि शिक्षकों शोधकर्ताओं और छात्रों के सामूहिक योगदान का भी प्रमाण है। मुकेश कुमार के नेतृत्व में लक्ष्य कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (फार्मेसी विभाग) ने अकादमिक और फार्मेसी शिक्षा के बुनियादी ढांचे पाठ्यक्रम नवाचार में महत्वपूर्ण प्रगति देखी है। वहीं लक्ष्य कॉलेज के डायरेक्टर अनुराग चौहान ने इस अवार्ड को लेकर बधाई दी और कहा कि इसी तरह से अपने कार्य को अंजाम देना चाहिए ताकि और भी ज्यादा सम्मान मिल सके।

# पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में निकाली रैली

**कोलकाता, वार्ता**

**बंगाल में नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों ने जताया ममता के खिलाफ आक्रोश**

पश्चिम बंगाल के शिक्षकों ने अपनी नौकरी गंवाने के विरोध में गुरुवार को एक विशाल रैली आयोजित की। उनका आरोप है कि कोलकाता पुलिस ने दक्षिण कोलकाता में जिला निरीक्षक (डीआई) कार्यालय के बाहर एक शिक्षक पर लाठीचार्ज किया और उन्हें लात मारी।

उन्होंने स्कूल सेवा आयोग द्वारा पात्र अभ्यर्थियों को अयोग्य अभ्यर्थियों से अलग करने के लिए ओएमआर (ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन) की मिरर इमेज जारी करने की भी मांग की। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह कथित नकदी के बदले नौकरी घोटाले में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा भर्ती किए गए 25,752 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति रद्द कर दी। नौकरी गंवाने वालों के अलावा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी 'महा मिचिल' में हिस्सा लिया, जिसका आयोजन सियालदह से शहर के मध्य भाग में स्थित एस्प्लेनेड तक किया गया था। आंदोलनकारी शिक्षकों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से सभी पात्र उम्मीदवारों को नौकरी से निकाले जाने से बचाने के लिए लिखित आश्वासन की भी मांग की। शिक्षकों ने यह मांग तब की जब सोमवार को मुख्यमंत्री ने सभी पात्र उम्मीदवारों को नौकरी जाने से बचाने का आश्वासन दिया तथा उनसे कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं हो जाता, वे स्वयंसेवक के रूप में अपने-अपने स्कूलों में काम करें। आज महावीर जयंती के अवसर पर अवकाश होने के बावजूद रैली के कारण शहर का यातायात प्रभावित रहा। इस बीच नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों के एक वर्ग ने बुधवार शाम से साल्ट लेक स्थित स्कूल सेवा आयोग कार्यालय के पास अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है, जबकि प्रभावित शिक्षकों के एक अन्य वर्ग ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। शिक्षकों के प्रतिनिधियों में से एक पंकज रॉय ने संवाददाताओं से कहा कि जब तक सरकार उन्हें नौकरी से निकाले जाने से पूर्ण सुरक्षा का लिखित आश्वासन नहीं देती, तब तक वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी मांग किया कि एसएससी ओएमआर की मिरर इमेज जारी करे जिससे योग्य अभ्यर्थियों की पहचान दागी अभ्यर्थियों से अलग की जा सके। कोलकाता पुलिस मुख्यालय, लालबा. जार ने बुधवार को कस्बा में एक शिक्षक पर लाठीचार्ज और लात-घूसों से हमला करने के संबंध में रिपोर्ट मांगी है। आंदोलनकारी शिक्षकों ने कथित रूप से पुलिसकर्मियों की अवहेलना की और डीआई कार्यालय के गेट में घुसने की कोशिश की तथा गेट को बंद करने का प्रयास किया। इस मुद्दे से राज्य में उथल-पुथल मचने तथा विपक्ष के साथ-साथ विभिन्न नागरिक संगठनों की ओर से भी इसकी निंदा करने के बाद एसएसडी के उपायुक्त को मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया है। दक्षिण उपनगरीय डिवीजन की उप-आयुक्त बिधिशा कलिता इस मामले की जांच करेंगी और कोलकाता पुलिस मुख्यालय को रिपोर्ट देंगी। वरिष्ठ मंत्री एवं शहर के मेयर फिरहाद हकीम ने पूछा कि जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया था, तो नौकरी गंवाने वाले लोग कस्बा क्यों गए। हकीम ने पूछा कि वे वहां सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने क्यों गए थे?

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सम्भल: जामा...** गया है। वहीं, मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता शकील वारसी ने कहा कि यह मस्जिद शाही जामा मस्जिद के नाम से प्रसिद्ध है। देशभर में इसी नाम से जानी जाती है। उन्होंने एएसआई द्वारा नाम बदलने को एक नई गलत शुरुआत बताया और कहा कि इससे एक और विवाद खड़ा हो सकता है। उन्होंने बताया कि कमेटी की ओर से जल्द ही इस पर आपत्ति दर्ज कराई जाएगी और मांग की जाएगी कि मस्जिद के ऐतिहासिक नाम से कोई छेड़छाड़ न हो। दूसरी तरफ एएसआई के अधिवक्ता विष्णु कुमार शर्मा का कहना है कि मस्जिद पहले से ही संरक्षित इमारत है और उसका बोर्ड परिसर के भीतर लगा था। अब नया बोर्ड बाहर लगाया जाएगा, लेकिन यह काम एएसआई की सुविधा के अनुसार किया जाएगा। गौरतलब है कि 24 नवम्बर को मस्जिद परिसर में सर्वे को लेकर तनाव और हंगामा हो गया था। इसके बाद से यह मस्जिद देशभर में सुर्खियों में बनी हुई है। उधर, हिंदू पक्ष द्वारा 19 नवम्बर 2024 को चंदौसी स्थित अदालत में दायर याचिका में मस्जिद का नाम जामी मस्जिद लिखा गया था। इस पर भी मस्जिद कमेटी ने आपत्ति जताई है। उप सचिव फारूखी का कहना है कि जामा उर्दू शब्द है और जामी अरबी से लिया गया है। दोनों का मतलब एक ही होता है, लेकिन जुमा मस्जिद जैसा कोई शब्द प्रचलन में नहीं है। कमेटी का स्पष्ट कहना है कि मस्जिद का नाम वही रहना चाहिए जो इतिहास और समझौतों में दर्ज है।

## लेखपाल की लापरवाही से नीट नहीं दे पाई लड़की

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में एक लेखपाल की लापरवाही से एक लड़की अपनी नीट की परीक्षा नहीं दे पाई, क्योंकि लेखपाल ने उसका ओबीसी सर्टिफिकेट तीन बार रिजेक्ट कर दिया। वह भी इसलिए क्योंकि लड़की ने सिर पर दुपट्टा लपेटा हुआ था, जिस वजह से लेखपाल को लगा कि लड़की मुस्लिम है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप-मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए एक पेकेट प्रणाली के अन्तर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| ई-निविदा एनआईटी संख्या | 17- विद्युत/नि./टी.आर.डी./यूएम.वी./पी.क्यू.आर./II/138 | | |
| कार्य का नाम व स्थान | पंजाब राज्य के चार 25 के.वी रेलवे ट्रैक्शन सब-स्टेशन (आनंदपुर साहिब, कुराली, घग्गर और मईसरखाना) के लिए पावर क्वालिटी रिस्टोरर की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग व स्थापना। | | |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 माह | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 20,03,65,640.71 |
| बोली प्रतिभूति (आन लाईन) जमा कराने के लिए | | | ₹ 11,51,800/- |
| ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 01.05.2025 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 01.05.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी। | | |
| निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज | विस्तृत ई निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेब साईट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए 17-04-2025 से 01-05-2025 तक उपलब्ध होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। | | |

1083/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नजीबाबाद में सांसद के होर्डिंग्स फाड़े

## पालिका ठेकेद्वार ने बिना सूचना दिए किया अपमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद में नगर पालिका से होर्डिंग्स का ठेका लेने वाले ठेकेद्वार ने आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर का होर्डिंग्स फाड़कर कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़का दिया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वह अपने सांसद चन्द्रशेखर का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबा. बाद नगर पालिका के द्वारा पालिका क्षेत्र में होर्डिंग्स आदि के माध्यम से प्रचार सामग्री लगाए जाने से धनराशि वसूल करने का ठेका नीलाम किया गया है। ठेकेदार ने ठेका लेने के बाद नगर में होर्डिंग्स लगाने वालों को नोटिस देकर उनसे निर्धारित शुल्क जमा करने के लिए कहने की बजाए सबसे पहले नगीना लोकसभा क्षेत्र के आजाद समाज पार्टी के सांसद चन्द्रशेखर के होर्डिंग्स



को फड़वा दिया। जगह-जगह सांसद चंद्रशेखर के होर्डिंग्स नगर क्षेत्र में लगे हुए थे। उन्हें सबसे पहले फाड़ा गया। जिससे कार्यकर्ताओं में गुस्सा भड़क गया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिस तरह से होर्डिंग्स फाड़े गए है, उससे साफ जाहिर है कि इसमें बड़ी साजिश है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि अगर ठेकेदार को टैक्स वसूलना था, तो वह पहले नोटिस देता और अगर नोटिस के बावजूद निर्धारित टैक्स जमा नहीं किया जाता, तो कम से कम सम्मानजनक ढंग से होर्डिंग्स हटाया जाता है। कार्यकर्ता खुद अपने सांसद का होर्डिंग्स सम्मानपूर्वक हटा देते। लेकिन यह सांसद का नहीं, बल्कि पूरी पार्टी का अपमान है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वह इसके पीछे हुई पूरी साजिश का पता लगाएंगे और जो भी इसमें शामिल है। उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएंगी।

## जनपद में ब्लैकमेलर परिवार का युवक कर रहा अवैध वसूली

**बिजनौर।** सैक्स कांड को लेकर चर्चाओं में रहने वाले एक परिवार का युवक अवैध वसूली कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि इसके द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में जहां-तहां जाकर अवैध वसूली की कोशिश करते हुए पीड़ितों को धमकाया जाता है। इसे लेकर कई जगह फजीहत भी हो चुकी है। लेकिन आरोपी युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जिसकी वजह से शरीफ परिवारों के सदस्य व कारोबारी परेशान है। कई जगह इस युवक की पिटाई होने की नौबत भी आ चुकी है।

दूसरी तरफ एक ऐसा गिरोह भी सक्रिय है, जो सुबह से शाम तक अवैध वसूली में लगा रहता है। बिजनौर के साथ-साथ मुरादाबाद जनपद में भी कई स्थानों पर इस गिरोह के सदस्य अवैध वसूली करते हैं। सूत्रों का कहना है कि इस गिरोह के सदस्यों के परिवारों का गुजारा अवैध वसूली से ही होता है। इनकी कारस्तानियां किसी से भी छिपी हुई नहीं है।

## पीएस भूमाफियाओं की जोड़ी खिला रही गुल

### सत्ता का फायदा उठाने में माहिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पीएस के नाम से चर्चित दो शातिर भूमाफियाओं की जोड़ी गुल खिला रही है। सत्ता का फायदा उठाने में माहिर यह जोड़ी प्रदेश में जिस पार्टी की सरकार होती है, उस पार्टी के लालची नेता का फायदा उठाकर उसे अपने साथ पार्टनर बना लेते है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीएस के नाम से चर्चित दो शातिर भू-माफियाओं की जोड़ी ने जनपद में कई अवैध कॉलोनियां काटी है। यह विवादित जमीन सस्ते दामों पर खरीदते है और बाद में उस जमीन में कालोनी काट कर महंगे दामों पर प्लाट बेचते हैं। राजनीतिक संरक्षण हासिल करने के लिए इनके द्वारा प्रदेश में जिस पार्टी की सरकार होती है, उस पार्टी के लालची प्रवृति के वरिष्ठ नेता को अपने साथ पार्टनर बना लिया जाता है। जिसके बाद कोई भी अधिकारी उनकी अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्यवाही करना तो बहुत दूर की बात, उस तरफ आंख उठाकर भी नहीं देखता है। जनपद में इस जोड़ी ने अब तक कई दर्जन कॉलोनियां काटी है। ज्यादातर कॉलोनियां विवादित रही है। कहीं पर इन्होंने दूसरों की जमीन ही गायब कर दी और कहीं पर इन्होंने सरकारी भूमि को ही कब्जा लिया। इनके द्वारा तालाबों को अवैध रूप से पाट कर उनमें भी प्लाट बनाने का प्रयास किया जाता रहा है। एक वक्त में सड़कों पर आवारा युवकों की तरह घूमने वाली यह जोड़ी आज मालामाल है। इन्होंने कई नेताओं को भी मालामाल बना दिया है। सत्ता का संरक्षण मिलने की वजह से आज तक इस जोड़ी के खिलाफ कार्यवाही नहीं हो पाई है। गंभीर बात यह है कि इस जोड़ी की वजह से कई बड़े विवाद भी पैदा हुए है। विवादों में नेता तो बदनाम हो जाते है, लेकिन इनका कहीं नाम नहीं आता है। जबकि पर्दे के पीछे असली किरदार इनका ही रहता है। अब देखना यह है कि यह जोड़ी कब तक इसी तरह नेताओं के कंधे पर बंदूक रखकर अपना उल्लू सीधा करती रहेंगी।

## खिरनी में युवक पर कैंची से हमला



### घायल युवक की हालत नाजुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** थाना क्षेत्र के ग्राम खिरनी में टेलर की दुकान पर काम कर रहे युवक की हत्या के इरादे से उसके ऊपर कैंची से किया जानलेवा हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल युवक की हालत चिंताजनक बताई जाती है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम खिरनी में सुरेंद्र पुत्र भगवत की कपडे सिलाई की दुकान है। जिस पर ग्राम का ही जीशान पुत्र सुक्खे (20 वर्ष) भी काम करता है। आज सुबह लगभग दस बजे टीकम पुत्र सौपाल टेलर की दुकान पर आता है और उसने जीशान पर कैंची से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वह जीशान की हत्या करना चाह रहा था। जीशान के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने देखा और भाग कर उसे बचाया। आरोपी टीकम भीड़ व जीशान को लहूलुहान हालत में देख कर मौके से फरार हो गया। सूत्रों से पता चला है कि इस हमले में टेलर सुरेन्द्र का भी हाथ है। परिवार वालों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया की अभी तक कोई भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

## प्रदेश में बनेगी सपा की बहुमत की सरकार : पप्पू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू ने कहा कि प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के बाद स्पष्ट बहुमत के साथ सपा की सरकार बनेगी।



### पीडीए भाजपा को सत्ता से उखाड़ने का करेगा काम

एक बयान में उन्होंने कहा कि आज भाजपा के सत्ता में रहते हुए देश व प्रदेश के जो हालात है, वह किसी से छिपे हुए नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। जबकि सपा की सरकार में रिकार्ड विकास कार्य हुए थे। गांवों से लेकर नगर पालिका क्षेत्रों में विकास कार्यों ने नया रिकार्ड बनाया था। किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जाता था। आज न तो विकास कार्य हो रहे है और भेदभाव के मामले में रिकार्ड टूट रहा है। पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक समाज खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है। भाजपा ने धर्म के नाम पर पिछड़ा समाज का वोट तो ले लिया, लेकिन उनकी भलाई के लिए कोई कार्य नहीं किया गया। इस तरह से न तो सरकार चलती है और न ही समाज का भला हो सकता है। बेरोजगारी, महंगाई व धार्मिक आधार पर उत्पीड़न की वजह से प्रदेश के हालात बद से बदत्तर हो गए है। उन्होंने कहा कि अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। उनके द्वारा अपना स्वार्थ पूरा किया जा रहा है। जनता की कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। वरिष्ठ अधिकारी व भाजपा के बड़े नेता आम जनता से मिलना भी पसंद नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का आम कार्यकर्ता भी मौजूदा हालात से दुखी है और चुनाव में वह अपनी नाराजगी जरूर दिखाएगा।

## मासूम पर कुत्ते का हमला

### क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हिंसक होने से नागरिक परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मासूम पर आवारा कुत्ते ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हिंसक हो जाने से नागरिक परेशान है। बार-बार इन कुत्तों को पकड़वाए जाने की मांग किए जाने के बावजूद उस पर कार्यवाही नहीं हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम झाड़पुरा निवासी राम सिंह का पुत्र प्रियांश पांच वर्षीय घर के बाहर खेल रहा था। तभी अचानक आवारा एक कुत्ते ने उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया। बालक के शोर मचाने की आवाज सुनकर परिजनों ने बामुश्किल कुत्ते के चंगुल से बालक को छुड़ाकर सामुदायिक स्वास्थ्य



केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया।

वहीं नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बरकरार है। ग्रामीण राम सिंह, रोहित कुमार, जितेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, कपिल कुमार, संजय, जुबैर अहमद तथा शिव कुमार आदि का कहना है कि ग्राम में लगातार आवारा कुत्तों का एक झुंड काफी समय से परेशान कर रहा है। उन्होंने उच्च अधिकारियों को कई बार अवगत कराया, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

उन्होंने उच्च अधिकारियों से आवारा कुत्तों की झुंड से ग्रामीणों को निजात दिलाने की मांग की है।



**आम की बम्पर पैदावार के आसार:- जनपद में इस बार आम की बम्पर पैदावार के आसार बताए जा रहे है। आम के पेड़ों पर भारी संख्या में बोर दिखाई दे रहे है। बागों के ठेकेदार कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कर इस बोर को बचाने की कोशिश में लगे हुए हैं। जनपद के आम देश-विदेश में काफी मशहूर है।**

# गर्मी का मौसम शुरू होते ही सूखने लगे तालाब

## तेजी के साथ गिर रहा भूमिगत जल का स्तर, नलकूपों का पानी हो रहा कम

**समीउल्लाह**

**बिजनौर।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही जनपद में तालाबों के सूखने का सिलसिला शुरू हो गया है। साथ ही भूमिगत जल का स्तर भी तेजी के साथ गिर रहा है।

वैसे तो जनपद में ज्यादातर तालाबों की भूमि पर किसी न किसी तरह से अवैध कब्जा किया गया है। कई जगह तालाबों को पाट कर उनमें मकान व दुकानें बना ली गई है। पूर्व के वर्षों में तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान भी चलाए गए थे। इन अभियानों में कई तालाबों को कब्जा मुक्त कराया गया था। लेकिन जिन तालाबों की भूमि पर पक्के निर्माण कर लिए गए थे, वहां से अतिक्रमण नहीं हटाए गए।

जनपद में कई छोटे-बड़े तालाब मौजूद हैं। जनपद मुख्यालय पर बिजनौर इंटर कॉलेज के सामने एक बड़ा तालाब कब्जामुक्त कराकर असली स्वरूप में वापस लाया गया था। इस तालाब में ट्यूबवैल से पानी भी भरा गया था। यहां पर घूमने के लिए चारों तरफ फुटपाथ भी बनाया गया था और वृक्षारोपण भी किया गया



था। प्रयास सराहनीय था, लेकिन सफल नहीं हो पाया। फुटपाथ पर कब्जा कर लिया गया है। पेड़ों को उखाड़ कर फेंक दिया गया है और तालाब सूख गया है। इसमें पूर्व की तरह कचरा फेंका जा रहा है।

जनपद में इसी तरह के कई अन्य तालाब मौजूद हैं। धामपुर में हर्रा में एक विशाल तालाब है। इस तालाब का पानी भी सूख गया है। नूरपुर मार्ग पर ग्राम मोरना में बड़ा तालाब है। जिसका पानी भी सूख गया है। अभी गर्मी का मौसम शुरू हुआ है। लेकिन तालाबों में पानी सूखने लगा है। ज्यादातर तालाब सूख चुके हैं। उनमें पशुओं के पीने के लिए भी पानी नहीं है। जिन तालाबों में थोड़ा बहुत पानी बचा है, वह भी सूखने की कगार पर है। मई माह में यह पूरी तरह से सूख जाएंगे।

जनपद में भूमिगत जल का स्तर भी तेजी के साथ गिर रहा है। खासतौर पर धामपुर एवं नूरपुर ब्लॉक की हालत सबसे ज्यादा खराब है। पिछले साल भी भूमि के जल का स्तर काफी तेजी के साथ नीचे गिरा था। जिसकी वजह से नलकूपों की गहराई बढ़ानी पड़ी थी। किसानों को नए नलकूप बनवाने पड़े थे। इस बार अभी से नलकूप जवाब दे रहे हैं। पिछले साल जिन नलकूपों की गहराई नहीं बढ़ाई गई थी, वह इस बार दम तोड़ रहे है। उनमें पानी आना कम हो गया है। घरों में मौजूद बोरिंग भी जवाब दे रहे है। जिस तरह से गर्मी की शुरूआत हुई है और जल का स्तर जिस तेजी के साथ नीचे गिर रहा है, उसे देखते हुए हालात बिगड़ने के आसार है।

अहम बात यह है पर्यावरण की रक्षा के लिए गंभीरता के साथ प्रयास नहीं किए जाते हैं। वृक्षारोपण की तरफ न तो सरकार का ध्यान है और न ही आम आदमी इसे लेकर चिंतित है। बल्कि हरे-भरे बाग काट कर उनमें कॉलोनियां बसाई जा रही है। सरकार कागजों में वृक्षारोपण कराती है। वृक्षारोपण के नाम पर फर्जी आंकड़े पेश किए जाते हैं। अब तक आंकड़ों में जितना वृक्षारोपण दिखाया गया है, वह अगर सही में होता, तो चारों तरफ हरियाली ही हरियाली दिखाई देती और यह समस्या पैदा नहीं होती। इस समस्या के लिए इंसान स्वयं ही जिम्मेदार है। वह धरती की हरियाली खुद खत्म कर रहा है।

## एक नजर

### सर सैयद स्कूल में परीक्षाफल घोषित




**नगीना।** सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक परीक्षा घोषित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। नौशाद अंसारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के मैनेजमेंट डायरेक्टर खालिद नौमानी ने की। संचालन शिक्षिका शाहीन खान ने किया। इस मौके पर साहिब, शाहीन खान, अल्फा, तरन्नुम, तबस्सुम, हुर्जा, नूरजहां आदि अध्यापिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### गुलदार ने कुत्ते को बनाया शिकार



**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम फुलसंदा गंगदास निवासी शौकत अली के गन्ने के खेत में कुत्ते का अध खाया शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव के आसपास गुलदार के पद चिन्ह भी दिखाई दिए हैं। गुलदार की दस्तक को लेकर भयभीत किसान खेतों से अपने घरों की ओर लौट गए। ग्रामीण शौकत अली, मोइन खान, दीपक कुमार, नीरज कुमार, सहदेव सिंह, वीर सिंह, कुलवीर सिंह, प्रदीप कुमार आदि का कहना है कि गुलदार आएदिन दिखाई दे रहा है। जंगल जाने से किसान भयभीत है। किसानों ने गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की है।वन रेंजर गोविंद राम गंगवार का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी।

### जैन समाज ने प्रभातफेरी निकाली

**नजीबाबाद।** श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें जैन श्रावक व श्राविकाओं ने काफी संख्या में भाग लिया। प्रभात फेरी नादेहिन्द, सन्तोमालन, चौक बाजार, कल्लूगज होते हुए श्री सर जयंती मन्दिर में झण्डा स्थापना कर पंचायती मंदिर में जाकर पूर्ण हुई। प्रभात फेरी के पश्चात भगवान महावीर पर शान्ति धारा व नित्य पूजन व महिलाओं द्वारा महावीर चालीसा का पाठ किया गया। मंत्री नीरज जैन प्रधान दीपक जैन के सानिध्य में पूर्ण हुई। वन्दना जैन, पूनम जैन, कुमकुम जैन, संध्या जैन, नेहा जैन, रेना जैन, संगीता जैन, किरण जैन, स्वाति जैन, जितेन्द्र जैन, भाविक जैन, संजय जैन, अंकुर जैन, अनूप जैन, राजीव जैन, राहुल जैन, नमन जैन, अनुभव जैन, दीपक जैन आदि उपस्थित रहे। संध्या आरती के पश्चात धार्मिक तमबोला का आयोजन कुमकुम जैन व सगीता जैन के द्वारा आयोजित किया गया। भगवान महावीर को पालना झूलाया गया। जिसमें जैन समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### नूरपुर में करंट लगने से मौत

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम गौहावर जेत निवासी 35 वर्षीय नरेंद्र सिंह पुत्र फूल सिंह के घर की बिजली खराब हो गई थी। नरेंद्र सिंह बिजली ठीक करने लगा। इसी दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। मौत होने से परिवार में हड़कंप मच गया। उसकी मौत की खबर सुनकर सैकड़ों लोगों व पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्राम वालों ने बताया है कि पत्नी से काफी दिनों से विवाद के चलते पति-पत्नी अलग-अलग रहे थे। पत्नी को जब पति की मौत की खबर लगी, तो उसने घर पर पहुंच कर परिवार के साथ हंगामा किया। हंगामे की खबर मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। जहां पर पुलिस ने पत्नी को समझा बुझाने की खूब कोशिश की। मगर कई घंटों तक समझाने के बाद मामला शांत हुआ। ग्राम में नरेंद्र सिंह की मौत चर्चा का विषय बनी हुई। उधर पुलिस ने बारीकी के साथ जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### अपंजीकृत ई-रिक्शाएं बनेंगी कबाड़

**नगीना।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश में एक अप्रैल से ई-रिक्शा के अनाधिकृत संचालन के विरूद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। दरअसल कुछ वाहन डीलरों द्वारा ई-रिक्शा बिना पंजीयन के ही वाहन स्वामियों को सुपुर्द की गयी हैं। मामला सरकार के संज्ञान में आने पर यह अभियान चलाया जा रहा है। बताया जाता है कि नगीना तहसील में 16 अप्रैल को शिविर लगाया जाएगा। जिसमें ई-रिक्शाओं का पंजीयन किया जाएगा। शिविर में पंजीकृत न होने वाली ई-रिक्शाओं को कबाड़ में तबदील कर दिया जाएगा।

### अब्दुल्ला प्रथम स्थान पर रहे



**सहसपुर।** नगर में स्थित एमकेजीएन पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गय। जिसमें कक्षा चार के अब्दुल्ला फरहत पुत्र फरहत अली ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तकदीस आमिल पुत्र मुहम्मद आमिल में द्वितीय स्थान पर रहे। मरियम परवीन पुत्री रफीक अहमद तृतीय स्थान पर रही। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा रिजल्ट कार्ड व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चेयरपर्सन नगर पंचायत श्रीमती नाहिद परवीन व वजाहत हुसैन, डॉ. सकलैन, सैयद अतहर अली, स्कूल प्रबंधक मौहम्मद आमिल आदि ने छात्र-छात्राओं का हौंसला बढ़ाया। संचालन फायजा आमिल ने किया। सबा तबस्सुम प्रधानाचार्या ने अध्यक्षता की।

### बिजनौर में हल्की बारिश

**बिजनौर ।** आज शाम को मौसम का मिजाज बदल गया। सूरज को बादलों ने ढक लिया। इसके बाद ठण्डी हवाएं चलने लगी और दिन छिपने के बाद हल्की बारिश होने लगी। आसमान में बिजली कड़क रही थी। जनपद में अन्य स्थानों पर भी हल्की बारिश होने की सूचनाएं मिली है। बताया जाता है कि कल (आज) जनपद में कई स्थानों पर बारिश होगी और मौसम भी खराब रहेगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# अध्यापकों पर विद्यार्थियों से स्कूल में सफाई कराने का आरोप

## प्रधानाचार्य व अध्यापकों की शिकायत लेकर ग्राम प्रधान से मिले अभिभावक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला स्थित संविलियन विद्यालय में अध्यापकों पर विद्यार्थियों से झाड़ू पोंछा लगवाने को लेकर छात्रों द्वारा मना करने पर प्रधानाध्यापक ने बच्चों को पुलिस से पकड़वाकर जेल भेजने का फरमान सुना डाला। जिसको लेकर अभिभावकों में जबरदस्त आक्रोश है। विद्यार्थियों ने स्कूल जाने से मना कर दिया और अभिभावक अपने बच्चों के साथ प्रधानाचार्य व अध्यापकों की शिकायत लेकर ग्राम प्रधान के पास पहुंचे।

सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत प्राइमरी विद्यालय व जूनियर हाई स्कूल को संयुक्त रूप से संविलियन विद्यालय का नाम दिया गया। नई शिक्षा नीति 2019 में लागू कर दी गई थी। परंतु शिक्षा विभाग द्वारा 2020 में पूर्ण रूप से अमल किया गया। जिसमें संयुक्त रूप से एक ही प्रधानाध्यापक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। परंतु जिन विद्यालयों में प्राइमरी या जूनियर के अध्यापक को प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी सौंपी गई। उसने अपने विभाग के साथ सगा और दूसरे विभाग के साथ सौतेला व्यवहार किया। जिसको लेकर क्षेत्र के अधिकतर विद्यालयों में अध्यापकों में आपस में खींचतान है। जिसका सीधा असर विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ रहा है। केंद्र सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे पर अमल करना चाहती है। परंतु शिक्षा के क्षेत्र से नजरें फेर लेने के करण विभागीय अधिकारी मनमानी कर रहे है। सूत्रों की माने तो सरकारी विद्यालयों के अध्यापक बच्चों को पढ़ाने में रूचि नहीं रखते हैं, उन्हें तो मात्र अपने भारी भरकम वेतन से मतलब है। अध्यापक दूरदराज शहरों में रहते हैं जो स्कूल समय से कई घंटे विलंब से पहुंचते हैं। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे समयनुसार स्कूल पहुंच जाते हैं। अध्यापकों के न होने के कारण आपस में हुड़दंग मचाते हैं तथा झगड़ा कर बैठते हैं। क्षेत्र में कई विद्यालयों से तो विद्यार्थियों के आपस में लड़ाई झगड़ों के मामले भी प्रकाश में आए हैं। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला स्थित संविलियन विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर श्रीमती पुष्पा पाल (प्राइमरी विभाग) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिन पर आरोप है कि वह जूनियर विभाग की एक मात्र अध्यापिका तथा विद्यार्थियों से सौतेला व्यवहार रखती हैं सूत्रों की माने तो जूनियर विभाग के कक्षा 6, 7, 8, तीन कक्षाओं को एकमात्र प्रवेश देवी सहायक अध्यापक द्वारा ही पढ़ाया जाता है, जिसमें प्रधानाध्यापक अध्यापन में सहयोग नहीं करती। जब की प्राइमरी विभाग में कक्षा 1 से 5 तक श्रीमती पुष्पा पाल प्रधानाध्यापक के अलावा श्रीमती कविता रानी सहायक अध्यापिका, श्रीमती अंकिता ठाकुर सहायक अध्यापिका, श्रीमती ममता देवी सहायक अध्यापिका, श्रीमती प्रवेश लता शिक्षामित्र व मुजीबुर्रहमान प्राइमरी कक्षाओं को अध्यापन का कार्य करते है। अध्यापकों की आपसी खींचतान के कारण विद्यार्थियों का भविष्य पर बुरा असर पड़ रहा है।








बुधवार को संविलयन विद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्राम प्रधान से शिकायत कर स्कूल की प्रधानाध्यापक पुष्पा पाल पर आरोप लगाया कि उन से स्कूल में साफ-सफाई झाड़ू पोंछा लगाने का कार्य कराती हैं।

मना करने पर उन्हें पुलिस में पकड़वा कर जेल भेजने की धमकी दी जाती है। प्राइमरी विभाग के कक्षा 3 के छात्र दीपांशु, तथा कक्षा 5 के छात्र अभय की माता पूनम देवी ने आरोप लगाया के उसके बच्चों ने झाड़ू पोंछा लगाने के लिए मना किया तो प्रधानाध्यापक पुष्पा पाल ने पुलिस के द्वारा पकड़वा कर जेल भेजने के धमकी दी। वहां मौजूद एक दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि उनसे प्रतिदिन झाड़ू पोंछा लगाया जाता है। उधर प्रधानाध्यापक पुष्पा पाल ने छात्र-छात्राओं व अभिभावकों द्वारा लगाए आरोपों को बेबुनियाद बताया उन्होंने कहा की स्कूल में सफाई कर्मी ना होने के कारण उनके द्वारा ही साफ सफाई की जाती है स्कूल प्रांगन में सप्ताह में एक बार ग्राम पंचायत की ओर से सफाई कराई जाती है।

उधर प्रधान पति वहीदुर्रहमान ने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिलकर ही शीघ्र ही संविलियन विद्यालय की अध्यापिकाओं व विद्यार्थियों के दरमियान चल रही समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

# नगीना में सड़क हादसे में नर्स की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** धामपुर नगीना मार्ग पर सड़क हादसे में नर्स की मौत हो गई। यह घटना नेशनल हाईवे पुरैनी के पास की है। कोतवाली देहात के सरकारी अस्पताल में कार्यरत 45 वर्षीय अंशु रानी ड्यूटी से घर लौट रही थीं।



### सड़क पार करते समय हुआ हादसा

सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। डायल ११२ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घायल नर्स और बुलेट सवार को सीएचसी ले जाया गया। डॉक्टरों ने अंशु रानी को मृत घोषित कर दिया।

बुलेट सवार युवक की स्थिति भी गंभीर है। उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बिजनौर रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतक नर्स के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अंशु रानी सैदपुरी थाना नगीना की रहने वाली थीं। वह गोपेंद्र की पत्नी थीं। उनकी अचानक मौत से परिवार में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली

**कासमपुर गढ़ी।** संचारी रोगों से लोगों को जागरूक करने के लिए प्राथमिक विद्यालय मेघपुर के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया हुआ है। जिससे आने वाले ग्रीष्म ऋतु व वर्षा ऋतु में होने वाले संचारी रोग डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार आदि से बचा जा सके।इसी उद्देश्य को साकार करने व लोगों को जागरूक करने के लिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत आज ग्राम मे अध्यापक मौहम्मद इकबाल के नेतृत्व मे संचारी रोगों से बचाव हेतु ग्राम मेघपुर मे रैली निकाली गई। जिसमें बच्चों ने स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है, बुखार में देरी पड़ेगी भारी आदि से नारों से ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री विपिन देवी, उमारानी,व सहायक अध्यापिका शबाना व दीपक कुमार आदि साथ मे रहे।

# धूमधाम से निकाली गई भगवान महावीर की शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जैन धर्म के अंतिम तीर्थकर भगवान की जयंती आज श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाई गई। प्रातः शंभा बाजार स्थित जैन मंदिर पर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन (भट्टे वालों) द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तदुपरांत भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सुनील जैन एवं कल्पना जैन द्वारा रथ में विराजमान भगवान महावीर की आरती की गई। इसके उपरांत प्रारंभ हुई शोभायात्रा में सबसे आगे जैन धर्म का बैनर लिए दो युवक चल रहे थे। जिनके पीछे चार घोड़ों पर किशोर जैन धर्म के ध्वज लिये बैठे थे।

शोभायात्रा में जहां बाहर से आई ढोल पार्टी अपनी करतब दिखा रही थीं, वहीं गड़ूलनों पर मानस्तंभ, घटिया व अहिंसा परमो धर्म का बैनर लगा हुआ था। दो गड़ूलनों पर चंवर व जैन धर्म की झण्डियां लगी हुई थीं, उसके पीछे एक ठेले पर जलती धूप वातावरण को सुगंधित कर रही थीं। एक पालकी में शोभायमान जैन धर्म के पावन ग्रंथ श्री जिनवाणी को चार कहार उठाये चल रहे थे, जबकि दो बैण्ड जैन धर्म के भजनों से वातारण को भक्तिमय बना रहे थे। शोभायात्रा में एक सुसज्जित बग्घी में राजा श्रेणिक के रूप में प्रदीप कुमार जैन व उनकी पत्नी रानी चेलना के रूप में श्रीमती स्नेहलता जैन बैठे हुए थे।



# भीमराव अंबेडकर का संविधान हमारी ढाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पीडीए चर्चा के कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम रायपुर ताहिर के व ग्राम शादीपुर ग्राम प्रधान अकरम के निवास स्थान पर सभा को संबोधित करते हुए शमशाद रशीद महीगीर ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का संविधान हमारी संजीवनी है। संविधान हमें ताकत देता है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का एहसान हम जिंदगी भर नहीं भूल सकते। उसके बाद शमशाद रशीद ग्राम ब्राह्मण वाला पहुंचे और अंबेडकर धर्मशाला में इकबाल अंसारी की अध्यक्षता जय शंकर सिंह के संचालन में सभा को संबोधित किया। उन्होंने सांसद को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव बैलेट पेपर से करवाने की मांग की। इस मौके पर अंबेडकर धर्मशाला के पास की सड़क बनवाने व नल लगवाने की मांग की गई। बैठक में किशन सिंह, रतन सिंह, बृजपाल सिंह, प्रेम सिंह, रणजीत सिंह, नईम, शफीक, हनीफ, शमीम, काशिफ, दिलशाद इत्यादि लोगों ने भाग लिया।

# जांच के बाद भी दिखा रहा है हेकड़ी

## वक्फ बोर्ड अधिकारियों से बता रहा है गहरी साठगांठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** किसानों ने बताया कि नगर पंचायत ने भी मरहूम पूर्व चेयरपर्सन अफशा निगार ने भी भू माफिया के अवैध कब्जे की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। वक्फ की जमीन में प्लॉटिंग करके कॉलोनी बनाने और वक्फ बोर्ड से किसानों को ब्लैकमेलिंग के लिए नोटिस जारी कराने वाला शातिर भू माफिया और उसके पुत्र अपने खिलाफ शुरू हुई जांच से विचलित नहीं है वे इस जांच को कोई खास कार्यवाही न मानकर अभी भी लोगों के हेकड़ी दिखा रहे हैं।

वक्फ बोर्ड मुस्लिम समाज के लिए लाभ पहुंचाने की मंशा से बनाया गया है। हालांकि जो काम वक्फ बोर्ड में होता हैं वहीं कार्य चिट्स ,फंड एवं सोसाइटी रजिस्ट्रार कार्यालय में होता हैं फर्क सिर्फ इतना है कि यहां सबका कार्य होता हैं । चिट्स फंड एवं सोसाइटी रजिस्ट्रार के यहां सामाजिक , धार्मिक, आर्थिक सभी प्रकार की अन्य संस्थाओं, मंदिर धर्मशालाओं आदि समितियों का रजिस्ट्रेशन होता हैं और वक्फ बोर्ड में सिर्फ मुस्लिमो की मस्जिदों, मदरसों और कब्रिस्तान आदि की देखरेख के लिए कमेटिया बनाई जाती हैं। किंतु वक्फ बोर्ड में कमेटिया वक्फ सम्पत्ति को हथियाने, उसे खुर्द बुर्द करने को कायम होती हैं और मुतवल्ली खुद वक्फ सम्पत्ति का मालिक बन बैठता हैं मंडावर में जिन लोगों ने अपनी सम्पत्ति को वक्फ बोर्ड में दर्ज कराया उनकी संपत्ति को हड़पने, कब्जाने या बेचने के उद्देश्य से शातिर लोगों ने वक्फ बोर्ड पहुंचकर अपने को मुतवल्ली पद पर कायम कराया और खुलकर वक्फ सम्पत्ति के बारे न्यारे कर डाले। मौहल्ला अफगानान के बदनाम भू माफिया ने भी वक्फ सम्पत्ति को हथियाने, कब्जाने और उसे बेचने के लिए अपने पुत्र पहले बाजार शंभा वाली एक मस्जिद कमेटी का सेक्रेटरी और बाद में मुतवल्ली बनवाया जिसे उस मस्जिद के सभी लोग फर्जी और कागज मात्र मानते हैं क्योंकि न तो वह उस मस्जिद क्षेत्र का निवासी है। न नवाजी न और न खिदमदगार हैं। बस मस्जिद की आड़ लेकर अनेक किसानों को परेशान करने, उन्हें ब्लैकमेलिंग करने और वक्फ सम्पत्ति कब्जाने बेचने के मैदान में कूदा है जो इस्लाम के हिसाब से भी उचित नहीं हैं।

कल एसडीएम सदर के आदेश पर इस पूरे प्रकरण की जांच हल्का लेखपाल ने की और दर्जन भर पीड़ित किसानों के बयान दर्ज किए। हालांकि भू माफिया गैंग में खलबली मची हुई है किंतु अभी भी हेकड़ी दिखा रहे हैं और लोगों कह रहे हैं कि उनके खिलाफ शुरू हुई जांच कोई खास बात नहीं है। इस जांच से उनका कुछ नहीं बिगड़ने वाला है। वे अपने मकसद को पूरा करके रहेंगे उन्हें कोई वक्फ की जमीन में प्लॉटिंग करने, कॉलोनी बनाने से नहीं रोक सकता। क्योंकि वक्फ बोर्ड में उनकी अच्छी पैठ है। वक्फ बोर्ड के अधिकारियों से बेहतरीन साठगांठ हैं।

उल्लेखनीय हैं कि लोगों की नहीं सरकारी जमीन पर भी अवैध कब्जा जमाने उसे बेचने में माहिर शातिर दिमाग भू माफिया के परिवार के लोग थाने में भू माफिया के रूप में दर्ज हैं। नगर पंचायत की पूर्व चेयरपर्सन एवं वर्तमान चेयरमैन मो आसिफ की पत्नी स्व.अफशा निगार ने अपने कार्यकाल में नगर पंचायत की संपत्ति को अवैध रूप से कब्जाने और उसे बेचने की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। ि

जसमें मरहूम चेयरपर्सन अफशा निगार ने कहा था कि मो बसी पुत्र मो सफी मोहल्ला अफगगान मंडावर द्वारा नगर पंचायत के अंतर्गत स्थित आराजी पर कब्जा कर रखा है । मो बसी द्वारा खसरा नंबर 1936 तालाब के नाम से अंकित है को अपनी आराजी खसरा न. 1934में शामिल कर विक्रय कर दिया । जिससे नगर पंचायत को करोड रुपए की हानि होना बताते हुए उसे एक शातिर किस्म का व्यक्ति बताया गया था स शिकायती पत्र में कहा गया कि मो बसी द्वारा मंडावर में खसरा नं. 1881 क्षे. क्षेत्र 271 है जो 90 लाख की संपत्ति है जिसका मालिक लापता को मृतक दिखाकर उसकी फर्जी विरासत कराकर बैनामा अपने भाई के नाम करा लिया ,जो गलत है ।इस व्यक्ति के बच्चे हुए पत्नी भी हैं जो कि बाहर रहते हैं ।

चेयरपर्सन ने आरोप लगाया था कि ग्राम रसूलपुर खुर्द में भी ग्राम सभा की भूमि पर खसरा नं. 48 क्षे.262 है मो बसी द्वारा ग्राम मंडावर से भी नगर पंचायत की भूमि पर मकान बना रखा है और बताया कि यह आए दिन लोगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर उन्हें परेशान करता है तथा बाद में उनसे पैसे मांगता है इस व्यक्ति से पूरा कस्बा परेशान है ।

# भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर पालकी यात्रा निकाली

## जैन समाज के लोगों ने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जैन समाज ने भगवान महावीर स्वामी की जयंती के उपलक्ष में पालकी यात्रा निकाली। पालकी यात्रा निकालते हुए पांडुकशिला पर श्री जी का नमन किया गया।

समाचार के अनुसार जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर जैन समाज के लोग दिगम्बर जैन मंदिर में एकत्र हुए तथा धार्मिक आयोजनों के साथ पंडित सनमति जैन द्वारा मंत्र द्वारा भगवान महावीर की पूजा अर्चना की गई। समाज के लोगों ने अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही भगवान महावीर की प्रतिमा को लेकर सौ धर्म इंद्र बने जसपुर से आये अवलोक जैन सात सूंड वाला ऐरावत हाथी पर सवार होकर चले। अचल जैन कुबेर बनें।

पालकी यात्रा में सबसे आगे ध्वज लेकर यात्रा की अगवानी करते हुए बैंड धार्मिक धुने बजाते हुए चल रहे थे। साथ ही जैन समाज के महिला पुरुष भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। पालकी जैन मंदिर से प्रारम्भ होकर अपने निर्धारित मार्गों से होती हुई जैन विद्या मंदिर इंटर कालेज पहुचीं। वहां पर स्थित पांडुकशिला पर अवलोक जैन द्वारा श्री जी का नमन किया गया।



उसके पश्चात पालकी यात्रा वापस मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रबंधक राजीव जैन, नगर अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन महासंघ ऋषभ जैन, बंटी जैन, अरुण जैन, सुरेंद्र जैन, काका जैन, सौरभ जैन, हेमन्त जैन, निकुंज जैन, संदीप जैन, नितिन जैन, डॉ. अंकुर जैन, अभिनव जैन, अरिहंत जैन, पंकज जैन बिट्टू, प्रदीप जैन, शरद जैन, अशोक जैन, शुभम जैन, जितेंद्र जैन, अजय जैन, अरविंद जैन, पंकज जैन बिट्टू, पुनीत जैन, रिया जैन, अनीता जैन, मनीषा जैन, नेहा जैन, रूपल जैन, तेजस जैन, कामनी जैन, रेणु जैन, संध्या जैन, आरोही जैन, सुरभी जैन, गरिमा जैन, सुमन जैन, खुसबू जैन, दीक्षा जैन, पूनम जैन, प्राप्ति जैन, चारु जैन जसपुर, इष्टि जैन, अरनी जैन, इशिता जैन, चारवी जैन आदि समाज के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

# शेरकोट के युवक की हरिद्वार में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ग्राम भनोटी में एक दु:खद घटना से ग्राम में शोक व्याप्त हो गया। हरिद्वार की एक फैक्ट्री में काम करने वाले ग्राम के 30 वर्षीय युवक सनी की मौत हो गई ।

बताया जाता है कि भगत सिंह का पुत्र सनी हरिद्वार की एक फैक्ट्री में काम करता था। बुधवार शाम को वह फैक्ट्री में खराब मशीन को ठीक कर रहा था, तभी मशीन के ऊपर लगा लोहे का भारी रोड उसके सिर पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फैक्ट्री प्रबंधन ने उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतक की तीन साल पहले ही शादी हुई थी तथा उसकी पत्नी गर्भवती है। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव ग्राम पहुंचा, तो परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक का अंतिम संस्कार रामगंगा स्थित शमशान घाट पर किया गया। इस घटना से ग्राम में शोक की लहर है। ग्रामीण मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।




# गर्मी से राहत महसूस की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** वर्षा से क्षेत्र मे पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली।

क्षेत्र में मार्च का महीना खत्म होते ही मौसम का मिजाज बदल गया था और हर दिन पारा चढ़ने से गर्मी ने लोगों का बुरा हाल कर दिया था।

लेकिन आज यहां क्षेत्र मे तेज वर्षा होने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की और ठंडी हवाओं का आनंद लिया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SAVITRI TOMAR W/O RAMESH TOMAR से बदल कर SAVITRI TOMER W/O RAMESH TOMAR निवासी सिविल लाइन-2 बुद्धा हॉस्पिटल बिजनौर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।


## एक नजर

### विधायक अशोक राणा ने लगवाया राष्ट्रीय ध्वज



**धामपुर।** विधायक अशोक कुमार राणा के प्रयास से नगीना चौक पर एक बार फिर से राष्ट्रीय द्वारा लहराने लगा है। विगत काफी दिनों से नगीना चौराहा पर राष्ट्रीय ध्वज ना लगे होने का विषय धामपुर शहर व आस पास के प्रबुद्धजनों व आमजन ने भी किया था। पिछले दिनों विधायक के द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी नगर पालिका धामपुर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज ना लगे होने की बात सामने आई थी। इस पर विधायक अशोक कुमार राणा के प्रयास और प्रशासन को दिए गए निर्देशों के क्रम में नगीना चौराहा पर फिर से राष्ट्रीय ध्वज लहराने लगा है।

### दरगाहे फातेमा पर मजलिसें आज से



**हल्दौर।** एईएम चैरटेबिल वैलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में ग्राम छजुपुरा सादात स्थित दरगाहे आलिया हजरत फातेमातुज्जहरा (स.अ.) में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय सालाना मजलिसों का आयोजन 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक किया जायेगा। बता दें कि दरगाहे आलिया फातेमातुज्जहरा में जिले ही नहीं बल्कि देशभर के दूरदराज क्षेत्रों से जायरीन शिरकत करने आते हैं और बीबी की दरगाह पर चादर चढ़ाकर मन्नतें मांगते हैं। ऐसी आस्था है कि इस दरगाह पर सच्चे और स्वच्छ मन से मांगी गई। मानव हित की हर मन्नत पूरी होती है। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी शाही वास्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष मजलिसों को मौलाना अली रिजवान, मौलाना गुलजार हुसैन जाफरी, मौलाना मौहम्मद अली, मौलाना मैहदी अब्बास, मौलाना रईस अहमद, मौलाना अब्बास इरशाद नकवी, मौलाना कमर सुल्तान, मौलाना मीसम जैदी, मौलाना जावेद आब्दी, मौलाना अजादार हुसैन, मौलाना जेनान असगर मौलाई, मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास तथा मौलाना अली हैदर आब्दी आदि उलेमा व जाकेरिन संबोधित करेंगे।

### प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक आज

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहम्मद नदीम, राज्य सूचना आयुक्त, उ.प्र. 11 अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रातः साढ़े दस बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त विभागों के जन सूचना अधिकारियों एवं उनके प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगें। उन्होंने विचार-विमर्श बिन्दुओं की जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि जनपद के समस्त विभागों के जन सूचना अधिकारियों के पास माह मार्च वर्ष 2025 तक सूचना प्राप्त करने संबंधित कितने 6 ( 1 ) आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं और उनमें से कितने आवेदन पत्रों का निस्तारण जन सूचनाधिकारी द्वारा अपने स्तर से किया गया है, इसके पूर्ण विवरण के साथ बैठक में उपस्थित हों तथा जिले के समस्त विभागों के प्रथम अपीलीय अधिकारियों पास सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 की धारा-19 ( 1 ) के तहत माह मार्च वर्ष 2025 तक कितने प्रकरण पंजीकृत हुए तथा उनके निस्तारण के संबंध में अद्यतन स्थिति का पूर्ण विवरण बैठक में प्रतिभाग करें। उन्होंने बताया कि जन सूचनाधिकारियों के समक्ष सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 की धारा-6 ( 1 ) के तहत प्रस्तुत आवेदन पत्रों एवं उनके प्रथम अपीलीय अधिकारियों के समक्ष सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 की धारा-19 ( 1 ) के तहत प्राप्त आवेदन पत्रों के निस्तारण के दौरान आने वाली समस्याओं/कठिनाइयों के निस्तारण हेतु उनके प्रश्नों का समाधान आयुक्त द्वारा किया जायेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सूचना आयोग उप्र द्वारा जिन वादों में अभी तक अर्थदण्ड वसूली और क्षतिपूर्ति की कार्यवाही की गयी है, संबंधित अधिकारी उसका विस्तृत विवरण बैठक में उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में किसी दो तहसीलों व दो विकास खण्डों के जनसूचना प्रकोष्ठ का निरीक्षण करेंगें जहां वह अवलोकन करेंगें कि उ.प्र. सूचना का अधिकार नियमावली-2015 के क्रम में प्रारूप-03 आरटी.आई. आवेदन पत्र रजिस्टर तैयार किया गया है अथवा नहीं साथ ही जन सूचनाधिकारियों एवं उनके प्रथम अपीलीय अधिकारियों के नेम प्लेट/ बोर्ड लगें हैं अथवा नहीं। उन्होंने उपरोक्त के संबंध में जनपद के समस्त विभागों के जन सूचनाधिकारियों एवं उनके प्रथम अपीलीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये। उन्होंने बताया कि उक्त के संबंध में यदि किसी प्रकार की और जानकारी की आवश्यकता हो तो वह सूचना आयुक्त के निजी सचिव टेलीफोन नं.-0522, 2724936/9044006216 पर प्राप्त की जा सकती है।

# किशोरी के साथ छेड़छाड़ के आरोप में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## किशोरी के परिजनों ने पहले भी दो बार अन्य पर दर्ज कराई थी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्टेशन मार्ग आर्य समाज परिसर स्थित आवास में गैर संप्रदाय किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता के पिता ने बुधवार रात 112 पुलिस को सूचना दी थी कि आर्य समाज परिसर के पीछे स्थित आवास में कुछ लोग उसकी पुत्री को जबरन अपने साथ ले गए हैं तथा उसके साथ अश्लील छेड़छाड़ कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा एक कमरे से तीन युवकों सहित किशोरी को संदिग्ध अवस्था में बरामद कर कोतवाली धामपुर पहुंची। कोतवाल राजेश चौहान ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर मौहल्ला अफगानान निवासी नारायण तथा गुजरातीयान निवासी चाचा भतीजे नितिन तथा शुभम के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है। उधर बताया जाता है कि पीड़िता के द्वारा इससे पहले भी दो बार छेड़छाड़ सहित अन्य मामले में दो बार शिकायत पुलिस में की गई थी। अब इसके द्वारा तीसरी बार छेड़छाड़ की गई है। पुलिस इस पहलू को लेकर इस प्रकरण की जांच कर रही है।

### पीड़ित पर मुकदमा वापस लेने का दबाव

**धामपुर।** ग्राम रामठेरा में प्रधान साहित पांच लोगों ने गांव के ही ओमप्रकाश प्रजापति के घर में घुसकर लाठी डंडों व लोहे की राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर धामपुर पुलिस ने एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा तो दर्ज कर लिया है। लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी अगली कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे उन दबंग लोगों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और पीड़ित पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। वहीं मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उधर एसपी धर्म सिंह मार्छल का कहना है कि अगर पीड़ित को धमकी मिल रही है तो दोबारा मुकदमा दर्ज हो जाएगा। आरोपियों के खिलाफ शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी।

# तालाब की समस्या से ग्रामीण जूझ रहे

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम का दौरा कर पानी की निकासी को रुकवाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम नरगदी गंधु में कैंसर से 18 मौत होने पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में शिकायत को एक साल बीत जाने के बाद भी तालाब की समस्या से ग्रामीण आज भी जूझ रहे हैं। अब इस मामले में उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने भी जिला प्रशासन से जवाब मांगा है। जिसको लेकर राजस्व विभाग व विकास खंड और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव का दौरा किया है और तालाब में पहुंच रहे गांव के पानी की निकासी को रुकवाया है।

नहटौर क्षेत्र के गांव नरगदी गंधु के ग्राम प्रधान आबिद अंसारी के मुताबिक गांव के पास में ही एक तालाब है। जिससे गांव में बीमारी फैल रही है। गांव में करीब ढाई वर्ष में 18 मौत कैंसर से हो गई है। इसी को लेकर ग्राम प्रधान ने राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण व मानवाधिकार आयोग सहित कई स्थानों पर शिकायत की थी। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण दिल्ली की ओर से इसमें जिलाधिकारी को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया था। जिस पर डीएम द्वारा डीपीआरओ व एसडीएम और बीडीओ की एक टीम गठित की गई थी। टीम ने अगस्त 2024 को गांव पहुंचकर पानी की जांच के लिए नमूने लिए थे। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में एक वर्ष पूर्व की गई शिकायत के बावजूद भी तालाब के पानी को नहीं निकाला गया था। अब इस मामले में उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने डीएम बिजनौर से जवाब मांगा है। जिसको लेकर बुधवार को खंड विकास क्षेत्र के एडीओ पंचायत मनोज कुमार, ग्राम पंचायत सचिव विशेष कुमार, हल्का लेखपाल तेजपाल सिंह व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गांव पहुंचे। टीम ने गांव की पानी का निकासी को तालाब में जाने से रूकवाया है। अब गांव के पानी की निकासी बनाए गए नालों में की गई है। उधर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से बीमारियों के संबंध में जानकारी ली है। हल्का लेखपाल तेजपाल सिंह ने बताया कि किन-किन बिंदुओं पर जांच की जानी है। उनको तय किया जा रहा है।

एडीओ पंचायत मनोज कुमार ने बताया कि गांव के पानी की निकासी तालाब में रोक दी गई है। और गांव के पानी की निकासी बनाए गए नालों में की गई है।

# संविलियन विद्यालय नारायणवाला में वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** संविलियन विद्यालय नारायणवाला में वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा आठ उत्तीर्ण बच्चों को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत करते हुए बच्चों को पुस्तकें वितरित की गई।

### कक्षा आठ के उत्तीर्ण बच्चों को भावभीनी विदाई




कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर, सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से प्रारंभ हुआ। प्रोग्राम की इंचार्ज करुणा सिंह सहित दिनेश कुमार, मीना कुमारी व मौहम्मद ताहिर व राजपाल सिंह ने अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत करते हुए उन्हें शील्ड भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कक्षा आठ उत्तीर्ण बच्चों को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत करते हुए बच्चों को पुस्तकें वितरित की गई। प्रोग्राम में स्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रगति-पत्र/प्रशस्ति पत्र देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। अपने-अपने संबोधन में वक्ताओं ने स्कूल की शिक्षा एवं व्यवस्थाओं को सराहा और बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए इंचार्ज प्रधानाध्यापिका करुणा सिंह चौहान की मेहनत की प्रशंसा की। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह राणा की अध्यक्षता एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापिका करुणा सिंह चौहान व शिक्षामित्र राजपाल सिंह के संयुक्त संचालन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अफजलगढ़ सीपी पांडे मुख्य अतिथि के रूप में एवं एडीओ पंचायत ललित प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान बेगराज सिंह, भूपेंद्र सिंह, मौहम्मद असलम व छात्र-छात्राओं समेत अनेक अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### लाखों का सामान जलकर राख



**हीमपुर दीपा।** गरीब के आशियाने में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। विशेष बात यह है कि पीड़ित गरीब, अपनी बेटी की शादी के लिए थोड़ा-थोड़ा कर समान इकट्ठा कर रहा था, जो बीती रात लगी आग में जलकर राख हो गया। क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर कला में बीती रात एक बड़ी दुर्घटना घटित हो गई। बताया जा रहा है कि बिजली की चिंगारी से नसीम पुत्र जहीर के छप्परनुमा मकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और मकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक काफी नुकसान हो चुका था। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। गुरुवार को पीड़ित ने बताया कि लड़की की शादी के लिए थोड़ा-थोड़ा सामान इकट्ठा किया जा रहा था, जो सारा जलकर राख हो गया है। पीड़ित ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

### सुचित चौधरी बने नगराध्यक्ष



**चांदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार पलसानिया की संस्तुति पर सुचित चौधरी को बिजनौर नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम अवतार पलसानिया, प्रदेश अध्यक्ष मनु चौधरी दांतल एवं प्रदेश संयोजक अंकित बालियान ने चांदपुर के ग्राम इस्माइलपुर निवासी युवा समाजसेवी सुचित चौधरी को बिजनौर नगर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। संयुक्त हस्ताक्षर युक्त मनोनयन पत्र में तीनों वरिष्ठ जाट नेताओं द्वारा नव मनोनीत युवा समाजसेवी सुचित चौधरी से आशा व्यक्त की है कि वह जाट समाज के लिए कला, शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण व गौरवशाली जाट इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर जनपद बिजनौर में कार्य करेंगे। तीनों जाट नेताओं ने सुचित चौधरी के उज्जवल भविष्य की भी कामना की है। सुचित चौधरी के मनोनयन पर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के उत्तर प्रदेश के सचिव विकुल मलिक सहित जनपद बिजनौर के जाट नेताओं ने उनको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। सुचित चौधरी के निवास ग्राम इस्माइलपुर में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

### बीएससी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बीएससी तृतीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान) बीएससी तृतीय सेमेस्टर (गृह विज्ञान) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी, बिजनौर की छात्राओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। बीएससी प्रथम सेमेस्टर (गृह विज्ञान) की छात्र इरफा नाज़ ने (7.84 एसजीपीए) प्रथम, रचना ने (7.60 एसजीपीए) द्वितीय तथा कविता ने (7.52 एसजीपीए) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निद. ेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा तथा गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. शालिनी शर्मा, सहायक प्रवक्ता श्रीमति आयशा, श्रीमति सीमा, श्रीमति ज्योति चौहान, श्रीमति प्रीति चौहान ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महावीर स्वामी की पालकी यात्रा निकाली



**धामपुर।** सकल जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी की जयंती के उपलक्ष में पालकी यात्रा धूमधाम से निकाली गई। दिगंबर जैन मंदिर से पूजा-अर्चना कर महावीर स्वामी जयंती के उपलक्ष में पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी में भगवान महावीर की मूर्ति रखकर कंधे पर लेकर चल रहे थे। नगर में पालकी यात्रा का स्थान स्थान पर आरती कर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पालकी यात्रा में पंडित प्रदीप जैन शास्त्री भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे उनके साथ सकल जैन समाज के महिला पुरुष भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। पालकी यात्रा में सबसे आगे बैंड बाजे वाले धार्मिक धुन बजाते हुए चल रहे थे और साथ में उत्साही युवक धार्मिक ध्वजा लेकर चल रहे थे। पालकी यात्रा दिगंबर जैन मंदिर से शुरू होकर राधा कृष्ण मंदिर बुत कोठी होते हुए भगत सिंह चौक में मार्केट होते हुए खारी कुआं नेजो वाली मस्जिद से होते हुए बड़ा जैन मंदिर में आकर संपन्न हुई। पालकी यात्रा में पुलिस बल सुरक्षा के लिए साथ में चल रहा था। पालकी यात्रा में पंडित प्रदीप जैन शास्त्री, निखिल जैन, सुभाष जैन, अनिल जैन, प्रदीप जैन, नमन जैन, अवधेश जैन, मनोज जैन, गीता जैन, ऋचा जैन, राखी जैन, सीमा जैन, ममता जैन आदि शामिल रहे।

### तीन दिवसीय श्री हनुमान जन्म महोत्सव का शुभारंभ




**धामपुर।** मौहल्ला बाड़वान स्थित श्री राम रुपाए श्री बालाजी मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री हनुमान जन्म महोत्सव का शुभारंभ श्री रामचरितमानस के सामूहिक अखंड पाठ से हो गया है। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान राम तथा उनके अनन्य भक्त वीर बजरंग. बली हनुमान जी महाराज के पारंपरिक जयकारों से मंदिर को गुंजा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के महंत संदीप गोस्वामी तथा लज्जा देवी के संरक्षण में सामूहिक पूजन से किया गया। इस अवसर पर महंत संदीप गोस्वामी ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालु परिवारों का आवाहन किया कि वह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्श मय जीवन सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए उनके द्वारा किए गए मर्यादित एवं अनुशासित कार्यों को जीवन में स्थान दिलाने का संकल्प ले। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ करते हुए दोनों और चौपाइयों के सामूहिक उच्चारण से कार्यक्रम स्थल को राम मय बना दिया।

# त्रिदिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण सत्र संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गन्ना किसानों को गन्ना खेती की नवीन गन्ना किस्मों की जानकारी कराने एवं गन्ना खेती को अधिक लाभकारी बनाने हेतु कृषकों के प्रशिक्षण के प्रथम चरण में जनपद बिजनौर के गन्ना विकास परिषदों के 90 से अधिक मास्टर ट्रेनर, जिसमें गन्ना पर्यवेक्षक, चीनी मिल के योग्य कार्मिक एवं प्रगतिशील कृषक सम्मिलित हैं।

### 90 से अधिक मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे




प्राप्त समाचार के अनुसार तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के तीसरे दिन जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर पीएन सिंह ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण सत्र में सभी वार्ताकारों / वैज्ञानिकों के द्वारा दी जा रही नई तकनीकों के व्यावहारिक ज्ञान को प्राप्त करके द्वितीय चरण में न्याय पंचायत स्तर पर होने वाले कृषक प्रशिक्षण में गन्ना किसानों को उन्नत तकनीक से प्रशिक्षित करके गन्ने की खेती को अधिक लाभकारी बनाने एवं गन्ने की उत्पादक बढ़ाने में अपना अमूल्य योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण का रोस्टर शीघ्र जारी कर दिया जाएगा, जिसके अनुसार सभी मास्टर ट्रेनर अपने अपने आवंटित न्याय पंचायत में 50 - 50 कृषकों के समूह को गन्ने की उच्च उत्पादकता प्राप्त करने, गन्ने की खेती को अधिक लाभकारी बनाने की विभिन्न विधाओ के संबंध में प्रशिक्षण देंगे।

तीसरे दिवस कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी पिंटू कुमार ने गन्ने में लगने वाले समसामयिक कीट जैसे पायरिल्ला व बेधक कीटो के बचाव, नियंत्रण एवं उन्मूलन के यांत्रिक, जैविक, रासायनिक उपायों के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तार से प्रशिक्षित किया।

के.वी.के. नगीना के पादप प्रजनन वैज्ञानिक डा. केके सिंह ने गन्ने की उत्पादकता बढ़ाने में विभिन्न ग्रोथ रेगुलेटर जैसे जिबरेलिक एसिड, ह्यूमिक एसिड आदि की महत्ता के संबंध में जानकारी देकर भूमि में कार्बनिक पदार्थ बढ़ाने के लिए नौ प्रकार की फसलों जैसे ढैंचा, सनई, ज्वार, ग्वार, बाजरा, तिल आदि को हरी खाद के रूप में उगाकर 45 दिन बाद मिट्टी में पलटने के सम्बंध में जानकारी दी।

शुगर मिल बिजनौर के वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना मोनी शर्मा ने समसामयिक कर्षण क्रियाएं, बीज के चयन, बीज उपचार, भूमि उपचार, भूमि की तैयारी, आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

शुगर मिल बुंदकी के उप महा प्रबंधक गन्ना लवकुश सिंह ने गन्ने की अच्छी पैदावार लेने के विभिन्न उपाय जैसे वाइड रो स्पेसिंग, गहरी जुताई, गन्ने की उन्नत एवं रोग रोधी नवीन प्रजातियों यथा सीओएस 13235, 17231, 18231, सीओएलके 14201, 16202, सीओ 15023, 0118 की बुवाई करने का सुझाव दिया।

बहादरपुर शुगर मिल के मुख्य महा प्रबंधक गन्ना उमेश विशेन ने गन्ने का अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु ट्रेंच विधि, रिंग पिट विधि अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस विधि से पौधा फसल का उत्पादन तो अच्छा होता ही है, पेड़ी फसल भी अच्छा उत्पादन देती है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर ने गन्ना विकास विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं यथा जिला योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत स्थापित किये जाने वाले आधार पौधशाला, प्राथमिक पौधशाला, विभिन्न प्रकार के ट्रेंच, सहफसली, समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन, समन्वित कीट प्रबंधन, कम्पलीट पैकेज ऑफ प्रैक्टिस के प्रदर्शन प्लाट, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, गन्ना समिति में स्थापित फार्म मशीन. री बैंक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान ही मास्टर ट्रेनर के बीच से नवोन्मेषी कृषक मानव अहलावत, नीतू राजपूत, राहुल जवान ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि गन्ने का उत्पादन बढ़ाने हेतु ट्रेंच विधि को अपनाना ही होगा, साथ ही वाइड रो स्पेसिंग, गहरी जुताई, बीज उपचार, भूमि उपचार अपनाने का सुझाव दिया।

मास्टर ट्रेनर के बीच से ही चीनी मिल बिलाई के वक्ता यशपाल सिंह ने प्रशिक्षण सत्र में समा बाधते हुए कविता के रूप में गन्ने की उन्नत शील खेती के विभिन्न उपायों के बारे में अपनी बात रखी। यशपाल की वार्ता को सुनकर अन्य मास्टर ट्रेनर भी प्रभावित हुए और तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। चीनी मिल बरकतपुर के मास्टर ट्रेनर विकास चौधरी, चीनी मिल बुंदकी के मास्टर ट्रेनर कुलवीर सिंह ने भी औसत उत्पादन बढ़ाने हेतु ट्रेंच विधि अपनाने पर जोर दिया साथ ही भूमि उपचार, बीज उपचार की महत्ता के बारे में भी बताया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नगीना, बरकतपुर, बिजनौर एवं अफजलगढ़ ने भी विभागीय जानकारी दी।

प्रशिक्षण सत्र का संचालन ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धामपुर अमित पाण्डेय ने किया। प्रशिक्षण सत्र में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नगीना, बिजनौर, बरकतपुर, अफजलगढ़, चीनी मिल बुंदकी के उप महाप्रबंधक गन्ना लवकुश सिंह के साथ 90 से अधिक मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि इस प्रशिक्षण सत्र के उपरांत सभी मास्टर ट्रेनर जिले से निर्धारित रोस्टर के अनुसार न्याय पंचायत स्तर पर 50-50 कृषकों के समूह को प्रशिक्षित करेंगे।



सम्भल। रिजव पुलिस लाइन का निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते पुलिस अधीक्षक के के विशनोई।

**पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का किया वार्षिक निरीक्षण**

# भोजन की गुणवत्ता बढ़ाने के निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** रिजर्व पुलिस लाइन का पुलिस अधीक्षक ने वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई और प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिए।

गुरूवार को पुलिस अधीक्षक के के विशनोई रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सशस्त्र गार्द की सलामी लेकर शस्त्रगार का निरीक्षण किया। जिसमें शस्त्रों के रखरखाव व रजिस्टर का अवलोकन किया एवं शस्त्रागार में रखे राजकीय शस्त्रों के रखरखाव को निर्देशित किया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने सम्पत्ति स्टोर रुम का निरीक्षण कर राजकीय सम्पत्ति से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया और स्टोर में रखे सामान के रखरखाव को सम्बन्ध में स्टोर मोहर्रिर व प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जबकि पुलिस कर्मियों के खाने पीने की व्यवस्था के लिये संचालित भोजनालय के निरीक्षण में साफ-सफाई रखने तथा भोजन की गुणवत्ता बढ़ाने को निर्देशत किया। इसके अलावा डीसीआर कार्यालय, डायल 112 कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, गार्द रूम, कैण्टीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा स्नानघर/ शौचालयों/ आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई व उचित रख रखाव आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित किया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन गणेश गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बाल अपराध रोकने को समिति का गठन

**सम्भल।** एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना के तहत प्रयत्न संस्था एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी चंद्रभूषण के सहयोग से बाल अपराधों की रोकथाम को चल रहे अभियान में ग्राम चिम्यावली में समिति का गठन किया गया। इस दौरान गौरी शंकर चौधरी, फरज़ंद वारसी, शिराज चिश्ती मौजूद रहे।

**आरएसएस का मकसद राष्ट्र की सेवा करना भा स मं की राष्ट्रीय संयोजक मां अरूंधती ने अभ्यास वर्ग को लेकर की प्रेस वार्ता**

# अनेकता में एकता ही भारत की खूबसूरती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय सद्भावना मंच के प्रस्तातव अभ्यास वर्ग की सफलता को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा करने पहुंची राष्ट्रीय संयोजक साधवी मां कल्पना अरूंधंति ने पूर्व चैयरमेन एवं भारतीय सद्भावना मंच गो प्रकोष्ठ के उत्तर प्रदेश के संयोजक हाजी नुसरत ईलाही के कोल्ड स्टोरेज पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि संरक्षक एवं मार्ग दर्शक डा. इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन मे ही त्रिदिवसीय अभ्यास वर्ग 25 अप्रैल से 27 अप्रैल 2025 को आयोजित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि अभ्यास वर्ग में बड़ी संख्या मे लोग देशभर से भाग लेंगे। साध्वी मां कल्पना अरुंधति ने कहा कि जो भारत से जुड़े लोग है और जो भारत को अपना सेवक कहते है वह इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।। उन्होने सदभावना मंच के उददेशें की जानकारी देते हुए कहा कि मंच का उद्देशय है कि सभी प्राणियों में सद्भावना हो ओर विश्व का कल्याण हो, अनेकता में एकता यही खूबसूरती हमारे भारत की है। आरएसएस का मकसद भी राष्ट्र की सेवा करना, हम स्वयं सेवक हैं। उसका मतलब यही है विश्व का कल्याण करना। जिस तरह आरएसएस के बारे में भ्रम फैलाया जाता है ऐसा नहीं है। कटटर शब्द भारत की सांस्कृतिक में कभी नहीं रहा है। त्रिस्तरीय अभ्यास वर्ग जो गाजियाबाद में होगा उस पर बोलते हुए कहा कि सारी जिम्मेदारी नुसरत इलाही को दी गई है। उन्हे उम्मीद है और विश्वास है कि वह इसको पूरी तरह अच्छे से व्यवस्था करेंगे। साध्वी जी ने सर्व धर्म संवाद बनाने पर जोर दिया। प्रेस वार्ता के बाद नुसरत इलाही से कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। इस दौरान भारतीय सद्भावना मंच के ठाकुर ध्यानपाल सिंह राष्ट्रीय सह संयोजक, भैया जी गुलफाम जिला संयोजक सम्भल, उत्तर प्रदेश गो प्रकोष्ठ के संयोजक हाजी नुसरत इलाही जामई आदि मौजूद रहे।

**0हाजी नुसरत इलाही करेंगे अभ्यास वर्ग की मेजबानी**




सम्भल। हाजी नुसरत इलाही के कोल्ड स्टोरेज पर पत्रकारों से वार्ता करतीं सदभावना मंच की साध्वी मां कल्पना अरूधंती

# नियामक समिति बिना बढ़ाई फीस को कार्रवाई तय

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** निजि स्कूलों में प्रवेश व कोर्स के नाम पर लग रही मनमानी पर अब रोक लग सकेगी। लगातार मिल रही शिकायतों पर प्रशासनिक की नजर टेंढ़ी होती जा रही है।डीएम ने सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड के विद्यालयों क`साथ बैठक कर छात्र-छात्राओं से लिये जा रहे शुल्क और एनसीआरटीई की पुस्तकों को अनिवार्य करने पर विचार किया।

नया शैक्षिक सत्र शुरू होते ही स्कूलों में प्रवेश और कोर्स के नाम पर लूट खसोट हो रही है। मध्यम व कमज़ोर वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा पाना जैसे मील का पत्थर होने लगा है। जबकि सरकार हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार के तहत स्कूलों में भेजने का अभियान चला रही है,परन्तु निजि स्कूलों में कोर्स और प्रवेश के नाम पर हो रही धांधली थम नहीं रही है। स्कूलों में की जा रही मनमानी की लगातार मिल रही शिकायतों पर प्रशासन की निगाह टेंढ़ी हो गयी है। जिलाधिकारी ने कलैक्ट्रेट सभागार में सीबीएसई व आईसीएई बोर्ड के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक लेकर चर्चा की। बैठक में एनसीआरईअभ पुस्तकों में अनिवार्य करने पर विचार-विर्मश करने के साथ छात्र एवं छात्राओं से लिये जा रहे शुल्क पर चर्चा की गई। जबकि यूनिफार्म बदलने और अनिवार्य शुल्क शिक्षा को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम कुमार ने विद्यालयों की सम्बद्यता की जानकारी देते हुए बताया कि अनूसुचित जाति एवं जनजाति के बच्चें के निजि स्कूलों में प्रवेश के लिण 10 प्रतिशत सीट निर्धारित है और उन पर विद्यालय शासन नियमानुसार ही शुल्क ले सकते हैं। उन्होने बताया कि बच्चों को नि:शुलक एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को कोलिक अधिकार के अर्न्तगत नि:शुल्क शिक्षा पाने का अधिकार है। इसके तहत निजि विद्यालयों में आरटीई एक्ट क तहत 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। उन्होने जिला शुल्क नियामक समिति के बारे में भी जनाकरी दी। डीएम ने कहा कि कोई भी विद्यालय बिना शुल्क नियामक समिति के अपने विद्यालय की शुल्क में यदि वृद्वि करता है तो वह मान्य नहीं होगी। उन्होने कहा कि कोई भी विद्यालय बिना जिला शुल्क में अगर वृद्वि करता है तो वह मान्य नहीं होगीजबकि कोई भी विद्यालय 60 दिन पूर्व जिला शुल्क नियामक समिति को सूचित करेगा कि उनके विद्यालय के शुल्क में कितनी वृद्वि हो रही है और उसके कारण भी उनको दर्शानें होंगे। समिति के अनुमोदन के शुल्क में करता है तो समिति के माध्यम से उस पर कार्यवाही की जायेगी।इसके तहत प्रथम बार नियमों का उल्लंघन करने पर एक लाख रूपये अर्थदंड लगाया जायेगा तथा दूसरी बार पांच लाख और एवं तीसरी बार उल्लंघन करने पर विद्यालय की मान्यता रदद होगी।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्धः मुशीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी एकेडमी में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए दीक्षांत समारोह में नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति ने धमाल मचा दिया।

कक्षा यू के जी के नन्हे`बच्चों के लिए दीक्षांत समारोह में नन्हे मुन्ने बच्चों को जब नीले कोट और दीक्षांत कैप पहन कर डिग्री हासिल की तो उनके और उनके अभिभावकों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। स्कूल प्रबंधक मुशीर तरीन, निर्देशिका शबाना कौसर प्रधानाचार्य विलसन राजन, वरिष्ठ शिक्षिका परवीन ताज, प्रबंधक पुत्र डा. हमजा तरीन. आनो हैनिंगबे, फैजान अली, मौहम्मद जावेद, मीडिया इंचार्ज जुनैद इब्राहिम, यासिर वकास, अमन गोंडियाल, ने सभी बच्चों और उन के अभिभावकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक मुशीर तरीन ने बताया कि इस तरह के समारोह का आयोजन स्कूल में पहली बार किया गया है। उन्होंने कहा कि हम बच्चों के बहुपक्षीय और सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्व हैं। हमारे बच्चे किसी भी तरह से, किसी से भी कम नही रहेंगे। उन्हें बड़े शहरों के बच्चों जैसी सुविधाएं मिलती रहेंगी। स्कूल निर्देशिका शबाना कौसर ने कहा कि इस तरह के समारोह का आयोजन बच्चों का उत्साह और मनोबल बढ़ाने के लिए किया जाता हैं। प्रिंसिपल विल्सन राजन ने कहा आज का दिन हमारे विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहाँ हम अपने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का जश्न मना रहे हैं। परीक्षा परिणाम न केवल छात्रों की अकादमिक उत्कृष्टता को दर्शाते हैं, बल्कि उनके अटूट प्रयासों और हमारे समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन का भी प्रमाण हैं। मैं अपने सभी विद्यार्थियों से आग्रह करता हूँ कि वे अपनी सफलता से संतुष्ट न हों, बल्कि इसे एक नई शुरुआत मानें। कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से वे भविष्य में और भी बड़ी ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकते हैं। आइए, हम सब मिलकर अपने विद्यालय को उत्कृष्टता के नए शिखर पर ले जाएँ। हमजा तरीन ने धन्यवाद देते हुए कहा कहा की मैं अपने सभी छात्रों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए बधाई देता हूँ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रायमेरी सेक्शन की शिक्षिका फरहा दिबा, समरीन, ऐमन, रजिया, मोहसीना, मदिहा तारिक, फौजिया, सुभानी ताहिर, शुमाइला, रिमशा का अहम योगदान रहा।

**0मिशन इंटरनेशल एकेडमी के दीक्षांत समारोह में बच्चों ने मचाया धमाल**



सम्भल। मिशन इंटरनेशनल एकेमडमी के दीक्षांत समारोह में बच्चों को पुरस्कृत करते।

# शहर भर में ई-रिक्शा से लग रहा जाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अप्रशिक्षित हाथों में चल रहे ई रिक्शा शहर भर में जाम का कारण बने हुए हैं। अनगिनत और बिना किसी परीक्षण के चल रहे ई रिक्शा भीड-भाड़ वाले क्षेत्र में एक साथ कई-कई आने से जाम लगा देते हैं। इससे हर समय अनेको समस्याएं बनी रहती है। हालात यह हो गए हैं कि एक साथ ई रिक्शाओं के कई झुंड आने से बाज़ार और अन्य मार्गों पर पैदल निकलना भी दूभर हो गया है,परन्तु पुलिस-प्रशासन और परिवहन विभाग खामोश है। हालांकि पूर्व शहर कोतवाली प्रभारी ने अतिक्रमण हटवाकर और मुख्य बाज़ार में ई रिक्शा का प्रवेश बंद कर जाम लगने पर सफलता पा ली थी, लेकिन शहर के अन्य स्थानों पर ई रिक्शा के कारण हर समय जाम का झाम बना हुआ है,मगर इस ओर प्रशासन या पुलिस का कोई ध्यान नही है। नगरवासी इस समस्या से बुरा परेशान हैं।

## भाकियू की बैठक में संगठन के विस्तार पर ज़ोर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन द्धबी आर एस एसत्र्न द्वारा संगठन विस्तार को लेकर ग्राम - सेवड़ा जसरथ नगला, ग्राम - भाकियू बीआरएसएस की बड़ाताजुद्दीन, महमूदपुर कुंज में जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने भ्रष्टाचार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ पात्रों को भरपूर नहीं मिल पा रहा है। जिसको लेकर जिला स्तर पर एक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# शांति व्यवस्था से नहीं होगा समझौता

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर कोतवाली में आगामी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के दृष्टिगत सीओ द्वारा थाना गुन्नौर पर बैठक की गई। सीओ गुन्नौर दीपक तिवारी ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को है। इसको दृष्टिगत रखते हुए जो कार्यक्रम है।उसको शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाए। कहीं कोई समस्या है तो पुलिस को अवगत करायें। शांति व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं होगा। शांति व्यवस्था को खराब करने वाले के विरुद्व कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कोतवाल अखिलेश प्रधान ने कहा कि नगर में शांति व्यवस्था स्थापित रखना पुलिस का ही नहीं लोगों का भी फर्ज है। इसलिए सभी शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम को संपन्न करें। पुलिस सदैव आपके साथ है। इस दौरान डा. मुकेश चंद्र, बबलू, सुनील कुमार, राजपाल ,रवि आदि मौजूद रहे

**बाबा साहेब की जयंती को लेकर गुन्नौर कोतवाली में हुई बैठक**

## वायरल ऑडियो में सीएचसी प्रभारी आरोपी

**सम्भल।**समाज हित संरक्षण समिति के पदाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा कि किशोरी से छेड़खानी का वायरल ऑडियो से असमोली के सीएचसी प्रभारी संदीप सिंह और फार्मासिस्ट दोनों को ही बराबर का जिम्मेदार है। उन्होने कहा कि 28 मार्च को चिकित्सक ने चोटिला हरपाल सिंह से 10000 की मांग की थी। रुपया नहीं देने पर हरपाल सिंह का सही मेडिकल नहीं लिखा जिससे हरपाल सिंह अकेले डाक्टर की भ्रष्टाचारी मनमानी के विरोध में अनशन पर बैठे। डाक्टर ने अनशनकारी के मौलिक अधिकार की हत्या की है।

# प्लान टू पर जल्द किया जाएगा कामः हसन आरिफ

शाह टाइम्स,संवाददाता



**सिरसी।** तीन प्लान वक्त पर पूरा करने की पूरी कोशिश की जा रही है। पहले प्लान इमामबाड़ में बड़े हाल का निर्माण अन्य काम थे जो वक्त पर पूरे कर लिए गए हैं। अब दो प्लान पर भी जल्द काम शुरू कर दिया जाएगा।

शिया जामा मस्जिद इमामबाड़ा है। दादा मखदूम साहब की दरगाह के मुतवल्ली चौधरी हसन आरिफ ने अपने कार्यकाल में 2 साल पूरे होने पर प्रेस को उक्त जानकारी देते हुए आगे कहा कि मुतवल्ली की जिम्मेदारी सम्भालने के बाद वर्ष 2023 में वक की आमदनी लगभग 17 लाख सालाना हो गई जो पिछले वर्षों से कई गुना ज्यादा थी। उन्होंने कहा कि मुतवल्ली बनने के बाद मुझे तीन प्लानों पर काम करना था। जिसमें पहला प्लान इमामबाड़ा में बड़ा हाल अन्य काम थे जो पूरे हो चुके हैं। दूसरा प्लान वक्फ की भूमि पर मार्केट और उसके ऊपर लाइब्रेरी और मेहमानों के ठहरने के लिए गेस्ट हाउस बनाया जाना है। जिस पर काम करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने तीसरे प्लांन का जिक्र करते हुए कहा की मस्जिद का विस्तारीकरण कराया जाएगा। मुतवल्ली चौधरी हसन आरिफ का कहना है कि वर्ष 2024 में लगभग 20 लाख आमदनी का अनुमान था लेकिन सालाना हुजूम का मेला नहीं लगने से आमदनी मात्र 10 लाख रह गई है।

## होमगार्ड के साथ अभद्रता पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सम्भल।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के ग्राम भमौरी पटटी गांव निवासी राजेश पुत्र बृजनंदन होमगार्ड विभाग में होमगार्ड के पद पर तैनात है। जिसकी डयूटी थाना क्षेत्र के सौंधन पुलिस चौकी में है। चौकी में एक महिला शिकायत करने आई तो उनके बेटे को होमगार्ड समझा रहा था। उसी समय वह अभद्रता करने लगे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। वहीं पुलिस चौकी में कार्य कर रहे हेड कांस्टेबल सतेंद्र कुमार शर्मा के कार्य में भी बाधा डाली। झगड़े के दौरान कांस्टेबल कपिल देव की मौके पर आये जिन्होंने डायल 112 को सूचना दी।होमगार्ड राजेश नें महिला सहित चारों के खिलाफ पुलिस चौकी में घुसकर अभद्रता करने तथा गाली गलौज कर मारपीट करने के मामले में तहरीर दी। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# पंजा कुश्ती में प्रतिभागियों का रहा शानदार प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पंजा कुश्ती संघ के तत्वावधान में प्रतिभागियों ने विभिन्न वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सफलता अर्जित की।

त्यागी स्पोर्टस क्लब कल्याणपुर स्कूल स्थित माता राजकली देवी आर्य कन्या गुरुकुल के तत्वावधान में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में 12 से 14 तक के प्रतिभागी मुरादाबाद में प्रदेश स्तरीय पंजा, कुश्ती प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करेंगे जबकि। सब जूनियर वर्ग में 50 किलोग्राम भार वर्ग में मनोज प्रथम स्थान, 55 किलोग्राम भार वर्ग में मोहम्मद साद ने प्रथम स्थान। जूनियर वर्ग में 50 किलोग्राम भार वर्ग में सचिन प्रथम, 55 किलोग्राम भार वर्ग में नितेश कुमार प्रथम, 60 किलोग्राम भार वर्ग में मोहम्मद मुसिब प्रथम रहे। सीनियर वर्ग में 55 किलोग्राम भार वर्ग में प्रशांत सागर प्रथम। दिव्यांग वर्ग में 55 किलोग्राम भार वर्ग में अली वारिस प्रथम, 60 किलोग्राम भार वर्ग में महेंद्र सिंह प्रथम बाजी मारी। बालिका सब जूनियर वर्ग में 70 किलोग्राम भार वर्ग में आयुषी सागर प्रथम। जूनियर 40 किलोग्राम भार वर्ग में कंचन सागर प्रथम, 55 किलोग्राम भार वर्ग में उर्मिला यादव प्रथम व सीनियर वर्ग में ललिता गौतम प्रथम, इस अवसर पर विजयपाल त्यागी, रामावतार पूरी, किरन बाला व संतोष आदि उपस्थित रहे। संचालन आर्य भोले सिंह त्यागी ने किया।

**12 से 14 तक के प्रतिभागी करेंगे मुरादाबाद में प्रतिभाग**

# गांव चलो अभियान में बूथ कमेटियों की दी गई जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रदेश सरकार के के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गांव चलो अभियान के अंतर्गत बूथ कमेटियों की विस्तार से जानकारी दी।

जिला शीष नेतृत्व के आदेशानुसार सम्भल विधानसभा के सेक्टर नखासा 1 के बूथ संख्या 315 पर 313 पर आयोजित कार्यक्रम में प्रवासी मुख्य रूप से भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी मुकुल रस्तोगी जी उपस्थित रहे उन्होंने बूथ कमेटी के विषय में विस्तार में बताया। इसमें सुनील राजपूत,नगर उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद शान अली अल्पसंख्यक मोर्चा शामिल रहे। इस मौके पर सेक्टर संयोजक गुलजार अंसारी बूथ अध्यक्ष नौशाद अली मुर्शीद उस्मानी वासिफ पाशा मौहम्मद नदीम मौहम्मद जीशान मौहम्मद शाहबाज जावेद अली शाकिर अली मौहम्मद सलमान मोहम्मद उमर मौहम्मद अमन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सम्भल। गांव चलो अभियान में सरकार के आठ साल पूरे होने पर मुख्य प्रवासी को माला पहनाते।

# भूसा एकत्र करने में न हो कोई लापरवाहीः डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पशुधन विभाग की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने गौशाला विस्तारीकरण पर चर्चा की और भूसा एकत्र करने में कोई लापरवाही संज्ञान मेंनहीं आने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने संबंधित अधिकारियों को जनपद में भूसा संरक्षण शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत बार एक लक्ष्य निर्धारित करते हुए भूसा दान अभियान चलाया जाए। जिससे भूसा सही मात्रा में एकत्रित हो सके। इस दौरान उन्होने भूसा एकत्रित करने में किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में न आने को भी निर्देशित किया। बैठक में महाराष्ट्र के ग्राम हिवरे बाजार को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं उसकी उपलब्धियों कीं सम्बंधित सभी अधिकारियों को अवगत कराने के निर्देश देते हुए गौशाला निर्माण को लेकर जानकारी प्राप्त की और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही गौ संरक्षण को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत गो संरक्षण कराना सुनिश्चित किया जाये। गौशालाओं के विस्तारीकरण पर चर्चा करते हुए कहा कि जिन गौशालाओं में कार्य अपूर्ण है उनको पूर्ण कराया जाये। इसके साथ घासीपुर एवं निरयावली की गौशालाओं को आदर्श गौशाला बनाने के लिए भी चर्चा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शेलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।जिला विकास अधिकारी राम आशीष, भूमि संरक्षण अधाकारी ओंकार सिंह खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# रोज-रोज के तानों से तंग आकर की थी खुदकुशी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रोज-रोज के तानों से तंग आकर वृद्व ने फांसी पर लटक कर आतम हत्या की थी। मृतक के बेट की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ आतम हत्या के उकसाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर निवासी जबरसिंह का शव सोमवार की देर रात आम के पेड़ पर रस्सी से लटका मिला था। परिजनों ने मोहल्ले के चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। मृतक जबरसिंह के बेटे राजकुमार ने पुलिस को बताया कि गांव के चौकीदार सहित चार लोग उसके पिता जबरसिंह को बेवजह मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। आरोप लगाया कि सत्तरभान पुत्र राजेंद्र, राजकुमार पुत्र, चतरी,महावीर पुत्रपुरन और विजेंद्र पुत्र फूलसिंह ने उसके पिता की हत्या कर शव लटकाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी चमन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि होने के बाद घटना संदिग्ध लग रही है। मृतक की रविवार की रात अपने बेटे से कहासुनी भी हुई थी। फिलहाल नामजद के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

**पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र अमान गलत संगत मे पड़ गया है और आये दिन शराब आदि का नशा करके मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौंच व मारपीट करता है और मौहल्ले के लोगों से रूपये उधार लेकर शराब व जुऐ पर खर्च करता है। मैने उसे बहुत समझाया मगर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। मजबूर होकर मैने अपने सगे पुत्र अमान को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके आख कर दिया है और घर से निकाल दिया है। अब मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य का अमान से कोई सम्बंध नहीं रहा है। वह अपने कृत्य व लेन देन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौ. यासीन पुत्र अब्दुल लतीफ**
नि. मौ. महमूद खां सराय भूरे शाह रोड तह. व जिला सम्भल।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बहजोई का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम पुलिस लाइन में गार्द की सलामी लेकर गार्द का निरीक्षण किया गया।

सलामी लेने के उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा शस्त्रागार का निरीक्षण किया गया जिसमें शस्त्रों के रख-रखाव व रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा शस्त्रागार में रखे राजकीय शस्त्रों के रखरखाव हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा राजकीय सम्पत्ति स्टोर रुम का निरीक्षण कर राजकीय सम्पत्ति से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा स्टोर में रखे सामान के





रखरखाव के सम्बन्ध में स्टोर मोहर्रिर व प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके उपरान्त पुलिसकर्मियों के खाने पीने की व्यवस्था के लिये संचालित भोजनालय का निरीक्षण किया गया, भोजनालय निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई रखने तथा भोजन की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशत किया। तदोपरांत डीसीआर कार्यालय, डायल-112 कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, गार्द रूम, कैण्टीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान द्वारा स्नानघर, शौचालयों, आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई व उचित रख-रखाव आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। वार्षिक निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन गणेश गुप्ता, प्रति. सार निरीक्षक पुलिस लाइन तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कराई कथित पुजारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, अपराधिक प्रवृत्ति का है पुजारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** संपूर्ण समाधान दिवस में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सीतारोड स्थित बगियावाली देवी मंदिर के पुजारी के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। जिसमें कहा गया कि शिकायतकर्ता श्रीरघुनाथ ब्रह्मचर्य आश्रम समिति सीतारोड के पदाधिकारी हैं। सीतारोड स्थित बगियावाली देवी मंदिर का प्रबंधन ट्रस्ट द्वारा नियत है। मंदिर पर पूजा पाठ के लिए पं० स्व. सुरेशचंद्र शर्मा को मंदिर का पुजारी नियुक्त किया गया था। उनकी मृत्यु लगभग चार-पांच वर्ष पूर्व हो चुकी है। मृत्यु के उपरांत उनके अपराधिक प्रवृत्ति के बेटे मुनीष शर्मा जबरन गुंडा गर्दी के बल पर कब्जा कर रखा है जिस पर व्यापारियों से रंगदारी मांगने, जनपद बरेली की आंवला तहसील में पीडिघ्त महिला द्वारा अभियोग पंजीकृत व चन्दौसी कोतवाली में चार-पांच मुकदमें गंभीर धाराओं में दर्ज हैं व शातिर अपराधी प्रवृत्ति का है। स्वयं को पत्रकार बताकर सीधे-साधे व्यापारियों से गैंग के साथ अवैध वसूली का मामला भी सामने आया है लेकिन सीधे साधे लोग पुजारी की शिकायत नहीं करते क्योंकि वह स्वयं को पत्रकार भी बताता है। ट्रस्ट के लोगों का कहना है कि इसने पूरे मंदिर में अवैध रुप से कब्जा कर रखा है। मंदिर में तांत्रिक क्रिया व अंधविश्वास फैलाकर लोगों को झांसे में लेता है व शराब पीकर मंदिर परिसर में गाली-गलौंच करता है। ट्रस्ट के प्रबंधक सुनील कुमार व अनूप कुमार हापुड़ वाले ने बताया कि इससे श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है। इस संबंध में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने १६ मार्च को भी तहरीर दी थी। आखिर पुलिस अब हरकत में आ गयी। संपूर्ण समाधान दिवस में दिये गये प्रार्थनापत्र के आधार पर मुनीष शर्मा पुत्र स्व० सुरेशचंद्र शर्मा नि० हनुमानगढ़ी चन्दौसी के खिलाफ बीएनएस की धारा 298, 355, 352, 351(2) के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस पूरे मामले की विवेचना कर रही है। यहां बताते चलें कि इससे पहले भी कई मामले आ चुके हैं लेकिन हर बार पुजारी को अभयदान मिल जाता है। फिलहाल बगिया वाली देवी मंदिर के मामले में पुजारी मुनीष शर्मा के खिलाफ उपरोक्त धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## एक नजर

### हवा ने कर दी नवादा फीडर की बिजली गुल कड़ी मशक्कत के बाद रात दो बजे मिली लाइट

**कांठ ( शाह टाइम्स )** शाम को आई हवा ने नवादा फीडर की बिजली गुल कर दी। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद रात को 2 बजे बिजली सुचारू कराई। दो दिन से पड़ रही गर्मी से रात को आई हवा के कारण राहत तो मिल गई लेकिन इसमें नवादा फीडर की बिजली को गुल कर दिया सर्व विदित है कि पिछले दो-तीन दिनों से तापमान 36 से 37 डिग्री के आसपास होने के कारण भीषण गर्मी पड़ रही है।

लेकिन बुधवार की शाम को आई ठंडी हवा से तापमान नीचे आ गया मगर तेज हवाओं के कारण बिजली भी गुल हो गई जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा इनवर्टर भी आधी रात को जवाब दे गए गनीमत रही के बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मस्कत करने के बाद रात करीब 2 बजे बिजली को चालू कर दिया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली है।

### मौसम का मिजाज बदलने से किसानों की पेशानी पर आया पसीना

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** क्षेत्र में इस वक्त गेहूं कटाई का काम शुरू हो गया है किसानों को अपनी अपनी फसल काटने की होड़ लगी हुई है इस कारण पूरी तरह से गेहूं कटाई के लिए लेबर का इंतजाम भी नहीं हो पा रहा है। लेकिन अचानक आए मौसम के बदलाव ने किसानों की नींद उड़ा दी है



किसानों के खेत में काफी बड़े रकबे में गेहूं की फसल खड़ी है जबकि इसी के साथ-साथ खेतों में गेहूं की कटी हुई फसल भी पड़ी हुई है लेकिन मौसम का मिजाज बदलने से किसानों को बारिश होने की आशंका सताने लगी है। जिसे लेकर किसानों के माथे पर पसीना आ गया है बतादे की कुछ साल पहले इसी समय गेहूं की कटी हुई फसल को पड़ी भारी बारिश ने डुबो दिया था जिसमें किसानों का काफी नुकसान हुआ सरकार ने उसका मुआवजा देने का काम भी किया लेकिन उसमें भी बन्दर बाट होने के कारण किसी किसान के हाथ कुछ नहीं आया ईसी बात को लेकर अब फिर किसानों को डर सता रहा है किसानों ने अपने-अपने संसाधनों से गेहूं निकासी शुरू कर दी है।

### आशीष की बल्लेबाजी ने जालौन को तीन रनों से हराकर मुरादाबाद को दिलाई जीत

**कांठ( शाह टाइम्स )।** मथुरा में गुरुवार को प्रारंभ हुई राज्य स्तरीय बेसिक टीचर्स टूर्नामेंट में पहले मुकाबले में मुरादाबाद ने जालौन को ३ रनों से पराजित कर दियास जालौन के कप्तान नितेश ने टॉस जीतकर मुरादाबाद के कप्तान डॉ कपिल सिरोही को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित कियास मुरादाबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 163 रन बनाए जिसमें आशीष ने 46, रोहित ने 33, जीतू ने 26 व अनिल ने 19 रन बनाये जालौन ने निर्धारित 20 ओवर 8 विकेट 160 रन बनाये जिसमें उत्तम ने 36 प्रसून ने 17 रन बनाये मुरादाबाद की तरफ से अनिल ने 4 विकेट,



रोहित ने 2, कपिल सिरोही व अंकुर ने 1-1 विकेट लिया, अनिल को मैन ऑफ दी मैच, आशीष को बेस्ट बैट्समैन व रोहित को बेस्ट बॉलर घोषित किया गया। शुक्रवार को मुरादाबाद का मुकाबला बिजनौर से होगा।

### स्कीम का लाभ न देने पर वीमार्ट मॉल 15 हजार रु0 का जुर्माना

**चन्दौसी।** स्कीम का लाभ न देने पर वी-मार्ट मॉल पर 15 हजार रु० का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि उपभोक्ता अनमोल वार्ष्णेय नि० चन्दौसी ने मार्च 2022 में वी-मार्ट मॉल से खरीदारी की थी। वादी के अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने बताया कि नगर निवासी मॉल की ओर से वादी को बताया गया कि यदि 2500 रु० की खरीदारी करने के बाद स्कीम के तहत 99 रु. का अतिरिक्त भुगतान करने पर 1000 रु. कीमत का बैग दिया जायेगा जिस पर अनमोल ने 16 मार्च 2022 को 2848 रु० और 2729 रु. की खरीदारी करने के बाद 99 रु. अतिरिक्त अदा किये। स्कीम के तहत मॉल की ओर से उपभोक्ता को एक-एक हजार कीमत के दो बैग देने थे, लेकिन न तो मॉल ने बैग दिए और न ही रुपये। उपभोक्ता के जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर करने के बाद मॉल को नोटिस भेजा गया लेकिन कोई उपस्थित नहीं हुआ। आयोग ने मामले में एक पक्षीय कार्यवाही के आदेश पारित किए। बताया कि आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने 05 अप्रैल 2025 को मॉल को आदेशित किया कि वह वादी अनमोल वार्ष्णेय को योजना के तहत दो बैग या उनकी कीमत परिवाद दायर की तिथि से सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित दो माह में अदा करें। इसके अलावा परिवादी को 10 हजार रु० मानसिक कष्ट, आर्थिक हानि की मद में और 05 हजार रु. वाद व्यय में भी अदा किया जाएगा। नियत अवधि में धनराशि न अदा किए जाने पर ब्याज नौ प्रतिशत वार्षिक की दर से होगा।

# ट्रेन से कटकर किसान की मौत

**मूढ़ापांडे।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गणेश घाट गांव के पास नेशनल हाईवे पुल के नीचे रेलवे ट्रैक पर एक किसान की कटकर मौत हो गई, किसानों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, दिलशाद 40 वर्ष पुत्र सफदर हाजी निवासी बरवाला खघस थाना मूंढापांडे के छोटे भाई ने बताया कि मेरे बड़े भाई दिलशाद सुबह पांच बजे गेहूं कटने खेत पर गए थे, वह दोपहर को घर खाना खाने नहीं पहुचे तो घर वालों ने खेत पर जाकर देखा तो वहां भी नहीं थे, पुलिस द्वारा सूचना मिली की एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है जिसके फोटो पहचान के लिए सोशल



मीडिया पर वायरल कर दिए गए हैं, जब परिवार वाले थाने पहुंचे तो उन्होंने कपड़ों और चेहरे से दिलशाद की पहचान की, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया, मृतक के परिवार में पत्नी जरीना, बच्चे मोहब्बे 20 वर्ष, तरन्नुम 18 वर्ष, अंजुम 16 वर्ष, इकरा 14 वर्ष, शारिक 12 वर्ष, हिफ्जा 10 वर्ष का पिता की मौत हो जाने से रो-रो कर बुरा हाल है।

# युवक की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**मूढ़ापांडे।** जनपद मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरसखेड़ा में उस समय बड़ा गम का माहौल छा गया। जिस समय दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे लखीमपुर में एक 20 वर्षीय युवक की सड़क दुर्घटना में म्रत्यु की खबर पहुचीं। आपको बता दें कि, 22 वर्षीय युवक जावेद पुत्र कासिम कुरैशी लखीमपुर से पीकप चलाकर घर वापस लौट रहा था।सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर को बचाने के चक्कर में पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जिसके चलते युवक को स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती किया। मगर डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया।

गांव सिरसखेड़ा में शब के घर पहुंचते ही पूरे गांव में गम का माहौल छा गया। और घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया । आपको बता दें कि, म्रतक जावेद का छोटा भाई अभी कुछ दिन पहले ही बीमारी के चलते खत्म हो गया था। अब इस दोहरे गम के मिलने से पूरे घर की कमर टूट सी गई है।

# भगवान महावीर जयंती पर निकाली गई प्रभात फेरी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गुरुवार को दिगंबर जैन सभा चन्दौसी द्वारा भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी दिगंबर जैन मंदिर चंदौसी से शुरू होकर जवाहर रोड, घंटाघर, बड़ा बाजार, घास मंडी, ब्रह्म बाजार, डिस्पेंसरी रोड होती हुई मंदिर पर समाप्ति हुई जिसमें समाज के प्रमुख पुरुष एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बता दें कि भगवान महावीर जैन धर्म के 24 एवं अंतिम तीर्थंकर थे और उन्होंने हिंसा, पशु बलि, जात-पात, भेदभाव जिस युग में बढ़ गया उस युग में भगवान महावीर का जन्म हुआ था। उन्होंने दुनिया को शर्तें अहिंसा का पाठ पढ़ाया। भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताए। उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धांत बताए जो अहिंसा, सत्य, अपिग्रह, ब्रह्मचर्य, अनेकांतवाद और उपग्रह जैसे अद्भुत सिद्धांत दिए। उनका सर्वोत्तम संदेश जियो और जीने दो रहा जो कि पूरे विश्व में अहिंसा परमो धर्म के नाम से भी जाना जाता है। शोभायात्रा में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 12 अप्रैल को निकल जाएगी श्री बालाजी शोभायात्रा

## यात्रा को सफल बनाने के लिए सौंपी जिम्मेदारियां

**बिलारी।** नगर में श्री बालाजी शोभायात्रा को लेकर समीक्षा बैठक हुई। जिसमें शोभा यात्रा को सफल बनाने को लेकर जिम्मेदारियां सौंप गई।

बिलारी में श्री बालाजी जयंती के मौके पर १२ अप्रैल शनिवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री बाला. जी शोभायात्रा सेवा समिति के पदाधिकारी ने कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की। इस बीच भक्तों ने कहा कि शोभा यात्रा में बालाजी दरबार, राम दरबार, भगवान महाकाल, हनुमान जी की सुंदर झांकियां निकाली जाएगी। शोभायात्रा मंदिर गमादेवत से प्रारंभ होगी और समापन बिलारी की गन्ना समिति पर होगा। निश्चित रास्तों से होकर शोभायात्रा को निकाला जाएगा। इस बीच बैठक में चमनपाल, अमन पाल, मयूर गुप्ता, मुन्ना ठाकुर, रजत गुप्ता आदि सहित अनेकों शामिल रहे।

# पार्श्वनाथ श्री दिगंबर जैन मंदिर में किया गया अभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** श्री महावीर जयंती के पावन पर्व पर पार्श्वनाथ श्री दिगंबर जैन मंदिर में प्रात: काल सभी जैन धर्म प्रेमी एकत्रित हुए सर्वप्रथम वेदी में विराजमान सभी प्रतिमाओं का प्रासुक जल से अभिषेक किया गया तदुपरांत श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा की शांति धारा की गई शांति धारा के उपरांत अभिषेक आरती भी की गई सामूहिक पूजा पाठ में श्री देव शास्त्र गुरु की पूजा श्री पार्श्वनाथ भगवान की एवं श्री आदिनाथ भगवान णमोकार मंत्र विशेष पूजा रही श्री महावीर स्वामी की महावीर जयंती के शुभ अवसर पर प्रकाश डालते हुए धर्म प्रेमी महिला रीता जैन ने प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के दिन जैन धर्म के 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म हुआ था यह महापर्व जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के उपलक्ष में भी मनाया जाता है उन्होंने बताया कि अपने जीवन काल में अहिंसा औशाह टाइम्स संवाददाता बिलारी श्री महाव. ीर जयंती के पावन पर्व पर पार्श्वनाथ श्री दिगंबर जैन मंदिर में प्रात: काल सभी जैन धर्म प्रेमी एकत्रित हुए सर्वप्रथम वेदी में विराजमान सभी प्रतिमाओं का प्रासुक जल से अभिषेक किया गया तदुपरांत श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा की शांति धारा की गई शांति धारा के उपरांत अभिषेक आरती भी की गई सामूहिक पूजा पाठ में श्री देव शास्त्र गुरु की पूजा श्री पार्श्वनाथ भगवान की एवं श्री आदिनाथ भगवान णमो. कार मंत्र विशेष पूजा रही श्री महावीर स्वामी की महावीर जयंती के शुभ अवसर पर प्रकाश डालते हुए धर्म प्रेमी महिला रीता जैन ने प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के दिन जैन धर्म के 24वें एवं अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म हुआ था यह महापर्व जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के उपलक्ष में भी मनाया जाता है उन्होंने बताया कि अपने जीवन काल में अहिंसा और आध्यात्मिक स्वतंत्रता का प्रचार किया और मनुष्य को सभी जीवो का सम्मान एवं आदर करना सिखाया उन्होंने सत्य और अहिंसा जैन विशेष शिक्षाओ द्वारा दुनिया को सही मार्ग दिखाने का प्रयास किया उनके सिद्धांतों में बेर विरोध नहीं



केवल प्रेम है उन्होंने अहिंसा की व्याख्या करते हुए वृक्ष बचाओ संसार बचाओ जियो और जीने दो का उपद. ेश दिया उपस्थित रहे कौशल जैन संजय जैन रजत जैन शशांक जैन अरिहंत जैन आर्यांश जैन रीता जैन रेखा जैन शिल्पी जैन शगुन जैन आशा जैन शशी जैन सुरभि जैन मीशिता जैन लवी जैन मानसी जैन रजत जैनशशी जैन सुरभि जैन मीशिता जैन लवी जैन मानसी जैन रजत जैन नेहा जैन खुशबू जैन आदि। आध्यात्मिक स्वतंत्रता का प्रचार किया और मनुष्य को सभी जीवो का सम्मान एवं आदर करना सिखाया उन्होंने सत्य और अहिंसा जैन विशेष शिक्षाओ द्वारा दुनिया को सही मार्ग दिखाने का प्रयास किया उनके सिद्धांतों में बेर विरोध नहीं केवल प्रेम है उन्होंने अहिंसा की व्याख्या करते हुए वृक्ष बचाओ संसार बचाओ जियो और जीने दो का उपद. ेश दिया उपस्थित रहे कौशल जैन संजय जैन रजत जैन शशांक जैन अरिहंत जैन आर्यांश जैन रीता जैन रेखा जैन शिल्पी जैन शगुन जैन आशा जैन शशी जैन सुरभि जैन मीशिता जैन लवी जैन मानसी जैन रजत जैनशशी जैन सुरभि जैन मीशिता जैन लवी जैन मानसी जैन रजत जैन नेहा जैन खुशबू जैन आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक क्रांति के शिखर पुरुष थे महावीर स्वामी

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील के गांव बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने अहिंसा परमो धर्म के पुजारी महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके पद चिन्हों पर चलने का आवाहन किया बताया कि महावीर स्वामी सामाजिक क्रांति के शिखर पुरुष थे। जिन्होंने मुख्य पांच सिद्धांत अपनाने की सलाह दी। गुरुवार को बोलते हुए प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने कहा कि जैन परंपरा के २४वे एवं अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कुंडलपुर मे राजा सिद्धार्थ एवं माता त्रिशला की एकमात्र संतान के रूप में चौत्र शुक्ल त्रयोदशी को हुआ था।

भगवान महावीर स्वामी सामाजिक क्रांति के शिखर पुरुष थे। उन्होंने एक उन्नत और स्वस्थ समाज के लिए नए मूल्य मानक गढे। उन्होंने प्रगतिशील विचारों को सही दिशा ही नहीं दी बल्कि उन में आए ठहराव को तोड़कर नई क्रांति का भी सूत्रपात किया।भगवान महावीर जी का जीवन मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए समर्पित रहा। उन्होंने किसी भी जीव की हत्या न करने, किसी को पीड़ा न पहुंचाने, किसी को दास न बनाने, किसी को यातना न देने और किसी का शोषण न करने का जन-जन को संदेश दिया। महावीर जी के पांच सिद्धांत सत्य, अहिंसा, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह थे। अहिंसा उनका मूल मंत्र था। इस अवसर पर आदित्यराघव, मनोज कुमार, अमित कुमार, सत्यम, परीक्षा राघव, सुषमा राघव, ज्योति आदि सहित छात्र मौजूद रहे।

**NAME CHANGEI**

have changed my name from jareene to my change name is JAREENA w/o CHHUTUA R/O village/Post bhagat-pur tanda Moradabad Be Known by new name in feature.

# देश के मुसलमानों को भड़का रहे कुछ लोग: डा. राजकमल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ राजकमल गुप्ता ने आज कहा है कि वक्फ बोर्ड अधिनियम के पारित होने के बाद से ही कुछ मुस्लिम कट्टरपंथी नेता व संगठन देश के मुसलमानों को भड़काने बरगलाने व हिंसा के लिए उकसाने में सतत् रूप से सक्रिय हैं। झूठ फैलाकर दुष्प्रचार करने वाली इस गैंग में अब कुछ कथित मुस्लिम बुद्धिजीवी भी कूद पड़े हैं जिन्होंने हाल ही में एक पत्र देश के मुस्लिम सांसदों को लिखा है। यह पत्र मिथ्या प्रचार कर मुस्लिम समाज को हिंसा व देश विरोध के लिए प्रेरित करने के साथ संसदीय व्यवस्था तथा संविधान का सीधा सीधा उल्लंघन है। इस पत्र के माध्यम से उनके मुस्लिम इंडियाश बनाने के मंसूबों की भी कलई खुल गई है जो सपना कभी कट्टरपंथी नेता सैयद शहाबुद्दीन ने भी देखा था। पत्र में अल्पसंख्यक अधिकारों की रक्षा की तो बात की है किंतु उसमें नाम सिर्फ मुसलमानों का लिया है। इसमें श्मुस्लिम समाज का गला घोंटनेश और श्मुसलमानों के गरिमापूर्ण अस्तित्व के लिए संघर्षश करने के लिए उकसाने की बात की है। पत्र में श्मुसलमानों की सामूहिक आवाज को बुलंदश कर संसद के अंदर व बाहर प्रदर्शन व संसद के बहिष्कार की अपील भी की है जिससे श्देश विदेश के मीडिया का रणनीतिक रूप से ध्यान आकृष्ट किया जा सके। कि इस पत्र के हस्ताक्षरकर्ता सिर्फ कट्टरपंथी मुस्लिम नेता या जिहादी संगठन नहीं अपितु, उनके साथ भारत के संविधान में पंथ निरपेक्षता की शपथ खा कर विधायक, सांसद, आईएएस, आईपीएस, सैन्य



अधिकारी, अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन, विश्व विद्यालयों के कुल. पति, वक्फ बोर्ड के अधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता व पत्रकार बने लोग भी शमिल हैं। इन सब के लिए देश से बड़ा मजहब है, जिसके लिए ये लोग किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं।

इन्हें पता है कि जब मुस्लिम कट्टरपंथी सड़कों पर उतरते हैं तो हिंसा उपद्रव व आगजनी के अलावा कुछ नहीं करते फिर भी उन्हें इसके लिए उकसा रहे हैं। विहिप ने यह भी कहा कि मजहबी आधार पर भारत के एक और विभाजन व श्मुस्लिम इंडियाश बनाने का इनका दिवास्वप्न तो कभी पूरा नहीं होगा किंतु हां इनके इस भड़कावे के परिणाम स्वरूप देश भर में यदि कुछ उपद्रव हुआ तो उसकी जिम्मेदारी इन सभी हस्ताक्षरकर्ताओं को लेनी होगी और सम्पूर्ण देश के समक्ष ये अपराधी के रूप में खड़े होंगे। विहिप ने कहा कि यह स्मरण रखना चाहिए कि इन कथित मुसलमानों के अलावा देश के सभी अल्पसंख्यक इस नए कानून से प्रसन्न हैं क्योंकि अधिकांश लोग वक्फ बोर्ड व उसके अवैध कब्जाधारियों के आतंक से त्रस्त हैं। स्मरण रहे कि भारत एक संप्रभु, पंथ निरपेक्ष, लो. कतांत्रिक गणराज्य है, जिसकी मूल आत्मा संविधान है। किसी भी संगठन द्वारा यह कहना या संकेत देना कि उनके लिए मजहबी कघनून संविधान से ऊपर है, न केवल भारत की एकता और अखंडता के लिए खतरा है, बल्कि यह लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था का भी अपमान है। हम केंद्र सरकार और न्यायपालिका से अपेक्षा करते हैं कि इस पत्र प्रकरण को गंभीरता से लिया जाए क्योंकि इसी मानसि. कता ने पहले ही भारत का विभाजन कराया था। संविधान से ऊपर मजहब को रखने वाली सोच देश की आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक हो सकती है। विश्व हिंदू परिषद पुन: यह दोहराती है कि ख्र संविधान सर्वोपरि है, और किसी भी मजहबी या जातिगत संगठन को संविधान की मर्यादा को लांघने की छूट नहीं मिलनी चाहिए।

**बेदखली सूचना**

मैने अपनी पुत्री शहाना को गलत संगत/अपनी मर्जी से शादी करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में शहाना के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **अय्यूब हुसैन पुत्र शराफत हुसैन निवासी मौहम्मदपुर बस्तौर नूरपुर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद।**

# शादी रुकवाने में फंसे जिला प्रोबेशन अधिकारी

## कोर्ट ने अधिकारी समेत सात कर्मचारियों के खिलाफ दिए जांच के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मंडप से दुल्हन को ले गए। नाबालिग बताकर बाल कल्याण समिति के सामने पेश कर दिया और बाद में वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। परिजनों ने दुल्हन के बालिग होने के सुबूत देते हुए बदनामी होने का हवाला देते हुए मिन्नतें की लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने उनकी एक नहीं सुनी। आरोप है 50 हजार रुपये की रिश्वत देने से इनकार करने पर इस तरह का सुलूक किया गया। बहन की शादी रूकवाकर इज्जत के साथ खेलने से आहत ने किसान को अदालत की शरण लेनी पड़ी। याचिका पर सुनवाई करते हुए सीजेएम कोर्ट ने जिला प्रोबेशन अधिकारी के

**■ पचास हजार रिश्वत न मिलने पर लगाया था नाबालिग की शादी का आरोप, दुल्हन को लेकर गये थे विकास भवन**

अलावा सात कर्मियों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। प्रकरण में डीएम को पांच मई तक अदालत में जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। बीती 5 मार्च को गांव में किसान की बहन की शादी थी। मेहमान खाना खा रहे थे, बारात आ चुकी थी। उसी दौरान सुरभि यादव, आदिल, गजेंद्र के अलावा गांव शहबाजपुर गुर्जर के रहने वाले कपिल, गांव सिरसा गुर्जर के रहने वाले अशोक, मनोज, वीरू और एक अज्ञात व्यक्ति शादी में पहुंच गए। दुल्हन को नाबालिग बताते हुए इन लोगों ने शादी की रस्मों को रूकवा दिया। किसान ने आधार कार्ड दिखाते हुए बहन के बालिग होने का सुबूत दिया लेकिन किसी ने एक नहीं सुनी। आरोप है कि 50 हजार रुपये की रिश्वत देने की मांग की। किसान ने असमर्थता जताई तो दुल्हन को मंडप से साथ में विकास भवन ले आए और यहां बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करने के बाद वन स्टॉप सेंटर में भेज दिया। आरोप है कि जिला प्रोबेशन अधिकारी के आदेश पर पहुंचे इन सभी लोगों ने किसान की बेटी का फर्जी आधार कार्ड बनवाकर जेल भिजवाने की भी धमकी दी। ऐन वक्त पर शादी रूकने से बदनामी होने से किसान के परिवार को गहरा सदमा लगा। किसान ने मामले में पुलिस स्तर पर भी शिकायत की लेकिन कोई मदद नहीं की गई। लिहाजा आखिर में अदालत की शरण ली। सीजेएम ओमपाल सिंह ने किसान द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच कराना जरूरी समझा। डीएम को पांच मई तक पूरे प्रकरण की जांच रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।



■ अमरोहा। एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन करते भाजपा नेता के परिजन।

# किसान के घर से लाखों का माल उड़ाया

## शादी में शामिल होने गया था परिवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। घर के ताले तोड़कर नकदी-जेवरात समेत लाखों रुपयों की कीमत का सामान चोरी कर लिया। घटना के वक्त किसान का परिवार शादी में गया हुआ, वहां से लौटने पर चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फिलहाल चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है, किसान ने तहरीर दे दी है।

घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव जाजरू की है। यहां पर किसान अब्दुल रशीद का परिवार रहता है। उनका बेटा महमूद गांव के ही अड्डे पर लकड़ी का काम करता है। बुधवार रात महमूद और परिवार के बाकी लोग क्षेत्र के एक गांव में परिचित के शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रात को करीब साढ़े दस बजे वापस लौटे तो घर के ताले टूटे हुए मिले, अंदर जाकर देखा तो कमरों का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। किसान के मुताबिक चोर अल्मारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात के अलावा साढ़े आठ हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी मिलते ही थाना पुलिस भी गांव पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने घटना की जांच कर कार्रवाई की बात कही।

# रेलवे ने किया रास्ता बंद, भड़के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बछरायूं**। ब्लॉक क्षेत्र गजरौला के गांव छीतरा के ग्रामीणों ने रेल विभाग पर रास्ता बंद करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया, कहा कि यदि शीघ्र ही समस्या का निदान न हुआ तो वे गांव से पलायन कर जाएंगे। बुधवार को ग्रामीण एकत्र हुए, उन्होंने कहा कि रेल विभाग ने गांव को जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया है, जिससे ग्रामीणों के आने जाने का मार्ग प्रभावित हो गया है। वे अपने पशुओं का चारा लेने के लिये भी भैंसा बुग्गी, ट्रैक्टर ट्राली भी नहीं ले जा पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के रेलवे दिशा क्षेत्र में आवागमन के लिये यही एकमात्र रास्ता था जिसे रेल विभाग ने बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने प्रकरण की शिकायत आला अधिकारियों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भी करते

**■ समस्या का निस्तारण न होने पर पलायन की चेतावनी**

हुए समस्या के निदान की मांग की है। इस मौके पर नरेश पाल, जसवीर सिंह, राजवीर सिंह, रमेश, रजनी, ऋषिपाल, चंद्रपाल सिंह, प्रेम सिंह, निरंजन पाल, ताराचंद, मनवीर सिंह, हरिश्चंद, ओमप्रकाश, रघुवीर, प्रेमनारायण आदि मौजूद रहे। वहीं रेलवे विभाग का कहना है कि ग्रामीणों ने रास्ता रेलवे की भूमि में बनाया है। यहां पर कई बार पशु ट्रैक पर पहुंच जाते हैं और हादसे हो जाते हैं। काफी काफी देर तक भी ट्रेनें खड़ी रहती हैं।

# नेताओं के दबाव में आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही पुलिस

## दूसरे दिन परिजनों ने एसपी से की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लोहे की रॉड व धारदार हथियार से भाजपा नेता विनोद मौर्य पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने भाजपा नेताओं के साथ की पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की।

नगर के मोहल्ला बेगम सराय में बीते 7 अप्रैल को भाजपा नेता विनोद कुमार मोर्च पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। परिजनों का आरोप है कि नीरज कुमार, अतुल, साहिल और दो अन्य अज्ञात हमलावरों ने विनोद पर हमला किया है। गंभीर हालत में उसे जिला रैफर किया गया था। पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की थी। परन्तु अभी तक एक आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया गया तथा वह खुलेआम घूम रहे हैं तथा पीड़ित परिवार को धमकी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी नीरज का संबंध सत्ताधारी पार्टी के नेताओं से है, जिस कारण पुलिस पर दबाव बना हुआ है और गिरफ्तारी टल रही है। परिजनों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को यहां प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में शिव कुमार, चंद्रगुप्त मौर्य, मनु शर्मा, मास्टर वर्मा, प्रमोद कुमार, राजू, राहुल एवं जाटव समाज की महिलाओं के साथ साथ विनोद मौर्य के परिजन उपस्थित रहे मौजूद रहे।

# जैन समाज ने भव्य रूप से निकाली कलश यात्रा

## भगवान महावीर का 2624वां जन्मोत्सव मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भगवान महावीर का 2624वां जन्म कल्याणक बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें जैन समाज द्वारा नगर में महिला कलश एवं रथ यात्रा निकाली गई। जोकि जट बाजार स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर मोहल्ला कोट में आकर समाप्त हुई। जहां श्री जिनेंद्र भगवान का 1008 कलशो से अभिषेक किया गया तथा शाम को श्री जैन मंदिर कोट में महा आरती उसके उपरांत बच्चों के संस्कृत कार्यक्रम वह भगवान का पालना झुलाया गया। भगवान को रथ में लेकर अरुण जैन बैठे तथा इंद्राणी के रूप में मनोज जैन अंजलि जैन एवं धनपति कुबेर के रूप में संजय जैन सोनम जैन सारथी के रूप में शिवम जैन रहे। इस अवसर एमएलसी डॉ हरि सिंह ढिल्लों, चेयरमैन श्रीमति शशि जैन, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, एसपी अमित कुमार आनन्द, योगेश जैन, शरद जैन, सिद्धार्थ जैन, सौरभ जैन, शुभम जैन, रोहित जैन, शशीकांत जैन, विभोर जैन, वैभव जैन, राकेश जैन मौजूद रहे।

# दो चोरों को एक साल सात महीने की कैद

## कोर्ट ने दो-दो हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चोरी के मुकदमे में अदालत ने दो लोगों को एक साल सात महीने कैद की सजा सुनाई। दोषियों पर दो-दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। मामला मंडी धनौरा थाना क्षेत्र से संबंधित था। साल 2023 में क्षेत्र में हुई चोरी की एक घटना में थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना के दौरान बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव ढयोटी के रहने वाले सद्दाम तथा बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र की फीना कालोनी के रहने वाले गुल्फाम के नाम प्रकाश आए थे। चोरी का सामान बरामद करने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार सद्दाम व गुल्फाम का चालान कर दिया था। मामला अदालत में विचाराधीन चल रहा था, गुरुवार को अदालत में इस मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष ने सद्दाम व गुल्फाम को कड़ी सजा देने की पैरवी की जबकि बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने बेकसूर बताते हुए बरी करने के लिए तर्क रखे। जिरह सुनने के बाद पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने सद्दाम व गुल्फाम को दोषी करार दिया। दोनों को एक साल सात महीने कैद की सजा सुनाई तथा चार हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# सदिंग्ध हालत में गेहूं के खेत में लगी आग

## पीड़ित ने की मुआवजे की मांगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। संदिग्ध हालत में अचानक खेत में आग लग गई। अग्निकांड में चार बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। करीब एक घंटे तक ग्रामीणों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी रही। पीड़ित किसान ने प्रशासन से फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चुबका की है। यहां रहने वाले किसान महिपाल सिंह का खेत जंगल के रास्ते में है। गुरुवार अपराह्न अचानक उनके खेत में आग लग गई। जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने जब तक आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए तब तक हवा के साथ भड़की लपटों ने करीब चार बीघा गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। अफरातफरी के माहौल में ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक फसल जलकर राख हो चुकी थी। आग लगने के कारणों का कुछ पता नहीं चल पाया है। किसान महिपाल सिंह ने प्रशासन को घटना की जानकारी दी है। ग्रामीणों ने शासन से पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने की मांग की है

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ताओं में मारपीट

## बाइक रैली के दौरान आपस मे भिड़े भाजपाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भाजपा की बाइक रैली निकाले जाने के दौरान भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष व पार्टी कार्यकर्ताओं में मारपीट होने से अफरा तफरी मच गई। भाजयुमो जिलाध्यक्ष शुभम चौधरी समेत चार के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज हो गया है।

केन्द्र मे दस तथा यूपी में आठ साल पूरे होने के जश्न में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की बाइक रैली नगर में निकाली जा रही थी। इस दौरान बाइक का पहिया लगने को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शुभम चौधरी व पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक होने लगी। कुछ ही देर में कार्यकर्ताओं के बीच लात घूंसे चलने लगे। रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में मारपीट होने से वहां पर हंगामा खड़ा हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट होने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता सक्रिय हो गये तथा मामले को सुलझाने के प्रयास में जुट गये। लेकिन वह इस विवाद को रोक नहीं पाये। बाइक रैली निकालने के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी, स्थानीय विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। किसी ने भाजपाइयों के बीच हुई मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शुभम चौधरी की तहरीर पर पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता गौरव अग्रवाल, दिव्यांश शर्मा, दर्शित शर्मा के व एक अज्ञात के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। भाजपा युवा कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट होने के बाद जिस तरह से मुकदमा दर्ज हुआ है उससे पार्टी में कलह बढ़ सकती है। 2022 के आम चुनाव में हसनपुर व धनौरा की सीटे भाजपा ने जीती थीं परन्तु इन दोनों ही क्षेत्रों में भाजपा में लगातार गुटबाजी बढ़ रही है। हाईकमान ने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया तो 2027 के चुनाव में भाजपा की यह गुटबाजी नया गुल खिला सकती है।

**■ तीन नामजद समेत चार के खिलाफ मुकदमा, भाजपा में गुटबाजी चरम पर**

# खेत पर कब्जे के विरोध में देवर-भाभी को पीटा

## हथियार दिखाकर किया आतंकित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। खेत पर कब्जा करने के इरादे से ट्रैक्टर चलाकर गन्ने की फसल बर्बाद कर दी। लाइसेंसी हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला और देवर को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर में स्व.शूरवीर सिंह का परिवार रहता है। उनकी पत्नी सुदेश देवी का आरोप है कि उन्होंने अपने देवर अशोक कुमार के साथ खेत पर गन्ने की बुवाई की थी। 8 अप्रैल की शाम में गांव के ही रहने वाले राजवीर सिंह और उसके बेटे दीपक ने खेत में ट्रैक्टर चलाकर फसल को बर्बाद कर दिया। सुदेश देवी के देवर के बेटे तुषार चौधरी ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। तुषार जैसे-तैसे जान बचाकर वहां से भाग आया। इसके बाद सुदेश देवी और उनके देवर अशोक खेत पर पहुंचे तो आरोपियों ने लाइसेंसी हथियार दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित देवर-भाभी ने डायल-112 पुलिस को मौके बुला लिया तो आरोपी भाग निकले। पीड़ित पक्ष ने मारपीट का वीडियो बना लिया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में राजवीर सिंह और दीपक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# एनजीटी के आदेश को प्रशासन दिखा रहा ठेंगा

## बंद भट्टों का अवैध संचालन जारी, पांच दिन पूर्व कराया था बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एनजीटी के आदेश जिले के अधिकारियों के लिए कोई मायने नहीं रखते। पांच दिन पूर्व जिन अवैध रूप से संचालित भट्टों को बंद कराया गया था वह सभी चालू हालत में मिले। जबकि यह मामला एनजीटी कोर्ट दिल्ली में विचाराधीन है। इसके बावजूद भट्टों को धड़ल्ले से चलाया जा रहा है।

पूर्व में एनजीटी ने जिले में 71 भट्टों को अवैध मानते हुए इनका संचालन बंद करने के आदेश दिये थे। जीतू यादव ने एनजीटी में वाद संख्या 889/2020 में अपील दायर की थी जिसकी सुनवाई दिल्ली एनजीटी में चल रही है। जबकि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इन 71 भट्टों पर कार्रवाई के लिए अधिकारियों को पत्राचार भी किया था। जिस पर डीएम ने भट्टों को सूचीबद्ध कर इसके लिए टीम का गठन किया था। जिसमें एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, खनन विभाग व क्षेत्रीय कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिजनौर की टीम बनायी गयी थी। जब टीम जांच को पहुंची तो 71 में से 55 भट्टे चालू हालत में मिले। जबकि 16 भट्टे बंद पाये गये। टीम ने गजरौला, मंडी धनौरा क्षेत्र में आठ भट्टों को अग्निशमन विभाग से पानी आदि डलवाकर बंद करवा दिया था। परन्तु इसके बाद भट्टा संचालकों ने फिर से इनका संचालन शुरू कर दिया है। चिमनियों से खुलेआम धुआं उठता देखा जा सकता है। इतना ही नहीं एक भट्टा रसूलपुर पुलिस चौकी के नजदीक खुलेआम संचालित है। जिससे साफ है कि जिले के अधिकारियों के लिए एनजीटी के आदेश कोई मायने नहीं रखते। राज्य वन्य जीव बारासिंघा अभ्यारण्य क्षेत्र में संचालित अवैध ईट भट्टों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बिजनौर के जेई आशीष शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई की गयी थी। परन्तु समय बीतने के साथ इन भट्टों का संचालन



दोबारा शुरू हो गया है। इस संबंध में जेई आशीष शर्मा को फोन कर उनका पक्ष जानने की कोशिश की गयी तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब देने के बजाय यह कहते हुए फोन काट दिया कि वह अभी कार ड्राइव कर रहे हैं। एडीएम ब्रजेश कुमार त्रिपाठी से भी इस मामले में बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन स्विच आफ मिला।

## चोरी गया ट्रैक्टर पुलिस ने किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। ट्राई करने के नाम पर चोरी हुए ट्रैक्टर को पुलिस ने बरामद कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां से बुधवार को ट्रैक्टर एजेंसी से तीन बदमाश ट्रैक्टर की ट्राई लेने के बहाने नये ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गये थे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी थी। बदमाशों द्वारा ट्रैक्टर को ले जाने का वीडियो सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया था। पुलिस ने उसी के आधार पर जांच पड़ताल करनी शुरू कर दी थी। पुलिस ट्रैक्टर को बरामद करने में जुट गई थी। पुलिस ने चोरी हुए ट्रैक्टर को 24 घंटे के भीतर बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि चोरी हुए ट्रैक्टर को रहरा थाना क्षेत्र के गांव जेबड़ा मुस्तकम से बरामद कर लिया है।

# दूसरे की जमीन का बैनामा कराने में चार फंसे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पहले से बेची हुई जमीन का दोबारा बैनामा कराने के मामले में महिला समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

शहर के मोहल्ला दानिशमंदान में अधिवक्ता मोहम्मद राशिद कुरैशी का परिवार रहता है। एफआईआर के मुताबिक उनके पिता ने 15 जुलाई 1985 को डिडौली क्षेत्र में पूरनपुर रोड पर कुछ जमीन खरीदी थी। बैनामे के बाद कब्जा लेते हुए चारदीवारी कराकर वहां गेट लगवा दिया था। बाद में जमीन को सिंडिकेट बैंक को किराए पर दे दिया था जो 2014 तक बैंक के पास रही। इसके बाद मोहम्मद राशिद कुरैशी और उनके भाई फैज आलम कुरेशी के बीच जमीन का अदालत से बंटवारा हो गया। तभी से दोनों भाई अपने-अपने हिस्से की जमीन पर काबिज हैं। बैनामा करने के बाद नौशे अली और उनके परिवार का जमीन पर मालिकाना हक नहीं रहा। नौशे अली, मुशर्रफ अली व अंगूरी बेगम ने अपनी जमीन बेचकर खरीददारों को कब्जा दे दिया था। लेकिन, मुशर्रफ अली की पत्नी खुशबू ने उत्तराखंड के जिला उधम सिंह नगर के रुद्रपुर के रहने वाले इस्लामुद्दीन, यहीं के मोहल्ला नई बस्ती खेड़ा के रहने वाले मोहम्मद फरीद अहमद, रामपुर जिले के बिलासपुर गोधी के रहने वाले गुलामउद्दीन ने सबकुछ जानते हुए भी जमीन का फर्जी बैनामा कर दिया। पहले से बेची हुई जमीन को खुशबू ने अपना बताकर बैनामा किया। इतना ही नहीं चौहद्दी में मोहम्मद राशिद कुरैशी की जमीन का फोटो लगा दिया। आरोप है कि बीती 22 फरवरी को सभी लोग कब्जा करने के उद्देश्य से जमीन पर पहुंच गए। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित मोहम्मद राशिद कुरैशी ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में खुशबू, इस्लामुद्दीन, गुलामुद्दीन और मोहम्मद फरीद अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## आज टाउन द्वितीय व चतुर्थ में दो घंटे बंद रहेगी बिजली

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के 33/11 केवी उपकेन्द्र गजरौला टाउन से निर्गत टाउन-द्वितीय, चतुर्थ व आरके फीडर से विद्युत आपूर्ति प्राप्त कर रहे उपभोक्ताओं को आज शुक्रवार में सुबह दस बजे से बारह बजे विद्युतापूर्ति नहीं मिलेगी, क्योंकि 132/33 केवी गजरौला ट्रांसमिशन उपकेन्द्र पर अनुरक्षण कार्य होने के कारण 10 एमवीए पावर परिवर्तक संख्या 385 शटडाउन में रहेगा। इस कारण एमडीए, कालरा स्टेट, सुल्ताननगर , लक्ष्मीनगर, शांति नगर, सैफी नगर, भानपुर खालसा, हसनपुर रोड के साथ साथ एनएच-9 दिल्ली मुरादाबाद रोड पर स्थित सभी रेस्टोरेंटों व शॉपिंग सेंटर की विद्युतापूर्ति बाधित रहेगी। वहीं केबिल कार्य हेतु टाउन वन के अतरपुरा, फाजलपुर, मायापुरी, अम्बेडकरनगर, जलालनगर, बस्ती, अवंतिका नगर व टाउन थर्ड में टीचर्स कॉलोनी, बैंक कॉलोनी, आजाद नगर, जवाहरनगर, शिवपुरी, गंगानगर में पूर्वान्ह 11 बजे से 03 बजे तक विद्युतापूर्ति बाधित रहेगी। उपखण्ड अधिकारी ने लोगों से सहयोग बनाए रखने की अपील की है।



## ओलंपिक क्रिकेट में पुरुष और महिला वर्ग में 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी

**दुबई, वार्ता।** लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में शामिल की गई क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग की छह -छह टीमें हिस्सा लेंगी। जारी आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में होने वाले क्रिकेट मुकाबलों के लिए प्रत्येक श्रेणी के लिए कुल 90 एथलीट का कोटा निर्धारित किया गया है। प्रत्येक टीम में 15 सदस्यी होंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सुझाव दिया था कि लॉस एंजे. लिस ओलंपिक 2028 में शामिल होने वाली छह टीमों का चयन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग की एक कट-ऑफ तारीख के आधार पर किया जाए। हालांकि अभी तक इस पर अंतिम फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन इस वर्ष इसके तय होने की उम्मीद है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर अमेरिका मेजबान देश होने के नाते सीधे क्वालीफाई करता है, तो क्वालिफाई के लिए उपलब्ध स्लॉट की संख्या कम हो जाएगी। इसके अलावा यह सवाल भी बना हुआ है कि वेस्टइंडीज की ओर से कौन प्रतिनिधित्व करेगा, क्योंकि कैरेबियाई द्वीप ओलंपिक खेलों (और राष्ट्रमंडल खेलों में भी) अलग-अलग देशों के रूप में भाग लेते हैं। उल्लेखनीय है कि क्रिकेट की ओलंपिक खेलों में वापसी को अक्टूबर 2023 में मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों द्वारा स्वीकृति दी गई थी। इससे पहले वर्ष 1900 के पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट खेला गया था।

## ओलंपिक अपडेट

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक-2028 में होंगी 351 स्पर्धाएं

**जिनेवा, वार्ता, वार्ता।** लॉस एंजिलस ओलंपिक 2028 में 351 पदक स्पर्धाएं आयोजित की जायेगी। जोकि पिछले पेरिस ओलंपिक की तुलना में 22 अधिक हैं। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने बुधवार को लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों के लिए कार्यक्रम और एथलीट कोटा को मंजूरी दे दी है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट के अलावा चार अन्ध्य खेलों स्क्वैश, फ्लैग फुटबॉल, बेसबॉल/सॉफ्टबॉल और लैक्रोस भी शामिल हैं। आईओसी ने कहा कि सभी टीम खेलों में महिला और पुरुषों की टीमों के बराबर होंगी, जो कि ओलंपिक इतिहास में पहली बार है। आईओसी ने कहा कि एथलीट कोटा और स्पर्धाओं की संख्या तय करते समय लैंगिक समानता को ध्यान में रखा गया। प्रारंभिक खेल कार्यक्रम में, महिला एथलीटों की संख्या 5,333 और पुरुष एथलीटों की संख्या 5,167 है। इस ओलंपिक में तीरंदाजी, एथलेटिक्स (4 गुणा100 मीटर मिश्रित रिले), गोल्फ, जिम्नास्टिक, नौकायन तटीय समुद्र तट स्प्रिंट और टेबल टेनिस में मिश्रित स्पर्धाओं का भी किया गया है। तैराकी में, 50 मीटर बैकस्ट्रोक, बटरफ्लाई और ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धाओं में पुरुष और महिला दोनों ही स्पर्धाएँ होंगी। नौकायन में, महिला एकल (सीडब्ल्यू1एक्स), पुरुष एकल (सीएम1एक्स) और मिश्रित युगल स्कल्स (सीएक्स2एक्स) तटीय समुद्र तट स्प्रिंट में अपनी शुरुआत करेंगे। बास्केटबॉल 3गुणा 3 में, भाग लेने वाली टीमों को प्रत्येक वर्ग में आठ से बढ़ाकर 12 टीमें कर दिया गया है।

# ओलंपिक के लिए वजन घटाएंगी लवलीना



**नई दिल्ली, वार्ता।** टोक्यो ओलंपिक में भारत को मुक्केबाजी में पदक दिलाने वाली भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन भी अब अपने भारवर्ग में बदलाव करने पर विचार कर रही हैं। उन्होंने अपना वजन वर्ग घटाने का सोचा है। वह 75 किग्रा भार वर्ग की जगह 70 किग्रा वर्ग में जाने पर विचार कर रही हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने 2028 में लास एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए उनके मौजूदा 75 किग्रा भार वर्ग को खत्म कर दिया है। इससे पहले 2024 पेरिस ओलंपिक में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने भी भारवर्ग में बदलाव कर अपने नियमित वजन से कम वजन वाले भारवर्ग में हिस्सा लिया था। बाद में उनका वजन 100 ग्राम ज्यादा पाया गया था और उन्हें फाइनल में पहुंचने के बावजूद पदक से हाथ धोना पड़ा था। उन्होंने फाइनल वाले दिन वजन घटाने की काफी को. शिश की थी, लेकिन नहीं घटा सकी थीं। आईओसी ने बुधवार को ओलंपिक 2028 के लिए कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा की घोषणा की। नए बदलाव के कारण लवलीना को या तो 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा या 80 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में अपना भाग्य आजमाना होगा। इस फैसले से खुद लवलीना भी हैरान हैं। उन्होंने मीड़िया से बात करते हुए कहा कि यह मेरे लिए बिल्कुल नई जानकारी है। यह काफी चौंकाने वाली है। मुझे लगता है कि मुझे 70 किग्रा तक नीचे जाना होगा क्योंकि मेरे लिए 80 किग्रा से अधिक तक जाना मुश्किल होगा। उनकी निजी कोच प्रणामिका बोरा भी इस घटनाक्रम से हैरान दिखीं। उन्होंने कहा कि फिटनेस और चिकित्सा मूल्यांकन के बाद ही नए वजन वर्ग को लेकरअंतिम फैसला किया

### संक्षिप्त खेल समाचार

## धीमी ओवर गति के लिए संजू पर लगा 24 लाख का जुर्माना

**अहमदाबाद, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन पर आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को खेले गये मैच में धीमी ओवर गति के लिए 24 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

आरआर पर आईपीएल के इस सत्र में यह दूसरी बार धीमी ओवर गति के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत किसी कप्तान पर दूसरी बार ओवर-रेट का नियम तोड़ने पर 24 लाख का जुर्माना लगाया जाता है। इस सत्र से तीसरी गलती पर कप्तान को निलंबित नहीं किया जाएगा, केवल आर्थिक दंड तक ही सीमित रखा गया है। इस नियम के अनुसार मैच में खेलने वाले सभी ग्यारह खिलाड़ियों के अलावा इंपैक्ट प्लेयर भी शामिल है। इन को या तो छह लाख रूपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना अदा करना होगा।

## स्कॉटलैंड की टीम ने विंडीज को 11 रन से हराया

**लाहौर, वार्ता।** वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज (चार विकेट/नाबाद 114) के हरफनमौला प्रदर्शन गया बेकार, स्कॉटलैंड ने आईसीसी महिला विश्वकप क्वालीफायर के दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 11 रनों से हराया। 245 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में कियाना जोसेफ (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जैदा जेम्स ने हेली मैथ्यूज के साथ दूसरे विकेट लिए 113 रनों की साझेदारी की। 27वें ओवर में क्लो एबेल ने जैदा जेम्स (45) को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सकी और तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटती रही। हालांकि इस दौरान कप्तान मैथ्यूज ने एक छोर को संभाले रखा और तेजी के साथ रन बनाते हुए अपना शतक पूरा किया। मैथ्यूज ने 113 गेंदों में 14 चौके लगाते हुए (नाबाद 114) रनों की पारी खेली। स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम 46-2 ओवर में 233 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। स्कॉटलैंड की सारा ब्राइस (55)और मेगन मैककॉल (45) की जूझारू पारियों के बाद कैथरीन फेजर (तीन विकेट), क्लो एबेल और अब्ताहा मकसूद (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर स्कॉटलैंड ने महिला विश्व. कप क्वालीफायर मुकाबले में उलटफेर करते हुए वेस्टइंडीज को शिकस्त दी। इससे पहले आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज आलिया एलेने, करिश्मा रामहरैक ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड को 45 ओवर में 244 के स्कोर पर रोक दिया था।

# 13 अप्रैल को आईपीएल में धूम मचाने को तैयार है किंग



■ **किंग ने आईपीएल 2023 के समापन समारोह में निभाई थी भूमिका**

**मुंबई, वार्ता।** जानेमाने रैपर-गायक किंग, 13 अप्रैल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में धूम माचने को तैयार है।

किंग, 13 अप्रैल को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेड़ियम में संगीत की मस्ती से सराबोर होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अपने खास स्वैग और प्रशंसकों के साथ, किंग राजधानी में एक हिट-लोडेड सेट के साथ आग लगा देंगे, जो हर किसी के दिल की धड़कन बढ़ा देगा। दिल टूटने वाले एंथम तू आके देख ले से लेकर वायरल सनसनी मान मेरी जान तक, दिल्ली की भीड़ को भावनात्मक रोलरकोस्टर पर ले जाया जाएगा। हालांकि, यह लीग के साथ किंग की पहली पारी नहीं होगी। इस अग्रणी कलाकार ने पहले भी आईपीएल 2023 के समापन समारोह में मुख्य भूमिका निभाई थी और इस बार वह इस बार और भी ऊंचा कदम उठाने के लिए तैयार हैं। किंग ने कहा कि आईपीएल समारोह में प्रदर्शन करना, खास तौर पर मेरे गृह नगर दिल्ली में, मेरे करियर की एक उपलब्धि से कहीं बढ़कर है। यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण है। मैं इस देश के हर दूसरे बच्चे की तरह क्रिकेट देखते हुए बड़ा हुआ हूँ, अपनी पसंदीदा टीमों के लिए चीयर करता हूँ। अब अरुण जेटली स्टेड़ियम में हज़ारों लोगों के सामने गाना और भीड़ की गर्जना सुनना। यह अवास्तविक लगेगा। संगीत और क्रिकेट दो ऐसी चीज़ें हैं जो इस देश को सबसे शक्तिशाली तरीके से जोड़ती हैं। यह शाम उस ऊर्जा और भावना को लाने और इसे अविस्मरणीय बनाने के बारे में होगी। आईपीएल भारत के पसंदीदा खेल का उत्सव है, और मुझे इसका हिस्सा बनने पर बहुत गर्व है।

## अलवर में हुई डिजिटल क्रिकेट कोचिंग श्रृंखला की शुरुआत

**अलवर, वार्ता।** राजस्थान के अलवर में उभरते क्रिकेटरों और कोचों को उच्चतम प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ई-एथलीड कंपनी ने गुरुवार को ड़िजिटल क्रिकेट कोंि. चंग श्रृंखला की शुरुआत की।

यह विशेषज्ञ-निर्देशित ट्यूटोरियल श्रृंखला, विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संदीप पाटिल के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के दिशानिर्देशों के अनुरूप विकसित की गयी है। इस कार्यक्रम का अलवर के ह्आपणो मैरिज होमह में यह आधिकारिक शुभारंभ हुआ। इसे कोलकाता और जयपुर में पहले ही शुरु किया जा चुका है। आज यहां इस अवसर पर पाटिल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य एनसीए-आधारित कोचिंग कंटेंट को अधिक से अधिक कोचों तक पहुँचाने के साथ ही युवाओं को उच्च-स्तरीय क्रिकेट प्रशिक्षण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि व्यापक श्रृंखला कुल 23 एपिसोड्स की है, जिसमें बल्लेबाजी पर आधारित 10 एपिसोड शामिल हैं। विकेटकीपिंग के लिए चार एपिसोड राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कोच दिनेश नानावटी द्वारा संचालित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, गेंदबाजी और फील्डिंग पर 4 एपिसोड पूर्व क्रिकेटर और कोच गौतम शोम द्वारा निर्देशित किए गए हैं। समग्र प्रशिक्षण अनुभव देने के लिए 2 एपिसोड शारीरिक फिटनेस पर कें. द्रित हैं, जिन्हें फिटनेस वैज्ञानिक राहुल पटवर्धन ने तैयार किया है। पाटिल ने देश में संरचित क्रिकेट कोचिंग की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारत में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, एक जुनून है। फिर भी कोचिंग क्षेत्र काफी असंगठित है। बहुत कम प्रतिशत कोच ही प्रमाणित होते हैं। एनसीए हर साल सीमित संख्या में कोचिंग प्रोग्राम आयोजित करता है, जिसमें प्रत्येक राज्य से केवल कुछ ही कोचों को शामिल किया जाता है।

# बांग्लादेश की महिला टीम ने थाइलैंड को रौंदा



● **कप्तान निगार सुल्ताना ने 101 और शर्मिन ने नाबाद 94 रनों की पारी खेली**

**लाहौर, वार्ता।** कप्तान निगार सुल्ताना (101) और शर्मिन अख्तर (नाबाद 94) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून ( पांच-पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश की महिला टीम ने गुरुवार को आईसीसी महिला विश्वकप क्लीफायर मुकाबले में थाईलैंड को 178 रनों से हरा दिया हैं। 272 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थाईलैंड के बल्लेबाज बांग्लादेश जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून के गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर सके और उनकी पूरी टीम 28-5 ओवर में 93 रन के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। थाईलैंड के लिए चानिदा सुथिरुआंग ने सर्वाधिक 22 रनों की पारी खेली। नटया बूचथम (17) और नारुएमोल चाइवाई (15) रन बनाकर आउट हुई। थाईलैंड के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बांग्लादेश की ओर से जन्नतुल फिर्दुस तथा फहीमा खातून ने पांच-पांच विकेट लिए। इससे पहले आज यहां थाईलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 के स्कोर पर इश्मा तंजीम (आठ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी शर्मिन अख्तर ने फरगाना हॉक के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी हुई। 28वें ओवर में ओनिचा कामचोम्फु ने फरगाना हॉक (53) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान निगार सुल्ताना ने तेजी के साथ रन बटोरे। उन्होंने शर्मिन अख्तर के साथ तीसरे विकेट के लिए 152 रन जोड़े। शर्मिन अख्तर ने 126 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (नाबाद 94) रन बनाये। वहीं निगार सुल्ताना ने 80 गेंदों में 15 चौके और एक छक्का लगाते हुए (101) की पारी खेली। वह 50वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुई। बांग्लादेश ने निर्धारित 50 ओवरों में तीन विकेट पर 271 रन का स्कोर खड़ा किया। थाईलैंड की ओर से ओन्निचा कामचोम्फु, फन्निता माया, थिपत्चा पुथवोंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## चंडीगढ़, तेलंगाना दिल्ली, केरल व पंजाब ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीत दर्ज की

**झांसी, वार्ता।** 15वीं हॉकी इंड़िया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के छठे दिन चंडीगढ़, तेलंगाना , दिल्ली और केरल ने ड़िवीजन बी में अपने-अपने मैच जीते। वहीं ड़िवीजन ए में पंजाब ने ओड़िशा को हराया। दिन के शुरुआती मैच में चंडीगढ़ ने ड़िवीजन बी के पूल ए में उत्तराखंड को 9-0 के शानदार स्कोर से हराया। चंड़ीगढ़ के लिए अमनदीप ने (22वें, 32वें) और गुरमुख सिंह ने (30वें, 36वें) मिनट में दो-दो गोल किए, जबकि अंकुश ने (13वें), इंद्रपाल सिंह ने (24वें), सुनील ने (35वें), दीपक ने (37वें) और मोहित ने (41वें) मिनट में गोल किए। इसी पूल में तेलंगाना ने आंध्र प्रदेश को 8-2 से हराया। तेलंगाना के लिए अयप्पा पी आर ने (छठे, 20वें, 31वें, 52वें) मिनट में गोल. कर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## बेंगलुरु ने दिल्ली को 164 रन का लक्ष्य दिया

● **टिम डेविड ने 37 रन बनाए, कुलदीप और विपराज को 2-2 विकेट**

टिम डेविड ने 37 रन बनाए( कुलद. ीप और विपराज को 2-2 विकेट-

**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल के 24वें मैच में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस. ीबी) ने दिल्ली कैपिटल्स को 164 रन का टारगेट दिया है। गुरुवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली ने बालिंग चुनी। बेंगलुरु ने 7 विकेट खोकर 163 रन बनाए। दिल्ली से कुलदीप यादव और विपराज निगम ने 2-2 विकेट लिए।

दिल्ली ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 1 रन बना लिया है। टीम से फाफ डु प्लेसिस और जैक फ्रेजर मैगर्क पिच पर हैं। बेंगलुरु से भुवनेश्वर कुमार ने पहला ओवर फेंका। आरसीबी से टिम डेविड और फिल साल्ट ने 37-37 रन बनाए। विराट कोहली ने 22 और कप्तान रजत पाटीदार ने 25 रन बनाए। दिल्ली से मोहित शर्मा और मुकेश कुमार को 1-1 विकेट मिला। एक बैटर रनआउट भी हुआ। दिल्ली से फाफ डु प्लेसिस और जैक फ्रेजर मैगर्क ओपनिंग करने उतरे। बेंगलुरु से भुवनेश्वर कुमार ने पहला ओवर फेंका। ओवर से 1 रन बना। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 163 रन बनाए। टीम से टिम डेविड और फिल साल्ट ने 37-37 रन की पारियां खेलीं। कप्तान रजत पाटीदार ने 25 और विराट कोहली ने 22 रन बनाए। दिल्ली से विपराज निगम और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए।

आरसीबी ने 20वें ओवर में अपने 150 रन पूरे किए। टिम डेविड ने ओवर की पहली बाल पर छक्का लगाया और टीम को 150 के पार पहुंचाया। आरसीबी ने 18वें ओवर में 7वां विकेट गंवा दिया। विपराज निगम ने क्रुणाल पंड्या को कैच कराया। क्रुणाल 18 ही रन बना सके। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार 23 गेंदों में 25 रन बनाने के बाद आउट हो गए। उन्हें कुलदीप यादव ने 15वें ओवर में विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच कराया। बेंगलुरु ने 13वें ओवर की दूसरी बाल पर जितेश शर्मा का विकेट भी गंवा दिया। उन्हें कुलदीप यादव ने विकेट के पीछे केएल राहुल के हाथों कैच कराया। जितेश ने 11 गेंद पर 3 रन बनाए। आरस. ीबी ने 12वें ओवर में अपने 100 रन पूरे कर लिए। कप्तान रजत पाटीदार ने मोहित शर्मा के खिलाफ चौका लगाया और टीम की सेंचुरी पूरी कराई। आरसीबी ने 10वें ओवर में चौथा विकेट गंवाया। मोहित शर्मा ने ओवर की तीसरी गेंद पर लियम लिविंगस्टन को कैच कराया। लिविंगस्टन 4 ही रन बना सके। आरसीबी ने 7वें ओवर में विराट कोहली का विकेट भी गंवा दिया। उन्हें लेग स्पिनर विपराज निगम ने लान्ग आफ पर मिचेल स्टार्क के हाथों कैच कराया। कोहली ने 22 रन बनाए। छठे ओवर की चौथी बाल पर बेंगलुरु ने दूसरा विकेट भी गंवा दिया। मुकेश कुमार ने देवदत्त पडिक्कल को मिड आन पर कैच कराया। पडिक्कल 1 ही रन बना सके। चौथे ओवर में आरसीबी के ओपनर फिल साल्ट रनआउट हो गए। अक्षर पटेल के ओवर की पांचवीं गेंद पर वे सिंगल लेने गए, लेकिन रनआउट हो गए। साल्ट ने 17 गेंद पर 37 रन बनाए। उनकी पारी में 4 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

# क्रिकेट में काफी बदलाव आया है जो सही नहीं है: संदीप पाटिल



■ **टेस्ट क्रिकेट को जिंदा रखने के लिए आईसीसी से किया आग्रह:संदीप पाटिल**

**अलवर, वार्ता।** वर्ष 1983 में विश्व कप विजेता रही भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य और नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के डायरेक्टर रहे संदीप पाटिल ने कहा है कि वर्तमान में क्रिकेट में काफी बदलाव आया है जो कि इसके लिए सही नहीं है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर पाटिल ने गुरूवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पिछले 10 वर्षो में क्रिकेट में काफी बदलाव आया है अब स्थिति यह है कि बेसिक सिखने की जरूरत है। उन्होंने आईपीएल, 20- 20 मैच पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब हालात यह है कि एक-एक दिन में दो-दो मैच हो जाते हैं। तीन घंटे में परिणाम सामने आ जाता है लेकिन जो मूल क्रिकेट है, टेस्ट मैच पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से आग्रह किया कि टेस्ट क्रिकेट को लजदा रखा जाए। उन्होंने कहा कि बैट और बल्ले के अलावा पूरी क्रिकेट में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट का यह बदलाव खिलाड़ियों से बेसिक क्रिकेटर को कम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एनसीए द्वारा छोटे-छोटे शहरों से अवेयरनेस कार्यक्रम चला कर क्रिकेट के खिलाड़ी सामने ले जा रहे हैं। कई बड़े खिलाड़ी अब छोटे-छोटे कस्बों से गांव से भी निकल कर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट में राजनीति भी होती है लेकिन राजनीति अपनी जगह है। उन्होंने कहा कि मेरा मूल उद्देश्य है कि क्रिकेट में किसी भी खिलाड़ी के साथ अन्याय नहीं हो। उन्होंने कहा कि एनसीए के बड़े-बड़े कोच हमारे प्रोग्राम से जुड़े हुए हैं और छोटे शहरों में यह दिक्कत आती है कि जहां कोचिंग दी जाती है। उन्होंने कहा कि अलवर एक ऐसी जगह है जो दिल्ली और जयपुर की कनेक्टिविटी के बीच है, जयपुर में तो निश्चित रूप से क्रिकेट काफी खेला जाता है। हमारा प्रयास है कि अलवर में भी अकादमी शुरू करें और यहां से छोटे-छोटे बच्चे क्रिकेट खेले और जिसे शहरों और कस्बों का नाम हो।

# शांति भंग के आरोप में एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** मारपीट पर उतारू एक व्यक्ति को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोतवाली सुरजननगर चौकी पुलिस ने सुनील उर्फ सोनू पुत्र नन्हे को गांव के प्रियदर्शन के साथ मारपीट पर उतारू होने पर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने आरोपी सुनील का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जमानत पर छोड़ दिया गया है। श्री हनुमान जन्मोत्सव कल मनाया जाएगा धूमधाम , तैयारियां आज शुरू ठाकुरद्वारा। श्री हनुमान जन्मोत्सव ब्लाक क्षेत्र के गांव रामपुर बलभद्र स्थित श्री बालाजी शक्ति पीठ मंदिर पर धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के महंत विक्रम यादव ने बताया कि शनिवार को भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में प्रात: 5.00 बजे श्री बालाजी महाराज श्रृंगार, 6.00 बजे श्री बालाजी की आरती, ६.३० बजे अर्जी लगी जाएगे। 7.00 बजे संकट मोचन दरबार कीर्तन, दोपहर 12.00 बजे सवामनी भोग, 13.30 बजे भगवान बालाजी का जन्मोत्सव पर केक भोग लगाय जाएगा। 1.00 दोपहर संकट मोचन यज्ञ, सायं 6.15 बजे आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में आयोजित मेले में बच्चों का मुंडन कराए जाएगे। मेले परिसर में बच्चे चांट पकोड़ी और झूले का लुफ्त उठेगें। वहीं नगर के मोहल्ला पीपलटोला स्थित श्री शिव धाम पंचशील मंदि, श्री हनुमान गढ़ी पर श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भगवान श्री हनुमान भक्त रूद्धदत्त शर्मा ने बताया कि आज शुक्रवार को दोपहर 12.00 बजे श्री हनुमान का श्रृंगार प्रारंभ होगा। शनिवार की सुबह 9.00 बजे श्री हनुमान जी हवन यज्ञ प्रारंभ होगा। इसके बाद श्री हनुमान जी को 56 भोग लगाया जाएगा। दोपहर 2.00 महिला श्रद्वालुओं द्वारा मंदिर परिसर में सुंदर कांड किया जाएगा। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## रक्त स्वाभिमान सम्मेलन आगरा में शामिल होने करणी सेना से युवा कार्यकर्ता आज होंगे रवाना

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़।** राणा सांगा की जयंती पर 12 अप्रैल को गढी रामी कुबेरपुर आगरा में रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में शामिल होने के लिए करणी सेना सम्भल के जिला अध्यक्ष शम्भू ठाकुर उर्फ श्यामवीर सिंह के नेतृत्व में सम्भल से क्षत्रिय समाज के युवा कार्यकर्ता आज शुक्रवार को आगरा के लिए निकलेगें। सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर की गई।

# सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों पर लगे बैन के बाद भी नहीं लग सका बैन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों के प्रयोग और बिक्री पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने करीब ३ वर्ष पूर्व प्रतिबंध लगा दिया था। मंत्रालय ने जिन 19 सामग्री को प्रतिबंधित सूची में डाला है।

अब उनके बगैर जीवन बिताने की आदत डाल लेने में ही जन स्वास्थ्य की रक्षा होगी। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा प्रतिबंध किए गए 19 सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग प्लास्टिक स्टिक वाले ईयर बड्स गुब्बारे के लिए प्लास्टिक स्टिक, केंडी स्टिक, आइस्क्रीम स्टीक, प्लास्टिक के झंडे, थमाकोल (पॉलिस्ट्रीन), प्लास्टिक के कप, प्लेट,गिलास कांटा चम्मच, प्लास्टिक के चाकू स्ट्रॉ, मिठाई के डिब्बों को पैक करने वाली फिल्म इन्विटेशन कार्ड, सिगरेट के पैकेट का धड़ल्ले से और बहुतायत में प्रयोग होता था। मगर अब आमजन को अपनी जिंदगी के लिए खतरा बन रहे इन सामानों से तौबा करना होगा। करीब ३ वर्ष पूर्व प्रतिबंध लागू होने के बाद भी नगर एवं क्षेत्र में में अनेक बार अभियान चला इसके बाद भी प्रतिबंधित सामान की धड़ल्ले से बाजार में बिक्री हो रही हैश केंद्रीय मंत्रालय ने जिन सिंगल यूज प्लास्टिक निर्मित सामान को प्रति. बंधित किया है उस आदेश सख्ती से लागू कराने की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों की है। क्योंकि यह सामग्री पर्यावरण और मानव जीवन दोनों के लिए अधिक खतरनाक है। प्रतिबंधित प्लास्टिक के सामान का बिकना चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रमुख कस्बों में प्रतिबंध के बाद भी सिंगल यूज प्लास्टिक की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है।

# विज्ञापन के अनुसार भोजन थाली न पहुंचाने पर उपभोक्ता आयोग में किया वाद दायर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला उपभोक्ता आयोग ने मारुति टिफिन्स के पीयूष अग्रवाल स्थित पीली कोठी सिविल लाइन्स, शहर व जिला मुरादाबाद द्वारा अपने विज्ञापन के अनुसार भोजन थाली न पहुंचाने के संबंध में परिवाद दायर किया है।

बता दें कि सुमित अग्रवाल एड. नि० बुद्धि बिहार, शहर व जिला मुरादाबाद ने 19 जून 2024 को भोजन पहुंचाने वाली संस्था द्वारा मारुति टिफिन्स, 155 आवास विकास पीली-कोठी सिविल लाइन्स शहर व जिला मुरादाबाद से संपर्क किया। सुमित के व्हाट्सएप्प नंबर पर मेन्यू भेजा गया जिसमें सादा थाली 90 रु., पनीर लवर्स थाली 120 व महाराज थाली 150 रु० अंकित थे। मेन्यू के आधार पर सुमित अग्रवाल ने पनीर लवर्स थाली का ऑर्डर किया।



अधिवक्ता फ़रीदुज़्ज़फर ख़ान

मारुति टिफिन्स द्वारा होम डिलीवरी नि:शुल्क बताया गया। होम डिलीवरी के पश्चात् उसका बिल नहीं दिया गया। वादी ने आवश्यकता अनुसार 20 जून 2024 को पुन: 90 रु. की थाली का ऑर्डर किया गया लेकिन थाली नहीं भेजी गई जबकि विज्ञापन में 90 रु. की होम डिलीवरी लिखी थी। यानि भ्रामक विज्ञापन कर बेवकूफ बनाया गया है। न्यायालय ने एक अप्रैल 2025 को एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए परिवादी का परिवाद आंशिक रुप से स्वीकार किया और विपक्षी को टिफिन्स कंपनी को आदेशित किया गया कि वादी को मानसिक व शारीरिक क्षतिपूर्ति के रु. में 05 हजार रु० व 02 हजार रु० वाद व्यय दिया जाये। यह आदेश उपभोक्ता आयोग द्वितीय मुरादाबाद द्वारा दिया गया। उक्त मामले की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता फ़रीदुज़्ज़फर ख़ान द्वारा की गई।

## एक नजर

### शीतल जल-शर्बत पिलाकर शोभायात्रा के शामिल भक्तों का किया स्वागत

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** मुरादाबाद जागरूक समाज के बैनर तले श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव पर भगवान महावीर जयंती महोत्सव समिति के तत्वाधान में निकाली शोभायात्रा का गंज गुरहट्टी के पास समाजसेवियों द्वारा शीतल जल एवं शर्बत खिलाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में अतुल जौहरी, जवाहर लाल, नरेश कुमार, सम्भव जैन, अभय गुप्ता, शिवम गुप्ता, सतेन्द्र शर्मा आदि ने भव्य स्वागत किया।

### अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति 13 को सीएनएस अकादमी में करेगी बैठक

**कांठ ( शाह टाइम्स )** केंद्र में आरक्षण लागू करने को लेकर अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति 13 अप्रैल को कुचावली स्थित सीएनएस अकैडमी में एक बैठक का आयोजन करेगी उक्त जानकारी किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह ने दी उन्होंने बताया कि बरसों चले संघर्ष के बाद जाट समाज को ओबीसी में आरक्षण दिया गया था। लेकिन कुछ लोगों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में जाने के कारण इसे केंद्र की सूची से अलग कर दिया गया तभी से जाट समाज आरक्षण के लिए संघर्ष करता चला रहा है



इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए अब जाट आरक्षण संघर्ष समिति 13 अप्रैल को कुचावली के सीएनएस अकैडमी में एक बैठक का आयोजन करेगी इसमें आगामी रणनीति पर विचार किया जाएगा उन्होंने जाट समाज के लोगों से इस बैठक में उपस्थित होकर अपनी बात रखे जाने का आह्वान किया है।

### आगामी सत्र में होने वाले कार्यक्रमों के लिए तैयार रूप रेखा

**मुरादाबाद।** यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब द्वारा नवीन नगर में आगामी सत्र में होने वाले क्लब के कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार करने के लिए एकत्रित हुए।जिसमें अनेक सामाजिक कार्यो को क्रियावान करने के लिए इसी सत्र में विचार विमर्श करके जिम्मेदारी सौंपी गई।स्कूली बच्चों की शिक्षा हो या महंगाई का भार झेलती ग्रहस्ती को खाद्य अनुदान हर महीने देना क्लब द्वारा इन पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई।मिली सिक्का ने खाद्य अनुदान की



जिम्मेदारी ली। मानसी टंडन ने स्कूली शिक्षा के लिए एक्स्ट्रा क्लास की। सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से अपना पूर्ण योगदान देने का प्रण लिया। इस दौरान नेहा मेहरोत्रा शालिनी संजना दिव्या अनुभा मिली मानसी आदि मौजूद रहे।

# भगवान महावीर की पालकी यात्रा से विश्व शांति का संदेश

## पालकी यात्रा में बधाई गीतों का चला सिलसिला, जगह-जगह पुष्पवर्षा से किया गया यात्रा का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** भगवान महावीर के 2624वें जन्मोत्सव पर नगर में पालकी यात्रा निकाल कर गाए बधाई गीत एवं दिया विश्व शांति का संदेश। नगर के मौहल्ला गोलागंज स्थित श्री दिगम्बर जैन सभा के तत्वावधान में भगवान महावीर जन्मोत्सव के अवसर पर विधि विधान पूर्वक भगवान की पालकी यात्रा निकाली गई, सर्प्रथम भगवान को सौधर्म इंद्र ने भगवान पालकी में विराजमान किया, और पालकी द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण किया गया, पालकी का जगह जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि जैन समाज का योगदान सम्पूर्ण मानवजाति के लिए हितकारी है। भगवान महावीर का संदेश विश्वकल्याण के लिये है, कहा कि भगवान महावीर का जीवन धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव संदेशात्मक रहा,आज के इस समय में धर्म की रक्षा के लिए हमें अपने राष्ट्र धर्म का पालन करना चाहिए जो जैन समाज बखूबी करता भी है। इस अवसर पर डॉ. पवन कुमार जैन ने कहा कि जैन परंपरा में ऋषभदेव से लेकर भगवान महावीर तक की यात्रा हमें जीवों की, प्रकृति की रक्षा का संकल्प भी दिलाती है इसलिए हमें अपने पर्यावरण के प्रति अत्यधिक संवेनशील रहना चाहिए।

रात्रि में भी मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भगवान को पालना झुलाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, आरएसएस के जिला संघचालक अनिल शास्त्री, जिला प्रचारक दीपक



कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष राजेश शकंर राजू, पूर्व पालिकाध्यक्ष रमेश बादशाह, ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह, मंजू दिलेर, अजय तम्बाकू, संरक्षक राजेन्द्र जैन, अध्यक्ष सुनील जैन, महामंत्री सम्भव जैन, कोषाध्यक्ष मीतेश जैन, उपाध्यक्ष संजय जैन व्यवस्था प्रमुख अतिशय जैन, नवनीत जैन, विभोर जैन, विपुल जैन, स्वाति जैन, अभिनय जैन, मनोज जैन, प्रेरक जैन, अजित प्रकाश जैन, मोहित जैन एडवोकेट, आलोक जैन, अभिलाषा जैन, राहुल जैन सर्राफ, अजय जैन, बॉबी जैन, अंशुल जैन, नितेश जैन आदि उपस्थित रहे। संचालन सम्भव जैन द्वारा किया गया।

# निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से मिले व्यापार मंडल के लोग

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी से मिला। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि हर साल के भांति इस वर्ष भी निजी स्कूलों ने अपना कोर्स बदल दिया है। एक तरफ जिलाधिकारी निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ नकेल कस रहे हैं। दूसरी तरफ निजी स्कूल संचालक अपनी मनमानी से बाज नही आ रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की गई कि जिन स्कूलों ने अपना कोर्स बदल दिया है उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये और जो बच्चे कोर्स ले चुके हैं उसका पैसा स्कूलों से वसूला जाये। इस दौरान शाहआलम मंसूरी, शुभम अग्रवाल, तुषार आदि मौजूद रहे।



# कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की 8 वर्षीय उपलब्धियों के उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कुंदरकी विधानसभा में बाइक रैली का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला मुरादाबाद के नेतृत्व में आयोजित इस रैली का शुभारंभ भदासना स्थित महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज से हुआ। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा की भारतीय जनता पार्टी में सबसे ज्यादा युवा कार्यकर्ता जुड़े हैं। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का 8 साल का कार्यकाल पूरा हुआ है, इसे हम उत्सव के रूप में मना रहे हैं और शहर से लेकर गांव तक के लोगों को सरकार की नीतियों





का संदेश दे रहे हैं। केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार समाज के सभी वर्गो के विकास व उत्थान के लिए काम कर रही है। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में प्रदेश में सुशासन का राज है। आज महिलाएं बिना किसी भय के बाहर निकल सकती हैं। अपराधियों पर योगी सरकार ने नकेल कसी है वहीं विकास के लिए निरन्तर कार्य योगी सरकार कर रही है। बाइक रैली में मुंडापांडेय ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव, जिला उपाध्यक्ष विक्की ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर लोधी,जिला महामंत्री अर्पित चौहान, सोनू रस्तोगी, रोहित सिंह, जय सिंह लोधी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उप्र रोडवेज कर्मचारी संघ अंबेडकर जयंती को मनाएगा धूमधाम से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ मुरादाबाद क्षेत्र की क्षेत्रीय बैठक संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय बस स्टेशन मुरादाबाद पर संपन्न हुई। उक्त बैठक की अध्यक्षता चंद्रभान सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष के द्वारा की गई तथा बैठक का संचालन अरुण कुमार सिंह क्षेत्रीय मंत्री मुरादाबाद क्षेत्र के द्वारा किया गया स बैठक में मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ स 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव राम जी अंबेडकर जी के जन्म दिवस को बस स्टेशन मुरादाबाद पर धूमधाम से मनाने का विचार किया गया सअवैध रूप से राष्ट्रीयकृत मार्गों पर हो रही अवैध डग्गामारी पर प्रभावी रोक लगाने के संबंध में योजना तैयार की। जिसमें प्रारंभिक रूप में संभागीय परिवहन अधिकारी संभाग मुरादाबाद को पत्र लिख कर डग्गामारी पर रोक लगाने का अनुरोध किया जाएगा, यदि उसके उपरांत भी डग्गामारी पर रोक नहीं लगती है तो अग्रिम चरण में आर टी ओ ऑफिस पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम करने पर सहमति बनी। परिवहन निगम के बस स्टेशनों पर अवैध रूप से रात्रि में खड़ी हो रही अनु.



बंधित बसों पर पूर्ण रूप से रोक लगाने का प्रस्ताव भी बैठक में पास किया, जिसमें प्रथम चरण में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त मुरादाबाद को पत्र लिखकर कार्यबाही करने का अनुरोध किया जाएगा, यदि उसके उपरांत भी अनुबंधित बसों का रात्रि में परिवहन निगम के बस स्टेशनों से बाहर नहीं हटाया जाता है तो योजना बनाकर के अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। 20 अप्रैलको उ०प्र० रोडवेज कर्मचारी संघ मुरादाबाद क्षेत्र के होने वाले वार्षिक चुनाव में उपस्थित होने वाले पदाधिकारियों के संबंध चर्चा की गई है। मासिक बैठक में प्रमुख रूप से रामेश्वर दयाल भारती, पवेंद्र कुमार, रविंद्र सिंह, सुबोध कुमार, तेजपाल सिंह, अमित सिंह, विपिन कुमार, भूरी सिंह, असमत अली, विक्रम सिंह, राजवीर सिंह, धीरेंद्र कुमार, शशिकांत, महेंद्रपाल सिंह, मोहमद शालिम, प्रदीप सिंह, तपराज सिंह, सिंह राजेंद्र शर्मा, राजकुमार, गौरव चौहान आदि उपस्थित रहे।

# सद्भावना से कटकर हुई युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** राजा का सहसपुर जंक्शन के पास रेल लाइन को क्रॉस कर रहे युवक की सद्भावना ट्रेन से कटकर मौत हो गई। युवक की मौत के बाद इंजन ड्राइवर ने जीआरपी को सूचना दी।

जिसके बाद जीआरपी मौके पर पहुंची। शव की शनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शनाख्त नहीं हो सकी। लिहाजा शव का पंचनामा पर पोस्टमार्टम को भेज दिया। हादसा बीती शाम हुआ। रात 8:20 बजे संभल रोड राजा का सहसपुर के पास एक युवक रेलवे लाइन को क्रॉस कर रहा था। इसी बीच सद्भावना ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आते ही युवक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद जीआरपी ने शव का पंचनामा भर शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शनाख्त नहीं हो सकी। इसी बीच अगले दिन दोपहर के वक्त राजा का सहसपुर के रहने वाले मृतक युवक की पहचान अपने परिवार के युवक के रूप में की लेकिन बाद में इनकार कर दिया, फिलहाल अभी शनाख्त नहीं हो सकी।

# मिशन रोड सेफ्टी के तहत एसएसपी ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

## नगर से हटाया गया अस्थाई अतिक्रमण, दुर्घटना रोकने के लिए ग्रामीणों के साथ बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मिशन रोड सेफ्टी के तहत बिलारी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट रही। इस बीच हाईवे से अतिक्रमण को हटाया गया। हाईवे पर खड़े होने वाले डग्गामार वाहनों को सड़क से हटाया गया। इसके अलावा सड़क पर लगने वाले तेलों को सड़क किनारे किया गया मुख्य चौराहों को पूरी तरह से साफ किया गया। दोपहर बाद पहुंचे एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बिलारी के मिलक नगलिया गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक की और ब्लैक स्पॉट पर हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर तैयारियां भी की। ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्होंने सड़क दुर्घटनाएं रो. कने को लेकर मंथन भी किया। इसके अलावा हाईवे पर घूमकर अतिक्रमण की स्थिति को भी देखा। लेकिन उससे पहले ही बिलारी पुलिस ने हाईवे का अतिक्रमण हटा दिया था। सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि को रोकने यातायात के नियमों का पालन करते हुए वाहनों को चलाने की अपील की गई। आगामी त्यौहार व जयंती पर निकलने वाले जुलूस शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण सद्भावपूर्ण तरीके से निकलने की भी अपील की गई। इस मौके पर एएसपी सोनाली मिश्रा, कोतवाली प्रभारी



अमरनाथ वर्मा आदि सहित अनेको पुलिसकर्मी दरोगा आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली गई बजरंगी यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गुरुवार को श्री बजरंगी सनातन समूह द्वारा नगर में भव्य बजरंगी यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ नगर के गणमान्य लोगों व संगठन के पदाधिकारियों द्वारा महाआरती कर किया गया। सायं 05 से सीतारोड स्थित रघुनाथ आश्रम से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया और नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुन: रघुनाथ आश्रम पहुंची। नगर में जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत व बजरंगबली कीी पूजा अर्चना की गई। इस दौरान शिवांक, यश, सत्यम, प्रिंकेश, पराग, रचित, चंद्रगोपाल, अनमोल, अभिषेक सिंह, मनिक, अजय, अमन, यश, चिराग, शिवांशु, जतिन, रुद्राक्ष, हर्षित, निमित्त, अस्मित, वंश, शिवांशु, शुभम, रितिक, जतिन, वासु, शोभित, अंकुर, अभिनव, हिमांशु, देव, अमर आदि मौजूद रहे।



# धर्मातरण की सूचना पर पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंपच, दो युवक हिरासत में

**ठाकुरद्वारा।** नगर में धर्मातारण की सूचना पर पुलिस ने प्रशासन में हड़कंप मच गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर धर्मातरण के आरोप में दो युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आयी। जहां पुलिस ने जांच में जुट गई। नगर के मोहल्ला वेयरहाउस के निकट एक निजी मकान में दो युवक द्वारा धर्मातरण की सूचना बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की मिली। इस पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को मौके पर पहुंचकर सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने धर्मातरण के आरोप में दो युवकों को हिरसात में लेकर कोतवाली पहुंची। डायल पुलिस ने दोनों युवकों को कोतवाली पुलिस के सूपूर्द कर दिया। कोतवाली पुलिस विभिन्न बिंदुओ पर जांच में जुटी है। बजरंग के कार्यकर्ताओं अभी तक कोई तहरीर नही दी है। कोवताली प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि धर्मातरण के मामले में हिरासत में लिए गए युवको से पूछताछ की जा रही है।

# घर में घुसकर मारपीट के मामले में छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** घर में घुसकर गाली गलौज करने लगे गाली गलौज का विरोध करने पर पीडिघ्त को मारपीट कर घायल करने की शिकायत पर ६ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के पानूवाला निवासी शहाबुद्दीन पुत्र यूसुफ ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि २१ मार्च को रोजा इफ्तार कर रहा था तभी गांव के ही कमसीन , सीलम ,पुत्रगण मसीतुल्ला नूरजहाँ, पत्नी कमसीन, रूबी पुत्री सलीम, नाहिद पुत्र कमसीन वाजिद पुत्र अज्ञात पीडिघ्त के घर में घुसकर पीडिघ्त परिवार के साथ गाली गलौज करने लगे , जब गाली गलौज का विरोध किया तो दबंग आग बबूला हो गए और पीडिघ्त के साथ लाठी डंडे व धारदार हथियार से हमला किया था। जिसमे पीडिघ्त शहाबुद्दीन व आयशा व बच्चों को मारपीट घायल कर दिया । जिसमें पीडिघ्त ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर 6 लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जाच शुरू कर दी है।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025

## संघीय सिद्धांतों का रेखांकन

मीडिया मानता है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने के तरीके को वास्तव में बदल दिया है। यह हस्तक्षेप ऐसे समय में हुआ है, जब राज्यपालों और गैर-भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गए हैं। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि के आचरण पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला केंद्र-राज्य संबंधों पर दूरगामी प्रभाव डालने वाला है। मीडिया में सुर्खियों में छाया हुआ है यह मामला। यह फैसला देते हुए शीर्ष अदालत ने भारत के संघीय सिद्धांतों को रेखांकित किया, वह भी एक ऐसे दौर में जो यकीनन चिंताजनक है। यह निर्णय राज्यों की प्रशासनिक स्वायत्तता में वृद्धि करता है, और संवैधानिक पदों के कामकाज का विनियमन करता है, जिसका असर पूरे देश के लिए होगा। राज्य विधानसभा द्वारा पारित 10 विधेयकों के साथ रवि के सलूक से संबंधित इस मामले में, खासकर राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों (जहां राज्यपाल कुलाधिपति का काम करते हैं) में कुलपतियों (वीसी) की नियुक्ति जैसे मुद्दों को लेकर। यह कोई संयोग नहीं है कि इस मामले के केंद्र में जो विधेयक थे, वे कुल. पतियों की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल की जगह राज्य सरकार को देना चाहते थे। राज्य विधानसभा द्वारा इन विधेयकों को दोबारा अंगीकार किए जाने के बाद रवि ने इन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अग्रसारित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि माना जाता है कि इन विधेयकों को मंजूरी मिल गई है। उसने विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने की राज्यपाल की कार्रवाई का जिक्र नेकनीयत नहीं के रूप में किया, और उनके आचरण को ह्मनमाना, कानून में नामौजूद व त्रुटिपूर्ण करार दिया, यह भाषा राज्यपाल कार्यालय के कामकाज के मूल्यांकन जैसी थी। सामान्य हालात में, ऐसी कड़ी फटकार का नतीजा उस व्यक्ति के इस्तीफे के रूप में सामने आता, जिसका आचरण समीक्षाधीन था, यानी आरएन रवि, लेकिन ये सामान्य हालात नहीं हैं और रवि यकीनन वही राजनीतिक पक्षपाती भूमिका निभा रहे हैं, जो उन्हें केंद्र में बैठी सरकार ने सौंपी है। और केंद्र सरकार की अगुवाई करने वाली भाजपा तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके को दुश्मन की तरह नापसंद करती है। अड़चन ही रणनीति है। इस फैसले का महत्व एक राज्यपाल विशेष की निंदा से परे जाता है। यह विधेयकों पर राज्यपालों के कार्रवाई करने के लिए निश्चित समयसीमा तय करता है। यह सुनिश्चित करता है कि राज्यपाल अब समीक्षा के बहाने कानून-निर्माण में बेमियादी देरी नहीं कर सकेंगे या मनमौजी ढंग से या दंड से बेपरवाह होकर काम नहीं कर सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने एक संवैधानिक सिद्धांत की तस्दीक की है जिसे अक्सर कमजोर किया जाता रहा हैरू जो यह है कि राजभवनों को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए। अब कानून लागू हो जाने के बाद, तमिलनाडु सरकार के पास कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार है और उसे 12 विश्व. विद्यालयों में इन रिक्तियों को भरने के लिए तेजी से काम करना चाहिए। अतीत में भ्रष्टाचार के आरोपों को देखते हुए, ए नियुक्तियां मेधा, ईमानदारी, और क्षमता के आधार पर की जानी चाहिए। यह फैसला सिर्फ कानूनी मील का पत्थर नहीं है।

## तहव्वुर राणा को भारत लाने का श्रेय कांग्रेस को



**मुंबई** आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को भारत लाने का श्रेय मोदी सरकार ले रही है, लेकिन सच यह है कि उसे भारत लाने में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की मेहनत आज रंग लाई है, लेकिन पूरी कहानी यह है कि मोदी सरकार इस घटनाक्रम का श्रेय लेने के लिए होड़ में लगी है, जबकि सच्चाई उनके दावों से कोसों दूर है, प्रत्यर्पण डेढ़ दशक की कठिन, परिश्रमी और रणनीतिक कूटनीति का परिणाम है, जिसकी शुरुआत, अगुवाई और निरंतरता संप्रग सरकार ने अमेरिका के साथ समन्वय द्वारा सुनिश्चित की थी, मोदी सरकार का इसमें कोई योगदान नहीं है, इस प्रक्रिया की शुरुआत हमने की थी, इसका यह भी तात्पर्य हुआ कांग्रेस की सरकार की गंभीर प्रयास और ईमानदार कोशिश से सबसे खतरनाक अपराधी को भी कानून की कठघरे में खड़ा किया जा सका है।

**पी. चिदंबरम**
**पूर्व केंद्रीय मंत्री**

# स्लीपर सेल मुक्त हो पाएगी कांग्रेस!

**मुमकिन है स्लीपर सेल अन्य राजनीतिक दलों में भी सक्रीय हों लेकिन उन पर यह असर इसलिए नहीं पड़ता क्योंकि या तो वे सांगठनिक रूप से बहुत मजबूत हैं या फिर ऐसे भी हैं जो ये मानकर चलते हैं कि ऐसा तो चलता रहता है। लेकिन कांग्रेस की मुसीबत यह है कि वह पिछले कई सालों से स्लीपर सेल को ढो रही है।**





**यशोदा श्रीवास्तव**

अहमदाबाद में संपन्न कांग्रेस वर्किंग कमेटी के दो दिवसीय सम्मेलन में यूं तो कई प्रस्ताव पारित हुए और तमाम विषयों पर चर्चा हुई लेकिन एक जो बड़ी चर्चा हुई वह है पार्टी के भीतर स्लीपर सेल। इस विषय पर बोलने की शुरूआत राजस्थान की एक पूर्व आदिवासी महिला विधायक ने की तो कानपुर के सांसद प्रत्याशी रहे आलोक शर्मा ने खुलकर इसकी पोस्टमार्टम कर दी। अच्छी बात यह है कि कांग्रेस नेतृत्व ने इसे अच्छा माना और पार्टी अध्यक्ष खड़गे से लेकर सोनिया और राहुल गांधी ने इसका समर्थन करते हुए तालियां भी बजाई।

मुमकिन है स्लीपर सेल अन्य राजनीतिक दलों में भी सक्रीय हों लेकिन उन पर यह असर इसलिए नहीं पड़ता क्योंकि या तो वे सांगठनिक रूप से बहुत मजबूत हैं या फिर ऐसे भी हैं जो ये मानकर चलते हैं कि ऐसा तो चलता रहता है। लेकिन कांग्रेस की मुस. ीबत यह है कि वह पिछले कई सालों से स्लीपर सेल को ढो रही है। ठीक है कांग्रेस को दिल्ली की कुर्सी पा लेना आसान नहीं है और अभी वह देश में इक्का दुक्का प्रदेश में ही सरकार में है लेकिन इसके पीछे कुछ प्रतिशत ही सही पार्टी के भीतर जगह बना लिए स्लीपर सेल की भूमिका से इन्कार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस के उक्त सम्मेलन में कुछ हारे हुए प्रत्याशियों ने इशारों में ही सही अपनी हार के पीछे स्लीपर सेल की भूमिका का जिक्र किया है।

अच्छी बात यह है कि राहुल गांधी पार्टी के भीतर के ऐसे आस्तीन के सांपों को पहचान गए। यही वजह है कि वे अपने हर मीटिंगों में स्लीपर सेल का जिक्र करते हुए खुला कहते हैं कि ऐसे लोग पार्टी से बाहर जा सकते हैं। अहमदाबाद के सम्मेलन में राष्ट्रिय अध्यक्ष खड़गे ने भी कहा जो काम नहीं कर रहे वे चले जाएं या जो थक गए हैं वे रिटायरमेंट ले लें। राहुल गांधी और खड़गे के इस तरह खुला चेतावनी के बाद अभी तक पार्टी से किसी आस्तीन के सांप के बाहर आने की सूचना नहीं है लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि पार्टी इससे से मुक्त है। कानपुर के सांसद प्रत्याशी रहे आलोक शर्मा जब कह रहे थे कि पार्टी संगठन का यह हाल है कि पदाधिकारी का चयन ऐसे परिवार के सदस्यों में से करते हैं जिसका सदस्य कांग्रेस में है,कोई भाजपा में और कोई सपा में है। जाहिर है वे बता रहे थे कि यही स्लीपर सेल है। अभी हाल ही पार्टी ने जिलों में जिलाध्यक्षों की सूची जारी की है और इन नवनियुक्त जिलाध्यक्षों से राहुल गांधी ने मुलाकात भी की है। जिलाध्यक्षों की नियुक्ती पर ध्यान दें तो यूपी में ही ढेर सारे जिलाध्यक्षों का मनोनयन शीर्ष नेताओं की सिफारिश पर हुआ जान पड़ रहा है जिनकी जमीनी भूमिका शून्य ही रहेगी। कुछ तो ऐसे भी हैं जो कुछ माह पहले ही भाजपा से आए और जिलाध्यक्ष बन गए। यूपी में जिलाध्यक्षों के बेतरतीब मनोनयन के पीछे एक कारण यह समझ में आ रहा है कि यहां तमाम जिलों में कांग्रेस के ढंग के नेता ही नहीं है जिनसे राय ली जाय और जो हैं वे बड़े सलीके से स्लीपर सेल की भूमिका निभा रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस यूपी में 17 सीट पर ही लड़ी थी क्योंकि यहां सपा से उसका गठबंधन था। इस चुनाव में जहां कांग्रेस लड़ी वहां कांग्रेस के एक से एक पुराने नेता स्लीपर सेल की भूमिका में दिखाई दिए जो घूम तो रहे थे पार्टी प्रत्याशी द्वारा उपलब्ध कराए गए वाहनों में लेकिन वोट भाजपा के लिए मांग रहे थे। यूपी में कम से कम पांच सीटों पर कांग्रेस की हार में पार्टी के स्लीपर सेल की खतरनाक भूमिका रही है। इनमें महराजगंज, देवरिया, बासगांव, अमरोहा और कानपुर का नाम लिया जा सकता है। इनमें एकाध जगह तो पूरी की पूरी जिला इकाई ही स्लीपर सेल की भूमिका में थीं। मानना पड़ेगा कांग्रेस भी बहुत मजबूत कंधे वाली पार्टी है।

लोकसभा चुनाव में एक संसदीय सीट से कांग्रेस का एक सीनीयर नेता टिकट के लिए इसलिए आवेदन नहीं किया क्योंकि उसी के जाति वाले नेता को भाजपा उम्मीदवार बना रही थी। बाद में यह सीट सपा के खाते में चली गई थी जहां कांग्रेस के भितरघात के चलते सपा उम्मीदवार को मामूली वोटों से हार जाना पड़ा था। आखिर यही तो स्लीपर सेल है। खैर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने देर से ही सही यदि अपने भीतर सक्रीय स्लीपर सेल को पहचान लिया तो यह अच्छी बात है लेकिन उसे इसकी छानबीन जिला स्तर से करनी होगी। आने वाले कुछ महीनों में नौ प्रदेशों के विधानसभा चुनाव होने हैं। स्लीपर सेल की पहचान के बीच प्रदेशों के ये चुनाव पार्टी के लिए बहुत अहम है। इसी चुनाव में यह भी देखना है कि पार्टी ने अहमदाबाद सम्मेलन में तय किए गए अपनी रणनीति पर कितना अमल कर पाती है। इन चुनावी प्रदेशो में कांग्रेस का संगठन भी एक चुनौती है, क्योंकि पार्टी ने यह भी तय किया है कि प्रत्याशियों के चयन में जिलाध्यक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

# क्योंकि वह अकबर नगर था....

**हमने राजनैतिक और सामाजिक रूप से जिस तरह का समाज निर्माण किया है, उसके अनुसार 'नियम' नाम, भाषा, जाति व धर्म के हिसाब से शेयर मार्केट की तरह उतरते-चढ़ते हैं। कुकरैल का लगभग एक किलोमीटर किलोमीटर लंबा इलाका अकबर नगर नाम के कारण मर गया, लेकिन शेष इलाका बच गया क्योंकि नाम में बहुत कुछ रखा है। गोमती नदी की 27 सहायक नदियों में से एक प्रमुख नदी है कुकरैल.. सौभाग्यवश ये नदी आज भी जिंदा है... हां! नाले के रूप में ही सही। हम लोग अपने बचपन में इस नदी में अक्सर नहाने आते थे...नदी के दोनों ओर बबूल, जंगली बेर, अमरूद, अर्रो, नीम...के तमाम दरख्त हुआ करते थे।**






**पवन सिंह**

**नाम** में क्या रखा है.. दरअसल जो रखा है नाम में ही रखा है..अगर नाम अकबर नगर नहीं होता तो अकबर नगर भी आज पंत नगर होता..!!! जो लोग 'नाम से नियम' और 'नाम से नदी क्षेत्र के नियम' देख रहे थे वे केवल तीन किलोमीटर की लंबाई-चौड़ाई तक दिखे और उसके बाद सब धुंधले हो गए..!! हमने राजनैतिक और सामाजिक रूप से जिस तरह का समाज निर्माण किया है, उसके अनुसार 'नियम' नाम, भाषा, जाति व धर्म के हिसाब से शेयर मार्केट की तरह उतरते-चढ़ते हैं। कुकरैल का लगभग एक किलोमीटर किलोमीटर लंबा इलाका अकबर नगर नाम के कारण मर गया, लेकिन शेष इलाका बच गया क्योंकि नाम में बहुत कुछ रखा है।

गोमती नदी की 27 सहायक नदियों में से एक प्रमुख नदी है कुकरैल.. सौभाग्यवश ये नदी आज भी जिंदा है... हां! नाले के रूप में ही सही। हम लोग अपने बचपन में इस नदी में अक्सर नहाने आते थे...नदी के दोनों ओर बबूल, जंगली बेर, अमरूद, अर्रो, नीम...के तमाम दरख्त हुआ करते थे जो कुकरैल नदी के दोनों मुहानों के साथ-साथ चलते थे। इस नदी में तमाम लोग कुत्ता काटने के बाद नहाने आते थे ...उनके लिए यह नदी ही रैबीज का टीका थी। कुकरैल नदी का उद्गम स्थल बीकेटी के पास स्थित दसौली गांव बताया जाता है। यह 28 किलोमीटर लंबी नदी है जो धीरे-धीरे अन्य नदियों की तरह मरती चली गई।

शहरीकरण हुआ और तमाम नाले कुकरैल में जोड़ दिए गए...। सीवर टैंकरों ने घरों का सीवेज खींच कर नदी में डालना आरंभ कर दिया और नतीजा यह हुआ कि एक और नदी की मौत हो गई। वर्ष, 2021 में इस नदी को पुनर्जीवित करने की योजना बनी। गोमती और कुकरैल में मिलने वाले नालों का रास्ता अलग करने पर काम आरंभ हुआ और योजना बनी कि कुकरैल रिवर फ्रंट की। इस योजना के फ्रंट पर अकबर साहेब आए और नवीन न्याय योजना ष्बुल्डोजर न्यायष का शिकार बने। अकबर साहेब निपट गए लेकिन नंबर आगे भी लगना था लेकिन आगे की कालोनियों को अभयदान मिला।नदियों की अपनी एक खुद की जल प्रणाली होती है। नदियां चौनलयुक्त जलमार्गों से होकर बहती हैं और बड़ी नदियों/ संगम में मिलकर जल निकासी बेसिन बनाती हैं...पूरे नदी जलमार्गों को अनधिकृत निर्माणों ने तहस-नहस कर दिया है। कुकरैल नदी के मध्य से नपाई कर नियमतरू नदी के दोनों ओर 100-100 मीटर का दायरा दरअसल नदी का अपना इलाका होता है, जिस पर फैजाबाद रोड़ से लेकर सीतापुर रोड़ खुर्रम नगर और उसके आगे पंतनगर तक के इलाकों को नदी के डूब क्षेत्र में कालो. नियां और कामर्शियल डेवलपमेंट कर दिया गया है। अकबर नगर तो इसी नियम और उसके अलावा तमाम शहरी नियम-कानून के तहत उड़ा दिया गया लेकिन उसके बाद पूरा अभियान 'सूंसां' हो गया...नदी के दोनों ओर बने तटबंधों से सटकर लोगों ने होटल, गेस्ट हाउस, नर्सिंग होम्स, स्कूल...बनाकर कामर्शियल खेल शुरू कर दिया जबकि यह सर्विस लेन का क्षेत्र है। चूंकि धंधेबाजों में अनेक सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े हैं तो सर्विस लेन बने तो बने कैसे? खुर्रम नगर से आगे बढ़िए तो नदी के मुंह तक में घुसकर लोगों ने मकान बना डाले हैं लेकिन जैसा कि मैंने लिखा कि वो अकबर नगर था इसलिए हटा...शेष के नाम अकबर टाइप्स नहीं हैं इसलिए नहीं हटे। एक जगह नदी के बहाव के नियम चस्पा हुए वहीं दूसरी ओर यही नियम बह गए। कुकरैल नदी का पुनर्जीवित होना जरूरी है..! यह नदी भू-गर्भ जलीय श्रोत का साधन है। जब लखनऊ में भूमिगत जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा हो ऐसी स्थिति में एक नदी को जीवित करना किसी तपस्या से कम नहीं है लेकिन नियम जो एक जगह फालो हुआ है वह दूसरी जगह न लागू हो सके, यह न तो न्याय का तकाजा है न ही नदी के साथ न्याय है। एक कुकरैल ही नहीं सरकार को घाघरा नदी के डूब क्षेत्र में हो रहे भयावह अतिक्रमण को भी सख्ती से देखने की जरूरत है। सरकार की नेक नियति से कुकरैल नदी जिंदा हो सके, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। अंतिम बात यह कि इससे पहले कि 20-25 सालों में लखनऊ में पानी के लिए हाहाकार मचे सरकार 1200 स्क्वायर फुट से अधिक सभी मकानों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए सख्त नियम बनाये और जांच करे... बिल्कुल किसी अभियान की तरह..अन्यथा बूंद-बूंद पानी के लिए यह शहर तरस जायेगा।

# पालतू और जंगली परागणकर्ताओं के बीच प्रतिस्पर्धा

**शोधकर्ताओं ने पाया है कि जब मधुमक्खियों को थोड़े समय के लिए उनके छत्तों में ही रोक कर रखा गया तो जंगली परागणकर्ताओं की संख्या में तो वृद्धि हुई ही, साथ ही उन्होंने अधिक मकरंद और पराग भी एकत्र किया**



**मधुमक्खियां** पराग और शहद उत्पादन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जानी जाती हैं। लेकिन इटली स्थित जानूट्री (जानूट्री) नामक एक छोटे द्वीप में हुए हालिया अध्ययन से पता चला है कि मधुमक्खियों की मौजूदगी जंगली परागणकर्ताओं के लिए नुकसानदायक हो सकती है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि जब मधुमक्खियों को थोड़े समय के लिए उनके छत्तों में ही रोक कर रखा गया तो जंगली परागणकर्ताओं की संख्या में तो वृद्धि हुई ही, साथ ही उन्होंने अधिक मकरंद और पराग भी एकत्र किया।

करंट बायोलॉजी में प्रकाशित यह अध्ययन संवे. दनशील पारिस्थितिक तंत्र में कॉलोनी बनाने वाली मधुमक्खियों की जंगली परागणकर्ताओं के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा को लेकर चिंता व्यक्त करता है। इस प्रयोग को युनिवर्सिटी ऑफ पीसा और युनिवर्सिटी ऑफ फ्ला. ेरेंस के वैज्ञानिकों ने अंजाम दिया। जानूट्री द्वीप टस्कन तट के पास स्थित है।

और विरल आबादी वाला है। वर्ष 2018 में वैज्ञानिकों और पार्क अधिकारियों ने स्थानीय परागणकर्ताओं पर पालतू मधुमक्खियों के प्रभाव को समझने के लिए यहां मधुमक्खी के 18 कृत्रिम छत्ते लगाए थे। 2021 से 2024 के बीच फरवरी से अप्रैल तक, वैज्ञानिकों ने जंगली मधुमक्खियों की दो प्रजातियों - बफ टेल्ड बम्बलबी (ठवउइने जमततमेजतपे) और एक सॉलिटरी बी (।दजीवचीवतं कपेचंत) पर नज़र रखी। उपलब्ध मकरंद एवं पराग की मात्रा के आधार पर उन्होंने यह पता लगाने का प्रयास किया कि कितनी जंगली और कितनी पालतू मधुमक्खियां फूलों पर जा रही हैं। शोधकर्ताओं ने हर साल मधुमक्खी के 18 छत्तों को कुछ दिनों के लिए बंद किया। इससे उन्हें यह देखने का मौका मिला कि जब मधुमक्खियां अनुपस्थित थीं तब पर्यावरण में क्या बदलाव हुए।

पाया गया कि मधुमक्खियों की अनुपस्थिति में जंगली परागणकर्ता काफी फले-फूले। मधुमक्खियों को छत्तों में रोकने पर कुछ महत्वपूर्ण बदलाव दिखेरू फूलों में 60 प्रतिशत अधिक मकरंद पाया गया। पराग की मात्रा में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जंगली परागणकर्ता अधिक संख्या में दिखाई दिए और उन्होंने फूलों पर अधिक समय बिताया। प्रतिस्पर्धा न होने के कारण जंगली परागणकर्ताओं को मकरंद और पराग आसानी से मिला। दरअसल, मधुमक्खियां भोजन के स्रोतों का पता लगाकर कॉलोनी की अन्य मधुमक्खियों को उसकी जानकारी देती हैं, जिससे वे जल्दी पहुंचकर मकरंद और पराग खत्म कर देती हैं। दूसरी ओर, जंगली परागणकर्ता अकेले भोजन खोजते हैं, इसलिए वे संगठित मधुमक्खी की तेज़ प्रतिस्पर्धा के सामने कमज़ोर पड़ जाते हैं। चार साल की इस अवधि में, पालतू मधुमक्खियों की उपस्थिति के कारण जंगली परागणकर्ताओं की संख्या में भारी गिरावट देखी गई। बम्बल बी और सॉलिटरी बी की आबादियों में 80 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई और पालतू मधुमक्खियां द्वीप के फूलों पर हावी रहीं। इसके अलावा वैज्ञानिकों ने सॉलिटरी बी की गुंजन की आवाज़ में भी हर साल पहले से कमी पाई। मधुमक्खियों के अलावा अन्य कारक, जैसे कीट आबादी में कुदरती घट-बढ़ और फूलों की उपलब्धता में बदलाव भी इसकी वजह हो सकते हैं। वैज्ञानिक चेताते हैं कि यह निष्कर्ष शायद अन्य स्थानों पर लागू न हो। जानूट्री छोटा द्वीप है, यहां युरोप के मुकाबले मधुमक्खियों के छत्तों का घनत्व औसत से दुगना है, तो हो सकता है प्रतिस्पर्धा यहां अधिक हो। संभव है कि अन्य पारिस्थितिक तंत्रों में जंगली और पालतू मधुमक्खियां एक-दूसरे को प्रभावित किए बिना सह-अस्तित्व में रह सकती हैं। शोधकर्ताओं ने मधुमक्खियों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की वकालत नहीं की है, बल्कि हर तरह के परागणकर्ताओं के आपसी संतुलन को समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता को पर बल दिया है।

# शिशुओं को ठोस आहार देना शुरू करने से पहले जान लें सही तरीका

**डॉक्टर** बच्चे के जन्म के 6 महीने तक उनको सिर्फ मां का दूध पिलाने की सलाह देते हैं। क्योंकि नवजात बच्चे के लिए मां का दूध पौष्टिक और हेल्दी माना जाता है। जो बच्चे के विकास में सहायक होता है। लेकिन 6 महीने पूरे होने के बाद पेरेंट्स बच्चे की डाइट में धीरे-धीरे बदलाव करना शुरूकर देते हैं।

वहीं जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है, वैसे-वैसे उनका पाचन तंत्रा भी विकसित होता है। ऐसे में बच्चे की डाइट में सॉलिड पफूड शामिल करना शुरूकर दिया जाता है। लेकिन ठोस आहार पर बच्चों की शुरूआत करने के सही तरीके के बारे में जानकारी होना जरूरी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे है।

### शिशुओं को ठोस आहार खिलाने का सही तरीका

बच्चे का आहार उनकी सेहत और विकास में अहम भूमिका निभाता है। क्योंकि शुरूआत के 6 महीने बच्चा सिर्फ मां के दूध पर निर्भर रहता है। लेकिन 6 महीने के बाद आप बच्चे को ठोस आहार देना शुरूकर सकते हैं। जोकि उनके शारीरिक विकास और पोषण दोनों में महत्वपूर्ण होता है। लेकिन बच्चे के ठोस आहार की शुरूआत करने और इसके सही प्रोसेस को सही तरीके से समझना जरूरी है। जिससे कि बच्चे का पोषण सही तरीके से हो सके।

### 6-8 महीने के बच्चे को खिलाएं मसला हुआ खाना

वहीं 6 महीने के बच्चे की डाइट में आप धीरे-धीरे सॉलिड फूड शामिल कर सकते हैं। हालांकि इस समय तक उनका पाचन तंत्र पूरी तरह से मजबूत नहीं होता है, इसलिए उनको मुलायम और हल्का खाना देना चाहिए। आप बच्चे को सूप, दाल का पानी, स्टीम सब्जियां, चावल का पानी या फल आदि मसलकर दे सकती हैं।

### 7-8 महीने के बच्चे को खिलाएं थोड़ा गाढ़ा और बारिक प्यूरी

7-8 महीने के बच्चे को आप हल्का गाढ़ा और बारीक प्यूरी खिला सकते हैं। क्योंकि इस उम्र तक बच्चे के दांत निकलना शुरू हो जाते हैं। ऐसे में आप उनको हल्का ठोस खाना खिला सकते हैं। आप बच्चे को प्यूरी, उबली ह्म्र सब्जियां जैसे गाजर, मटर, आलू और फलों में केला, नाशपाती और सेब आदि खिला सकते हैं। यह खाना बच्चे की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। बता दें कि जब बच्चा एक साल का हो जाता है।

# चीन पर ट्रम्प का टैरिफ हमला, 125% लागू



## अपने ही फैसले से पलटे ट्रम्प, 75 से ज्यादा देशों पर 90 दिनों के लिए टैरिफ रोका

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 75 से ज्यादा देशों पर जैसे को तैसा यानी कि रेसिप्रोकल टैरिफ 90 दिनों के लिए रोक दिया है। यह उनके फैसले के साथ ही लागू हो गया है। हालांकि, उन्होंने चीन को इस छूट में शामिल नहीं किया है, बल्कि उस पर लगे टैरिफ को 104 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। ट्रम्प ने यह कार्रवाई चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी 84 प्रतिशत टैरिफ के बाद की।

चीन पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आसान भाषा में मतलब है कि चीन में बना 100 डालर का सामान अब अमेरिका में जाकर 225 डालर का हो जाएगा। अमेरिका में चीनी सामानों के मंहगे होने से उसकी बिक्री कम हो जाएगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि चीन ने ग्लोबल मार्केट के लिए सम्मान नहीं दिखाया है। इसी वजह से मैं उस टैरिफ बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर रहा हूं। उम्मीद है कि चीन जल्द यह समझेगा कि अमेरिका और दूसरे देशों को लूटने के दिन चले गए हैं। जो देश डील करेंगे, उनके लिए टैरिफ 10 प्रतिशत रहेगा ट्रम्प ने कहा कि 75 से ज्यादा देशों ने अमेरिका के प्रतिनिधियों को बुलाया है और इन देशों ने मेरे मजबूत सुझाव पर अमेरिका के खिलाफ किसी भी तरह से जवाबी कार्रवाई नहीं की है। इसलिए मैंने 90 दिन के विराम (पाज) को स्वीकार किया है। टैरिफ पर इस रोक से नए व्यापार समझौतों पर बातचीत करने का समय मिलेगा। वहीं, वित्त मंत्री स्काट बेसेन्ट ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत करने के इच्छुक देशों के लिए यह दर घटकर 10 प्रतिशत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कनाडा और मेक्सिको के कुछ सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगता था। अब उन्हें भी बेसलाइन टैरिफ में शामिल कर लिया गया है।

### ट्रम्प के कई करीबी सलाहकारों और खुद एलन मस्क भी टैरिफ वॉर रोकने की सलाह दे चुके थे

हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि यूरोपीय यूनियन इस बेसलाइन टैरिफ में शामिल है या नहीं। ट्रम्प के करीबी भी टैरिफ के खिलाफ थे 1. ट्रम्प टैरिफ के चलते अमेरिका समेत ग्लोबल मार्केट में 10 लाख करोड़ डालर की गिरावट आई थी। हालांकि, टैरिफ रोकने के फैसले के कुछ घंटों के अंदर ही अमेरिकी शेयर बाजार की वैल्यू 3.1 लाख करोड़ डालर बढ़ गई। ट्रम्प के कई करीबी सलाहकारों और खुद एलन मस्क भी टैरिफ वार रोकने की सलाह दे चुके थे। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के कई नेता भी टैरिफ के खिलाफ थे। मिच मैककोनल, रैंड पाल, सुसन कोलिन्स व लिसा मुर्कोव्स्की ने टैरिफ को 'असंवैधानिक, अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक और कूटनीतिक रूप से खतरनाक' बताया था। टैरिफ के चलते अप्रत्याशित तौर पर अमेरिकी बान्ड्स की बिकवाली शुरू हो गई थी। क्रूड की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई, यह कोरोना काल जैसी स्थिति बन रही थी। वाल स्ट्रीट के बैंकों ने टैरिफ के चलते अमेरिका में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ने और मंदी आने की चेतावनी दी थी। अमेरिका चीन से 440 अरब डालर का आयात करता है। इस पर उसने 124 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। चीन से प्रोडक्ट्स मंगवाने वाली अमेरिकी कंपनियों के लिए अब इसका विकल्प खोजना बड़ी चुनौती बन रहा था। ऐसे में बाकी देशों पर टैरिफ रोकना इन कंपनियों की सप्लाई चेन के लिए जरूरी था। ऐलान होते ही अमेरिकी शेयर बाजार में 10प्रतिशत तक तेजी टैरिफ रोकने के ऐलान से 4 घंटे पहले ही ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि दिस इज ए ग्रेट टाइम टु बाय (यह खरीदी का बहुत अच्छा समय है)। इसके बाद जैसे ही ट्रम्प ने रेसिप्रोकल टैरिफ रोकने की घोषणा की, शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। डाऊ जोंस 2,600 अंक (7.1प्रतिशत) से अधिक उछला। एस-पी 500 में 9.5 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। नैस्डैक 1536 अंक या 10.3प्रतिशत बढ़ा। नैस्डेक में यह बढ़त 2008 की मंदी के बाद सबसे बड़ी है। वहीं, एपल, एनवीडिया, टेस्ला जैसी कंपनियों के शेयर में भी उछाल देखा गया। सबसे ज्यादा बढ़त 20.01 प्रतिशत टेस्ला में हुई। बिटकाइन में भी 6 प्रतिशत बढ़त हुई। मालूम हो, एक दिन पहले ही टैरिफ वार से घबराए दुनियाभर के बाजार 4 प्रतिशत तक गिर गए थे। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प ने उन देशों को टैरिफ वापस लेकर प्रोत्साहित किया है, जिन्होंने बढ़ते ट्रेड वार के बीच अमेरिका के खिलाफ मोर्चा नहीं खोला। चूंकि चीन ने बुधवार को ही अमेरिका पर टैरिफ 34 प्रतिशत से बढ़ाकर 84 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। इसलिए ट्रम्प ने चीन पर टैरिफ 104 प्रतिशत से 125 प्रतिशत कर दिया।

### जवाबी कर: चीन ने झुकने से किया इन्कार

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका की ओर से लगाए जा रहे जवाबी कर के मामले में झुकने से एक बार फिर इन्कार किया है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चीन पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कोरियाई युद्ध के दौरान चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व नेता माओ त्से तुंग का एक पुराना वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में माओ अमेरिका से कह रहे हैं कि चाहे यह युद्ध कितना भी लंबा क्यों न चले, हम कभी झुकेंगे नहीं। निग ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि हम चीनी हैं, हम उकसावे से नहीं डरते और हम पीछे नहीं हटेंगे। उल्लेखनीय है कि चीन और अमेरिका दोनों देशों के बीच जवाबी कर लगाये जाने के मामले में होड़ चल रही है और दोनों देश एक-दूसरे पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगा रहे हैं।

## फलस्तीन राष्ट्र को जून तक मान्यता दे सकता है फ्रांस



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि उनका देश आगामी जून तक फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दे सकता है। मैक्रों ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह-अल सीसी और जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला के साथ गाजा युद्ध पर व्यापक बातचीत करने के लिए हाल ही में मिस्र की राजधानी काहिरा की यात्रा की है। उन्होंने फ्रांस 5 टेलीविजन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हमें फलस्तीन राष्ट्र की मान्यता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए और हम आने वाले महीनों में ऐसा करेंगे। मैं किसी को खुश करने के लिए ऐसा नहीं कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा करने का यह सही समय है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि और क्योंकि मैं एक सामूहिक गतिशीलता में भी भाग लेना चाहता हूं, जिससे फलस्तीन का बचाव करने वाले देश इजरायल को मान्यता दें, क्योंकि उनमें से कई ऐसा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जून में सऊदी अरब के साथ इस सम्मेलन की अध्यक्षता करना है, जहां हम कई पक्षों द्वारा पारस्परिक मान्यता (फलस्तीनी राष्ट्र की) के इस आंदोलन को अंतिम रूप दे सकते हैं। फलस्तीन को हालांकि, लगभग 150 देशों द्वारा एक संप्रभु देश के रूप में मान्यता दी गई है, लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान सहित अधिकांश प्रमुख पश्चिमी शक्तियों ने इसे मान्यता नहीं दी है।

## इजरायली हमलों में 35 मरे



**गाजा।** गाजा शहर के शुजाया इलाके में आवासीय भवनों पर इजरायली हवाई हमलों में गुरुवार को कम से कम 35 फलस्तीनी मारे गए। अल जजीरा ने यह रिपोर्ट दी। हवाई हमलों में 55 लोग घायल भी हुए, जबकि 80 लोगों के मलबे में दबे होने की खबर है। हमले के एक गवाह ने इजरायली बमबारी को 'नरसंहार' करार दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि घायलों का इलाज कर रहे अस्पताल ने रक्तदान की अपील की है। चिकित्सा चैरिटी संस्था डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स का कहना है कि इजरायली हमला दक्षिणी गाजा के तथाकथित सुरक्षित क्षेत्र अल-मवासी में स्थित उसके क्लीनिक के निकट हुआ।

## डोमिनिकन रिपब्लिक के नाइटक्लब में हादसा

सेंटो डोमिंगो, वार्ता

### अब तक 184 की मौत, कई मशहूर हस्तियां भी शामिल

**डोमिनिकन** रिपब्लिक की राजधानी, सेंटो डोमिंगो में एक नाइटक्लब की छत गिरने से मारे गए लोगों का आंकड़ा 184 हो गया है।

इस हादसे में इस देश की कई प्रमुख हस्तियों ने अपनी जान गंवा दी है।48 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। 7 अप्रैल की रात 'जेट सेट नाइटक्लब' की छत गिरने से ये हादसा हुआ। इस दौरान वहां मशहूर सिंगर रबी पेरेज परफार्म कर रहे थे। सोशल मीडिया पर इस हादसे से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें परेज की परफार्मेंस के दौरान पहले छत से धूल गिरने लगी, और फिर अचानक पूरी छत ढह गई। इस हादसे में सिंगर पेरेज की भी मौत हो गई है। उनका शव शुक्रवार सुबह बरामद हुआ। परेज के साथ सैक्सोफोन बजाने वाले लुइस सोलिस की भी मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 54 शवों की पहचान हो पाई है। इसमें मोंटेक्रिस्टी प्रांत की गवर्नर नेल्सी क्रूज का नाम भी है। नेल्सी क्रूज सात बार मेजर लीग बेसबाल आल-स्टार रहे नेल्सन क्रूज की बहन भी हैं।

## शेख हसीना और बेटी की मुश्किलें बढ़ीं

### बांग्लादेश की अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में दोनों का जारी किया एक और गिरफ्तारी वारंट



**मामले को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की ओर से दायर चार्जशीट को ढाका मेट्रोपालिटन सीनियर स्पेशल जज जाकिर हुसैन गालिब ने स्वीकार कर लिया**

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ रही हैं। बांग्लादेश की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ एक और गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

इसमें उन पर धोखाधड़ी से आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की ओर से दायर चार्जशीट को ढाका मेट्रोपालिटन सीनियर स्पेशल जज जाकिर हुसैन गालिब ने स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने कहा कि आरोपी फरार हैं, इसलिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के अभियोजक मीर अहमद सलाम ने बताया कि मेट्रोपालिटन सीनियर स्पेशल जज मोहम्मद जाकिर हुसैन गालिब ने वारंट जारी किया है। न्यायाधीश ने आयोग को पुरबाचल इलाके में राजुक द्वारा पट्टे पर दी गई जमीन से जुड़े आरोप की सुनवाई के लिए चार मई को अपनी जांच रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री और अन्य सह-आरोपियों के खिलाफ 12 जनवरी, 2025 को मामला दर्ज किया था। चार्जशीट के मुताबिक साइमा वाजेद पुतुल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री और अपनी मां हसीना को प्लाट पाने और आरएजेयूके के बजाय उनके लिए आवेदन करने के लिए अवैध रूप से प्रभावित किया था। यह नियमों का उल्लंघन था। एसीसी ने आरोप लगाया कि यह जानते हुए कि वह और उनके परिवार के सदस्य ढाका शहर में राजुक के अधिकार क्षेत्र में एक घर या फ्लैट या आवास सुविधा के मालिक हैं, फिर भी पुतुल ने ऐसा किया। पुतुल वर्तमान में एक नवम्बर, 2023 से नई दिल्ली में स्थित विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्य कर रही हैं।

### बांग्लादेश को भारी नुकसान, एक्सपोर्ट लागत बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश को दी जानी वाली माल ट्रांसफर फैसिलिटी (ट्रांस-शिपमेंट सुविधा) वापस ले ली है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने 8 अप्रैल को सर्कुलर जारी कर इस फैसले के बारे में बताया। 2020 से जारी इस व्यवस्था के अंतर्गत बांग्लादेश को भारतीय कस्टम स्टेशनों के जरिए अपने एक्सपोर्ट्स कार्गो को तीसरे देशों में बंदरगाहों और एयरपोर्ट तक भेजने की परमिशन थी। दरअसल, बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस ने कुछ दिन पहले चीन दौरे पर भारत के नार्थ ईस्ट राज्यों को लैंडलाक्ड (चारों और भूमि से घिरे हुए) बताया था, जिसके बाद दोनों देशों में डिप्लोमैटिक तनाव देखने को मिला था। बांग्लादेशी एक्सपोर्टर्स को देना पड़ेगी ऊंची लागत ट्रेड एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के इस फैसले से बांग्लादेशी एक्सपोर्ट्स बुरी तरह प्रभावित होगा। ग्लोबल रिसर्च इनीशिएटिव के फाउंडर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि ट्रांस-शिपमेंट सुविधा के जरिए भारत ने बांग्लादेश को एक व्यवस्थित रास्ता दिया था। इससे बांग्लादेशी माल की ढुलाई लागत और समय दोनों में कटौती हुई थी।

## नवाज शरीफ से बलूचिस्तान में उग्रवाद रोकने की अपील

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से बलूचिस्तान में उग्रवाद से निपटने का आग्रह किया गया है, जो मुद्दों का समाधान करने के प्रयासों के बावजूद दिन-प्रतिदिन बदतर होता जा रहा है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के अनुसार, यह आह्वान नेशनल पार्टी (एनपी) के प्रतिनिधिमंडल की ओर से किया गया, जिसका नेतृत्व पार्टी अध्यक्ष डॉ. अब्दुल मलिक बलूच ने किया। यह आह्वान बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) के धरने के बीच किया गया, जो बुधवार को लगातार 12वें दिन में प्रवेश कर गया।

'डॉन' के अनुसार, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष नवाज शरीफ ने बलूचिस्तान के मुद्दों के लिए राजनीतिक समाधान का आह्वान किया है और अशांति से ग्रसित प्रांत में शांति को बढ़ावा देने में एक प्रमुख राजनीतिक एवं लोकतांत्रिक भूमिका निभाने का वादा किया है। शरीफ ने यह बयान बलूचिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल पार्टी के अध्यक्ष अब्दुल मलिक बलूच के साथ बुधवार को उनके जाति उमरा स्थित आवास पर बैठक के दौरान दिया। इससे पहले मंगलवार को सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने विदेशी निवेशकों को आश्वासन दिया था कि पाकिस्तान खनिज समृद्ध प्रांत में बढ़ती अशांति के बीच उनके हितों की रक्षा के लिए मजबूत सुरक्षा प्रदान करेगा। बलूचिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि शरीफ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह प्रांत के मामलों में व्यक्तिगत रूप से रुचि लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने शरीफ से कहा कि बलूचिस्तान के मौजूदा हालात को देखते हुए उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

**बलूचिस्तान के मौजूदा हालात को देखते हुए शरीफ की भूमिका महत्वपूर्णः अब्दुल मलिक बलूच**



## मेक्सिको में प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच संघर्ष, 11 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के दक्षिणी प्रांत गुएरेरो में संदिग्ध प्रतिद्वंद्वी आपराधिक समूहों के बीच गोलीबारी में 11 लोग मारे गए हैं। गुएरेरो राज्य अभियोजक कार्यालय के एक बयान के अनुसार, कोस्टा चिका क्षेत्र स्थित टेकोनापा नगरपालिका के रैंचो विएजो इलाके में मंगलवार देर रात 11 पुरुषों के शव पाए गए। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, हिंसा आपराधिक संगठनों के बीच क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर हुए संघर्ष से उत्पन्न हुई। सरकारी जांचकर्ता और फॉरेंसिक टीमों को आधिकारिक कार्यवाही के लिए घटनास्थल पर भेजा गया।

## सिंधु नदी के सूखने पर पीपीपी सदस्य शेरी चिंतित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की सदस्य शेरी रहमान ने सिंधु नदी में जल स्तर में ऐतिहासिक रूप से कमी आने के बाद इसे राष्ट्रीय मुद्दा करार देते हुए आग्रह किया है कि इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। 'डॉन' के अनुसार, पूर्व जलवायु परिवर्तन मंत्री ने तत्काल कार्रवाई का आह्वान करते हुए इस बात पर बल दिया कि स्थिति अब राष्ट्रीय आपातकाल बन गई है। जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण समन्वय पर सीनेट की स्थायी समिति की प्रमुख सीनेटर रहमान ने चेतावनी देते हुए कहा कि सिंधु नदी हमारी आंखों के सामने सूख रही है। यह दोषारोपण का समय नहीं है। जलवायु परिवर्तन ही दुश्मन है-एक-दूसरे नहीं। जलवायु परिवर्तन में तेज़ी आने के कारण बारिश में 40 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap
For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance
Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By
Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite
Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor